सच, सिर्फ सच **

# वॉयस ऑफ लखनऊ

बुधवार, 30 अक्टूबर, 2024 लखनऊ, महानगर, वर्ष 19, अंक 295, पेज 16, 3.50 रुपये

www.facebook.com/volepaper voiceoflucknow@gmail.com www.voiceoflucknow.com



## सेंसेक्स में 364 अंकों की उछाल

स्थानीय शेयर बाजार में तेजी का सिलसिला लगातार दूसरे दिन भी जारी रहा और बीएसई सेंसेक्स 364 अंक और चढ़ गया। } 14

## सरदार पटेल को भारत रत्न से लंबे समय तक वंचित रखा : शाह

केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने कहा कि सरदार वल्लभ भाई पटेल के देश के प्रति महान योगदान को मिटाने और कम करके दिखाने के प्रयास किये गये तथा उन्हें लंबे समय तक भारत रत्न से वंचित रखा गया। } 16

## धनतेरस पर बाजार में हुई धनवर्षा

विशेष संवाददाता

लखनऊ। धनतेरस पर राजधानी के बाजार में सोने और चांदी के भावों में बढ़ोतरी का कोई असर नहीं दिखा। महंगाई के बावजूद बंपर कारोबार

- लोगों ने की 3700 करोड़ रुपये की खरीदारी

हुआ और बाजार पर खरीदारों ने जमकर धनवर्षा की। प्रमुख बाजारों में खरीदारों की खासी भीड़ रही। सरार्फा, कपड़ा, आटोमोबाइल, फर्नीचर, किराना, इलेक्ट्रॉनिक्स और इलेक्ट्रिक उत्पाद के अलावा दीवाली के अवसर पर पूजन सामग्री, लाई, दीये, बताशे, मिठाई, पोस्टर जैसी छोटी-छोटी चीजों की भी जमकर खरीद हुई। शुभ मुहूर्त में लोगों ने नए वाहन, सोने चांदी के जेवर, कपड़े, फुटवियर, पूजा पाठ की सामग्री, साज-सज्जा के उत्पाद



सर्राफा बाजार में धनतेरस पर आभूषणों की खरीदारी करतीं महिलाएं फोटो : अमित वर्मा

खरीदे। शुभ मुर्हुत में लोगों ने सोने चांदी, डायमंड की ज्वेलरी खरीदी है, इस दिन सोने चांदी के आभूषण खरीदने की मान्यता है। चांदी के सिक्के भी खरीदे गए। देर रात तक शहर में ग्राहकों की भीड़ रही। कारोबारियों के अनुसार बाजार में लगभग 3700 करोड़ रुपये का कारोबार हुआ। 15 लाख तक से अधिक के डायमंड में पोलकी और ...शेष पृष्ठ 14 पर

## आज लाखों दीयों से जगमगायेगी राम नगरी अयोध्या

### दीपोत्सव पर बनेंगे तीन नये विश्व रिकॉर्ड, मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ राम की पैड़ी में जलायेंगे दीये

विशेष संवाददाता

लखनऊ। रामलला की प्राण प्रतिष्ठा के बाद पहले दीपोत्सव पर अयोध्या एक नहीं तीन नए विश्व रिकॉर्ड बनाएगी। 25 लाख दीयों के एक साथ जलने का तो नया कीर्तिमान बनेगा ही। इसके साथ इस बार गिनीज बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड में दो नए अध्याय जुड़ेंगे। इसमें पहली बार सरयू तट पर 1100 अर्चकों की ओर से दीपोत्सव की शाम एक साथ महाआरती की जाएगी। इस महाआरती में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ भी शामिल होंगे। इस महाआरती का सोमवार की रात सरयू तट पर पहला रिहर्सल किया गया। इसके अलावा ग्रीन आतिशबाजी के माध्यम से तीसरा विश्व रिकॉर्ड बनेगा। यह ग्रीन



अयोध्या में दीपोत्सव की तैयारियां अंतिम चरण में, विश्व रिकॉर्ड बनाने की तैयारी

आतिशबाजी सरयू पुल पर होगी। इसका दीदार मुख्यमंत्री समेत देश और दुनिया करेगी। तीन दिवसीय दीपोत्सव का सोमवार को आगाज हुआ तो त्रेतायुग जैसी सजी अयोध्या का दर्शन कर सभी निहाल हो उठे। दो किलोमीटर तक हुई भव्य सजावट से अयोध्या की शोभा देखते ही बन रही है। उदया चौराहे से लेकर नयाघाट तक, धमर्पथ से लेकर सरयू पुल तक रामकथा के दृश्य सजीव प्रतीत होते दिख रहे हैं। लेजर शो व सांस्कृतिक कार्यक्रमों की बहुरंगी छटा बिखरने लगी है। इस बार 25 लाख दीप जलाकर अयोध्या नया इतिहास रचने को आतुर है। उल्लास और भगवान श्रीराम की स्तुति व भजनों से रामनगरी राममय हो उठी है। शाम होते ही राम की पैड़ी से लेकर ...शेष पृष्ठ 14 पर

## संक्षेप

### झारखंड : सरकारी अफसरों के ठिकानों पर ईडी का छापा

रांची। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने एक कथित आबकारी घोटाले से जुड़े धन शोधन के एक मामले की जांच के तहत भारतीय प्रशासनिक सेवा (आईएएस) अधिकारी विनय कुमार चौबे, कुछ अन्य सरकारी अधिकारियों और झारखंड एवं छत्तीसगढ़ में कई शराब व्यापारियों एवं बिचौलियों से संबद्ध परिसरों पर छापेमारी की। अधिकारियों ने बताया कि संघीय जांच एजेंसी के झारखंड कार्यालय द्वारा धन शोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए) के तहत हाल में एक आपराधिक मामला दर्ज किए जाने के बाद रांची और रायपुर में 15 परिसरों पर छापे मारे जा रहे हैं। छापेमारी के दौरान केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) के दलों ने प्रवर्तन निदेशालय के दलों को सुरक्षा प्रदान की। ईडी ने छत्तीसगढ़ पुलिस के भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो (एसीबी) द्वारा रायपुर में सात सितंबर को दर्ज की गई प्राथमिकी का संज्ञान लिया, जिसमें चौबे, छत्तीसगढ़ के सेवानिवृत्त आईएएस ...शेष पृष्ठ 14 पर

### तेल कंपनियों की डीलरों को बड़ी सौगात

नई दिल्ली। धनतेरस पर तेल वितरण कंपनियों (ओएमसी) ने पेट्रोल और डीजल पंप डीलरों को बड़ी सौगात दी है। तेल कंपनियों ने पेट्रोल और डीजल पंप डीलरों को कमीशन बढ़ाने का फैसला किया है। नया कमीशन 30 अक्तूबर से लागू होगा। तेल कंपनियों ने कहा है कि डीलरों का कमीशन बढ़ने के बाद भी डीजल-पेट्रोल के दाम नहीं बढ़ेंगे। वहीं इंडियन ऑयल ने अंतरराज्यीय माल ढुलाई को सुगम बनाया है। इससे राज्यों के भीतर विभिन्न बाजारों में पेट्रोल-डीजल के खुदरा बिक्री मूल्य में कमी आएगी। इंडियन ऑयल की ओर एक्स पर पोस्ट किया गया कि लंबे समय से चल रहे मुकदमे के बाद डीलर मार्जिन में संशोधन (30 अक्टूबर 2024 से प्रभावी) करने की घोषणा करते हुए खुशी हो रही है।



**आज का मौसम**

अधिकतम : 31.06डिसे.
न्यूनतम : 23.04डिसे.

**भीतर पढ़ें**

- आधार का प्रयोग कर शुरू होगी 'जीरोपॉवर्टी स्कीम' (पृष्ठ-02)
- छोटे-मोटे राजस्व विवादों का जल्द होगा निपटारा (पृष्ठ-02)
- दुनिया में कच्चे तेल की कोई कमी नहीं : पुरी (पृष्ठ-14)
- अमेरिकी डॉलर के मुकाबले रुपया 84.07 पर (पृष्ठ-14)
- हेलमेट पर जीएसटी की दर शून्य करने की मांग (पृष्ठ-14)

# यूपी से खत्म किया माफियाराज : योगी

## आज माफिया और अपराधी नहीं कर सकते कानून से खिलवाड़, देश-दुनिया के लोग यूपी में निवेश के लिए हो रहे आकर्षित

विशेष संवाददाता

लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने पूर्ववर्ती सरकारों की व्यवस्था पर तंज कसते हुए मंगलवार को दावा किया कि आज कोई भी माफिया और अपराधी कानून से खिलवाड़ नहीं कर सकता है।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ मंगलवार को गोमतीनगर स्थित होटल ताज में आयोजित एक न्यूज चैनल के शिखर सम्मेलन को संबोधित कर रहे थे। यहां जारी एक आधिकारिक बयान के अनुसार योगी ने कहा कि साढ़े सात वर्ष पहले उत्तर प्रदेश के सामने पहचान का संकट खड़ा हो गया था। प्रदेश की पहचान देश और दुनिया में दंगे, दुर्दांत माफिया, माफिया गिरोह, राजनीति के अपराधीकरण और शासन के भ्रष्टाचार के रूप में हो गयी थी। इसकी वजह से प्रदेश के युवाओं के सामने नौकरी, सम्मान और स्वाभिमान का संकट खड़ा हो गया था। मौजूदा माहौल पर उन्होंने कहा कि आज प्रदेश में निवेश और पर्यटन के लिए अनुकूल माहौल




लौहपुरुष, भारत रत्न सरदार वल्लभ भाई पटेल की जयन्ती के उपलक्ष्य में रन फॉर यूनिटी को झंडी दिखाते मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ

है। यह केवल नीति और कारोबार सुगमता से ही संभव नहीं हुआ है, बल्कि इसके लिए प्रदेश सरकार ने चरणबद्ध तरीके से कार्य किया। इसमें कतई बर्दाश्त नहीं करने की नीति की अहम भूमिका रही है। यही वजह है कि आज कोई भी माफिया और अपराधी कानून के साथ खिलवाड़ नहीं कर सकता है। अगर वह (माफिया) सोचता भी है तो कानून उसकी गर्दन पकड़ने का काम करेगा। अब प्रदेश में हर किसी को सुरक्षा का माहौल मिल रहा है। विपक्ष की पूर्ववर्ती सरकारों की ओर इशारा करते हुए योगी ने तंज किया कि प्रदेश में पर्व और त्योहार के नजदीक आते ही लोगों के मन में भय और दहशत पैदा हो जाती थी। उन्हें डर रहता था कि कब कहां दंगा हो जाए। वहीं आज प्रदेश दंगा और अराजकता मुक्त हो गया है। पहले जहां कोई निवेशक प्रदेश में निवेश नहीं करना चाहता था और जिसने निवेश भी किया था तो वह यहां से अपना कारोबार समेट कर भागने की फिराक में रहता था। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अपनी सरकार की उपलब्धियां गिनाते हुए कहा कि पिछले साढ़े सात वर्षों में प्रदेश की तस्वीर देश और दुनिया में बदली। आज देश और दुनिया के निवेशक प्रदेश में निवेश के लिए ...शेष पृष्ठ 14 पर

## राष्ट्ररूपी यज्ञ में योगदान देना भी हमारा दायित्व : मुख्यमंत्री

विशेष संवाददाता

लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि यदि कोई भारत की सुरक्षा पर सेंध लगाएगा, तो एक सजग नागरिक के रूप में हम मौन नहीं रह सकते। सुरक्षाबलों के बहादुर जवान अपनी जिम्मेदारी का ईमानदारीपूर्वक निर्वहन करते हैं। सुरक्षाबलों के जवानों के भरोसे के साथ ही, एक नागरिक कर्तव्य के रूप में हमारा भी दायित्व है कि राष्ट्ररूपी यज्ञ में अपना योगदान दे। इसी योगदान का निर्वहन करने के लिए आज हम रन फॉर यूनिटी का हिस्सा बन रहे हैं। मुख्यमंत्री मंगलवार को अपने सरकारी आवास पर महान स्वतंत्रता संग्राम सेनानी, लौहपुरुष, भारत रत्न सरदार वल्लभ भाई पटेल की जयन्ती के उपलक्ष्य में एक भारत-श्रेष्ठ भारत को समर्पित फ्रीडम रन (रन फॉर यूनिटी) के शुभारम्भ के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में अपने विचार व्यक्त कर रहे थे। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने सभी को राष्ट्रीय एकता दिवस की ...शेष पृष्ठ 14 पर

## केरल के मंदिर में लगी आग, 150 लोग झुलसे

कासरगोड (केरल)। केरल में सोमवार देर रात को नीलेश्वरम के पास एक मंदिर में थेय्यम प्रस्तुति के दौरान आग लगने की घटना में 150 से अधिक लोग घायल हो गए। पुलिस ने मंगलवार को यह जानकारी देते हुए बताया कि इनमें से 10 लोग गंभीर रूप से घायल हुए हैं।

पुलिस ने कहा कि आग लगने का वास्तविक कारण अभी ज्ञात नहीं है। लेकिन प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि आतिशबाजी के दौरान पटाखों से निकली चिंगारी पास में रखे पटाखों के भंडार में गिरी जिससे विस्फोट हुआ और थेय्यम प्रस्तुति देख रहे लोगों में दहशत फैल गई। घटना केरल के उत्तरी जिले कासरगोड में नीलेश्वरम के निकट वीरारकावू मंदिर में हुई। आधिकारिक सूत्रों ने बताया कि मंगलवार रात करीब एक बजे वीरारकावू मंदिर में मुलंकुली चामुंडी थेय्यम उत्सव हो रहा था और बड़ी संख्या में श्रद्धालु मौजूद थे। नीलेश्वरम पुलिस ने आतिशबाजी से दुर्घटना के संबंध में विस्फोटक पदार्थ अधिनियम और भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज किया है। पुलिस के एक वरिष्ठ ...शेष पृष्ठ 14 पर

## युवाओं को रोजगार मुहैया कराने को प्रतिबद्ध : मोदी

### 51,000 से अधिक अभ्यर्थियों को प्रधानमंत्री ने बांटे नियुक्ति पत्र

एजेंसी

नयी दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने मंगलवार को कहा कि उनकी सरकार अधिक से अधिक युवाओं को रोजगार मुहैया कराने के लिए प्रतिबद्ध है तथा अब ऐसी व्यवस्था बनाई जा रही है, जिससे हर युवा को अवसर मिले और वे अपनी आकांक्षाओं को पूरा कर सकें। यहां रोजगार मेले के तहत वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से आयोजित एक कार्यक्रम में हाल में चयनित 51,000 से अधिक अभ्यर्थियों को नियुक्ति पत्र वितरित करने के बाद प्रधानमंत्री ने उन्हें संबोधित किया।

प्रधानमंत्री ने अपने संबोधन में रोजगार के नए अवसरों को सृजित करने के लिए नयी प्रौद्योगिकियों और अंतरिक्ष तथा सेमीकंडक्टर जैसे




आधुनिक क्षेत्रों को बढ़ावा देने के अपनी सरकार के प्रयासों के बारे में बात की। मोदी ने कहा कि पूर्ववर्ती सरकारों में नीति और नीयत का अभाव था जिसकी वजह से भारत आधुनिक प्रौद्योगिकियों समेत उभरते क्षेत्रों में दुनिया से पीछे होता जा रहा था। उन्होंने कहा कि तब पुरानी और अनुपयोगी हो चुकी तकनीकों को देश में लाया जाता था। उन्होंने कहा एक मानसिकता मौजूद थी जो मानती थी कि आधुनिक प्रौद्योगिकियां हमारे देश में विकसित नहीं हो सकतीं। इस मानसिकता ने हमें बहुत नुकसान पहुंचाया। उन्होंने जोर देकर कहा कि अगर आधुनिक दुनिया में रोजगार पैदा करने वाले उद्योग देश में नहीं होते हैं तो रोजगार के नए अवसर पैदा करना मुश्किल होता है।

मोदी ने कहा हमने देश को पिछली सरकारों की पुरानी मानसिकता से मुक्त करने के लिए काम शुरू किया। उन्होंने कहा कि सरकार की नीतियों और फैसलों का असर सीधे तौर पर रोजगार पर पड़ता है। साल 2022 में प्रधानमंत्री ने रोजगार मेला योजना की शुरुआत की थी। इसके तहत अब तक 7.5 लाख लोगों को सरकारी नौकरियों के लिए नियुक्ति पत्र सौंपा जा चुका है। प्रधानमंत्री ने ...शेष पृष्ठ 14 पर

## अधिवक्ताओं पर लाठीचार्ज, 13 घायल

### गाजियाबाद की अदालत में न्यायाधीश से बहस के बाद हंगामा

जिला संवाददाता

गाजियाबाद। जिले की एक अदालत में मंगलवार को अधिवक्ताओं और पुलिसकर्मियों के समूहों के बीच झड़प हो गई, जिसमें कथित तौर पर कुछ अधिवक्ता घायल हो गए और स्थानीय पुलिस चौकी में आगजनी की गई। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। गाजियाबाद में राज नगर इलाके में सुबह करीब 11 बजे जिला एवं सत्र न्यायालय परिसर के अंदर अग्रिम जमानत के एक मामले की सुनवाई को लेकर सत्र न्यायाधीश और अधिवक्ता के बीच बहस के बाद अफरा-तफरी मच गई।

घटना के वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहे हैं जिसमें अदालत परिसर में अधिवक्ताओं और लाठी



लिए पुलिसकर्मियों के बीच झड़प होती दिखाई दे रही है। गाजियाबाद के पुलिस आयुक्त अजय कुमार मिश्रा ने बताया कि वकीलों के एक समूह ने जमानत याचिका की सुनवाई के दौरान जिला न्यायाधीश पर दबाव डालने की कोशिश की और हमला करने का प्रयास किया। बाद में एक स्थानीय पुलिस चौकी में भी आग लगा दी गई। एक अधिवक्ता ...शेष पृष्ठ 14 पर

**विशेष खबर** सैन्य वापसी के पूर्ण होने के बाद टकराव वाले क्षेत्रों में शुरू हो जायेगी गश्त, नष्ट होंगे अस्थायी निर्माण

## डेमचोक-देपसांग से पीछे हटीं भारत व चीन की सेनाएं

एजेंसी

नयी दिल्ली। भारत और चीन के बीच एक महत्वपूर्ण समझौते के बाद पूर्वी लद्दाख में डेमचोक और देपसांग नामक दो टकराव बिंदुओं से सैनिकों की वापसी अंतिम चरण में है। आधिकारिक सूत्रों ने मंगलवार को यह बात कही।

सेना के सूत्रों ने 25 अक्टूबर को कहा था कि सैन्य वापसी की प्रक्रिया 28-29 अक्टूबर तक पूरी होने की संभावना है। उन्होंने कहा था कि समझौते की रूपरेखा पर पहले राजनयिक स्तर पर हस्ताक्षर किए गए और फिर सैन्य स्तर की बातचीत हुई। सेना के सूत्रों ने यह भी कहा था कि कोर कमांडर-स्तरीय वार्ता में समझौते की बारीकियों पर काम किया गया, जिस पर पिछले सप्ताह हस्ताक्षर किए गए थे। दोनों पक्षों के बीच समझौतों के अनुपालन में भारतीय सैनिकों ने इन क्षेत्रों में अपने उपकरणों को पीछे ले जाना शुरू कर दिया था।



संबंधित प्रक्रिया के बारे में मंगलवार को एक अधिकारी ने कहा कि दोनों टकराव बिंदुओं से वापसी अंतिम चरण में है। सूत्रों ने पिछले सप्ताह कहा था कि समझौता केवल इन दो टकराव बिंदुओं के लिए हुआ था और अन्य क्षेत्रों के लिए बातचीत अभी भी जारी है। उन्होंने कहा है कि पिछले हफ्ते शुरू हुई सैन्य वापसी के पूर्ण होने के बाद इन क्षेत्रों में गश्त शुरू हो जाएगी और दोनों पक्ष अपने-अपने सैनिकों को हटा देंगे तथा अस्थायी संरचनाओं को नष्ट कर देंगे। सूत्रों ने कहा कि इन क्षेत्रों में गश्त की स्थिति को अप्रैल 2020 से पहले के स्तर पर वापस ले जाने की उम्मीद है। इस संबंध में एक सूत्र ने कहा कि गश्त सशस्त्र कर्मियों द्वारा की जाएगी और ध्वस्त की जाने वाली संरचनाओं में अस्थायी शेड तथा तंबू शामिल हैं। यह प्रक्रिया पूर्वी लद्दाख में वास्तविक नियंत्रण रेखा (एलएसी) पर गश्त और सैनिकों की वापसी पर दोनों देशों के बीच हुए समझौते के बाद हो रही है। यह चार साल से अधिक समय से चले आ रहे गतिरोध को समाप्त करने की दृष्टि से एक बड़ी सफलता है। जून 2020 में गलवान घाटी में भीषण झड़प के बाद दोनों एशियाई शक्तियों के बीच संबंध खराब हो गए थे। यह दशकों में दोनों पक्षों के बीच सबसे गंभीर सैन्य संघर्ष था।

## आभूषण की डकैती का मामला : एक लाख का इनामी अंकित गिरफ्तार

जिला संवाददाता

सुलतानपुर। उत्तर प्रदेश पुलिस के विशेष कार्यबल (एसटीएफ) ने सुलतानपुर जिला मुख्यालय के कोतवाली नगर क्षेत्र में एक आभूषण की दुकान पर हुई डकैती के मामले में वांछित एक लाख रुपये के इनामी बदमाश को गिरफ्तार किया है।

पुलिस के एक अधिकारी ने मंगलवार को यह जानकारी दी। अपर पुलिस अधीक्षक अखंड प्रताप सिंह ने बताया कि एसटीएफ द्वारा सोमवार को एक लाख के इनामी बदमाश अंकित यादव को छिवकी रेलवे स्टेशन से गिरफ्तार कर कोतवाली नगर पुलिस के हवाले किया गया। एएसपी ने बताया कि इस बदमाश के पास से 755 ग्राम चांदी और कुछ नकदी बरामद की गई और विधिक प्रक्रिया पूरी कर उसे जेल भेजने के साथ अग्रिम कार्रवाई की जा रही है। पुलिस के अनुसार कोतवाली नगर के चौक ठठेरी बाजार में इसी साल 28 अगस्त को दिनदहाड़े हथियारों के बल पर बदमाशों ने भरत जी आभूषण की दुकान से सवा करोड़ के जेवरात की डकैती की था।

कोतवाली नगर में अज्ञात बदमाशों के विरुद्ध मामला दर्ज किया गया था। उत्तर प्रदेश एसटीएफ के साथ अयोध्या, सुलतानपुर का विशेष अभियान समूह (एसओजी) और अमेठी-सुलतानपुर की पुलिस टीम आरोपियों की धरपकड़ में लगी हुई थी।

# 80 हजार दीपों से बना स्वास्तिक पूरे विश्व को देगा शुभता का संदेश

## दीपोत्सव में विश्व कीर्तिमान बनाने के लिए योगी सरकार के 30 हजार वालेंटियर्स दीया सजाने सरयू घाटों पर जुटे

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ/अयोध्या।** दीपोत्सव 2024 को लेकर एक ओर जहां योगी सरकार की तैयारियां अंतिम चरण में हैं, वहीं डॉ राममनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय की कुलपति प्रो प्रतिभा गोयल ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के मंशानुरूप दीपोत्सव-2024 को ऐतिहासिक बनाने के लिए सरयू के 55 घाटों पर भारी भरकम टीम उतार दी है। दो हजार से अधिक पर्यवेक्षक, समन्वयक, घाट प्रभारी, दीप गणना व अन्य सदस्यों की देखरेख में 30 हजार से अधिक वालंटियर घाटों पर 28 लाख दीपों को सजाने का कार्य कर रहे हैं। इसके साथ ही 80 हजार दीपों से वालंटियर द्वारा राम की पैड़ी के घाट नम्बर 10 पर प्रतीक के रूप में स्वास्तिक बना रहे हैं। यह दीपोत्सव आकर्षण का केन्द्र होने के साथ पूरे विश्व को शुभता का संदेश देगा। इसके लिए 150 से अधिक वालंटियर लगाये गए है।

- **सरयू के 55 घाटों पर दूसरे दिन वालंटियर्स द्वारा 10 लाख से अधिक दीये सजाये गये**

**गूंज रहा जय श्रीराम का जयघोष :** दीपोत्सव में विश्व कीर्तिमान बनाने के लिए दूसरे दिन विश्वविद्यालय परिसर एवं अन्य संस्थानों के वालंटियर जय श्रीराम के जयघोष के साथ राम की पैड़ी रवाना किए गए। सभी वालंटियर ने गले में क्यूआर कोड से लैस आईकार्ड, टी-शर्ट व कैप में घाटों पर दीपों को सजाना शुरू किया गया। बीच-बीच में वालंटियर द्वारा जय श्रीराम के नारे गूंजते रहे और 16 गुणे 16 का दीयों का ब्लाक बना रहे है जिनमें 256 दीए सजा रहे है।

**वालेंटियर्स के लिए समुचित व्यवस्था :** छोटी दीपावली के दिन 30 अक्टूबर को 28 लाख दीयों में तेल, बाती लगाकर देर शाम प्रज्ज्वलित करने के साथ एक नया विश्व रिकार्ड कायम करेंगे। दूसरी ओर घाटों पर घाट प्रभारी व समन्वयक द्वारा समय-समय पर वालंटियर को दिशा-निर्देश प्रदान किए जा रहे है। बहुत ही सावधानी से वालंटियर गत्तों से दीए निकालकर घाटों पर बिछाने का कार्य कर रहे है। इन वालंटियर को घाटों पर स्वच्छ पानी पीने की व्यवस्था सामग्री संयोजक प्रो सिद्धार्थ शुक्ला व प्रो गंगाराम मिश्र की



देखरेख में की गई है। सभी को स्वच्छ पानी उपलब्ध कराया जा रहा है। इसके अतिरिक्त वांलटियर के लिए भोजन की व्यवस्था भी की गई। भोजन समिति के संयोजक प्रो चयन कुमार मिश्र व उनके सहयोगियों द्वारा भजन संध्या स्थल पर वालंटियर को भोजन उपलब्ध कराया जा रहा है। दूसरी ओर विवि के उपकुलसचिव दिनेश कुमार मौर्य द्वारा नगर निगम की मदद से घाटों की स्वच्छता के लिए भारी भरकम टीम उतार दी गई है। इनके द्वारा घाटों की साफ-सफाई कराई जा रही है।

दीपोत्सव नोडल अधिकारी प्रो संत शरण मिश्र ने बताया कि दीपोत्सव के विश्व कीर्तिमान के लिए विवि परिसर सहित 14 महाविद्यालय, 37 इण्टर कालेज, 40 एनजीओ के 30 हजार वालंटियर लगाये गए है। सरयू के 55 घाटों पर 30 एमएल दीए के 16 गुणे 16 का एक ब्लाक वालंटियर द्वारा बनाया जा रहा है। जिनमें 256 दीए बिछाये जा रहे है। दीपोत्सव के दिन 30 एमएल दीए में 30 एमएल सरसों को इस्तेमाल किया जायेगा। घाट प्रभारी व समन्वयक की देखरेख में बड़ी सावधानी से दीए में तेल डालने का काम करेंगे। दीए बिछाने का कार्य 28 अक्टूबर तक पूरा कर लिया जायेगा। 29 से घाटो पर लगे दीए की गणना की जायेगी। वही 30 अक्टूबर को घाटों पर लगे दीयों में बाती, तेल डालकर व प्रज्ज्वलन करके विश्व रिकार्ड बनायेंगे। दीपोत्सव की सफलता के लिए विश्वविद्यालय, सम्बद्ध महाविद्यालयों, इण्टर कालेज व स्वयंसेवी संस्थाओं की भारी भरकम टीम उतार दी गई है। सभी दीपोत्सव में विश्व कीर्तिमान बनाने के लिए युद्धस्तर पर कार्य को अंजाम दे रहे हैं।

### उत्तर प्रदेश व अन्य राज्यों के लोक कलाकार आज देंगे प्रस्तुती

लखनऊ। दीपोत्सव-2024 अत्यंत खास होगा, क्योंकि सीएम योगी के नेतृत्व में होने वाला दीपोत्सव पहली बार 'रामलला की मौजूदगी' में होगा। इस बार 25 लाख दीप प्रज्ज्वलित कर नया रिकॉर्ड बनाया जाएगा। योगी सरकार के मार्गदर्शन में इस दीपोत्सव में रामनगरी में अध्यात्म, परंपरा व संस्कृति का संगम दिखेगा। 30 अक्टूबर को रामकथा पार्क स्थित मुख्य मंच पर छह देशों के साथ ही उत्तराखंड की रामलीला का भी मंचन होगा। हनुमान चालीसा नृत्य नाटिका से आध्यात्मिक बयार भी मुख्य मंच पर ही बहेगी।

30 अक्टूबर को दीपोत्सव के मुख्य मंच रामकथा पार्क में छह देशों की रामलीला होगी। इसमें म्यामार, नेपाल, थाईलैंड, मलेशिया, कंबोडिया व इंडोनेशिया के कलाकार रामलीला का मंचन करेंगे। वहीं उत्तराखंड के कलाकारों की तरफ से रामलीला की प्रस्तुति भी मुख्य मंच पर ही होगी। सहारनपुर की रंजना नेव नृत्यमयी रामायण के जरिए आध्यात्मिक ऊर्जा का संचार करेंगी। आगरा की प्रीति सिंह (प्रीति के परिंदे) हनुमान चालीसा नृत्य नाटिका से संकटमोचन के चरणों में हाजिरी लगाएंगी। दिल्ली की मैत्रेय पहाड़ी व उनकी टीम श्रीरामचरितमाानस नारी शक्ति पर प्रस्तुति देंगी। लखनऊ की अपर्णा यादव का भजन गायन भी मुख्य मंच पर ही होगा। दीपोत्सव के मुख्य मंच पर यह सांस्कृतिक कार्यक्रम शाम सात बजे से होंगे।

30 अक्टूबर को दीपोत्सव पर अन्य राज्यों के कलाकारों की भी प्रस्तुति होगी। इसमें मध्य प्रदेश की निधि चौरसिया टीम बधावा, असम की सनहल देवी बीहू, महाराष्ट्र की श्रद्धा लावनी, तेलंगाना के श्रीधर विश्वकर्मा गुसादी, झारखंड के सृष्टिधर महतो व टीम छाऊ, बिहार की महिमा झिझिंया, राजस्थान की ममता देवी कालवेलिया/घूमर लोकनृत्य, जम्मू के मो. यसीन व टीम रउफ लोकनृत्य पर प्रस्तुति देंगे। हरियाणा के संदीप यादव व टीम घूमर, पंजबा के हरदीप सिंह व टीम भांगड़ा, नागपुर की शिवमुद्रा बहुद्देशीय संस्था की तरफ से ढोलताशा नृत्य होगा। गुजरात के नितिन दवे व टीम डांडिया-गरबा, हिमाचल प्रदेश के देवदत्त व टीम शिरमौर नाटी नृत्य, छत्तीसगढ़ के मिलाप दास बनजारे पंथी, सिक्किम के शरद चंद्र सिंह सिघी छम नृत्य, चंडीगढ़ के गुरपेंदर सिंह लुडी नृत्य, गोवा के महेश समयी लैंप नृत्य व ओडिशा के चित्रसेन व टीम गोटीपुआ नृत्य पर प्रस्तुति देंगे। यह कार्यक्रम सुबह 9 बजे से ही प्रारंभ हो जाएंगे।

# छोटे-मोटे राजस्व विवाद समझौते के आधार पर जल्द निपटेंगे

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** वरासत और नामांतरण को लेकर होने वाले विवादों को लेकर यूपी के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बड़ा फैसला लिया है। अब वरासत और नामांतरण के विवाद जल्द निपट सकेंगे। राजस्व परिषद छोटे-मोटे राजस्व विवादों संबंधी मामलों को समझौते के आधार पर निपटाने की व्यवस्था लागू करने जा रहा है। प्रदेश के राजस्व न्यायालयों में नामांतरण, वरासत दर्ज करने, पैमाइश कराने जैसे मामले लाखों की संख्या में विचाराधीन हैं।

राजस्व परिषद का मानना है कि ऐसे मामलों को आपसी समझौते और विशेष अदालत लगाकर निपटाया जा सकता है। इससे राजस्व न्यायालयों का भार कम होगा और लोगों को राहत भी मिलेगी। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने पिछले दिनों राजस्व परिषद और राजस्व विभाग के अधिकारियों के साथ बैठक में निर्देश दिया था कि राजस्व वादों के निस्तारण में तेजी लाकर लोगों को राहत दी जाए। राजस्व परिषद ने पिछले दिनों इसको लेकर विभागीय अधिकारियों की बैठक की थी। इसमें पाया गया कि सबसे अधिक मामले नामांतरण, वरासत दर्ज कराने के साथ पैमाइश कराने के आते हैं।

**राजस्व न्यायालय कंप्यूटरीकृत प्रबंधन प्रणाली पर मौजूदा स्थिति**

कुल न्यायालय 3058
कुल वाद 22.70 लाख
कुल निस्तारित वाद 21.41 लाख
कुल विचाराधीन 1.29 लाख
एक साल पुराने विचाराधीन 18000
तीन साल पुराने विचाराधीन 7000
पांच साल पुराने विचाराधीन 13000

इनमें से अधिकतर मामले सुनवाई के लिए महीनों रोक दिए जाते हैं। इसके चलते वादियों को परेशानियों का सामना करना पड़ता है और राजस्व वादों की संख्या लाखों में हो जाती है। राजस्व परिषद के एक अधिकारी के मुताबिक उच्च स्तर पर यह तय किया गया है कि नामांतरण, वरासत और पैमाइश कराने संबंधी मामलों का निस्तारण प्राथमिकता के आधार पर किया जाएगा। जिन मामलों में विवाद नहीं होगा या फिर उस पर छोटी मोटी आपत्तियां होंगी उसको समझौते के आधार पर निपटाया जाएगा।

राजस्व परिषद इस संबंध में जल्द ही सभी जिलाधिकारियों को निर्देश भेजने जा रहा है। इसके साथ ही राजस्व न्यायालय के लिए बनाए गए कंप्यूटरीकृत प्रबंधन प्रणाली पर रोजाना इसकी जानकारी भी दर्ज की जाएगी, जिससे लोगों को निस्तारित होने वाले मामलों की सूचना उन्हें मिल सके। राजस्व परिषद का मामला है छोटे-मोटे मामले समझौते से निस्तारित होने के बाद न्यायिक अधिकारियों को अन्य वादों को निस्तारित करने का समय मिलेगा और उसमें भी तेजी आएगी।

# उल्लुओं की तस्करी को लेकर वन विभाग हाई अलर्ट पर

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** दीपावली के मौके पर उल्लुओं की तस्करी और अवैध खरीद फरोख्त को लेकर वन विभाग हाई अलर्ट पर है। चंबल घाटी के बीहड़ों में बड़े पैमाने पर विभिन्न प्रजाति के उल्लू पाए जाते हैं जिनको पकड़ने के लिए तस्कर दीपावली से पहले व्यापक पैमाने पर सक्रिय हो जाते हैं। कई दफा तस्करों को उल्लुओं के साथ में गिरफ्तार भी किया जा चुका है। हालांकि कुछ वर्षों से यह सिलसिला वन विभाग की सक्रियता से रुका हुआ नजर आ रहा है लेकिन, इटावा में दीपावली पर्व पर उल्लू पक्षी की बलि की आशंकाओं के मद्देनजर वन विभाग की ओर से हाई अलर्ट किया गया है। जिला प्रभागीय वन अधिकारी अतुलकांत शुक्ला ने बताया कि इटावा के बीहड़ों में बड़े पैमाने पर उल्लू पाए जाते हैं और इसी दौरान तस्कर उल्लू पक्षी को पकड़ने के लिए सक्रिय हो जाते हैं। तस्कर उल्लू पक्षी को ना पकड़ सके इसलिए वन विभाग की ओर से विभागीय अधिकारियों कर्मियों को सक्रिय करने के साथ-साथ गुप्तचर को भी व्यापक सतर्क कर दिया गया है। उन्होंने बताया कि सभी वन क्षेत्राधिकारियों के साथ-साथ में वन वाचर और गुप्तचर को सख्त दिशा निर्देश देकर के तस्करों की गतिविधियों के मद्देनजर सक्रिय किया गया है।



पुजारी दिनेश तिवारी बताते हैं कि उनके पास कई ऐसे लोग आ चुके हैं जो सफेद और मटमैले रंग के उल्लुओं की मांग कर चुके हैं। इसके एवज में एक-एक करोड़ रुपए देने के लिए तैयार भी हुए हैं। इन रंग के उल्लुओं की मांग करने वालों का मानना है कि अगर उनको उल्लू मिल जाएगा वह कई सौ करोड़ रुपये कमा सकते हैं। ऐसे में इटावा में पाए जाने वाले दुर्लभ उल्लुओं की जान पर दीपावली के करीब आते ही मुश्किलें आनीं शुरू हो जातीं हैं, क्योंकि तंत्र साधना से जुड़े लोग दीपावली पर इसकी बलि चढ़ाने की दिशा में सक्रिय हो जाते हैं। इस संबंध में चंबल सेंचुरी के कर्मियों को सतर्क कर दिया गया है, ताकि कोई भी शिकारी बलि चढ़ाने के लिहाज से उल्लुओं को पकड़ने मे कामयाब नहीं हो। गौरतलब है कि उल्लू भारतीय वन्य जीव अधिनियम, 1972 की अनुसूची-1 के तहत संरक्षित है, यह विलुप्तप्राय जीवों की श्रेणी में दर्ज है। इनके शिकार या तस्करी करने वालों को कम से कम 3 वर्ष या उससे अधिक सजा का प्रावधान है।

# 2027 का विधानसभा चुनाव सपा का अब तक का सबसे अच्छा होगा चुनाव : अखिलेश

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने कहा है कि 2027 का विधानसभा चुनाव सपा का अब तक का सबसे अच्छा चुनाव होगा और प्रचंड बहुमत की सरकार बनेगी। उत्तर प्रदेश में आज जो भी इंफ्रास्ट्रक्चर और विकास दिखाई दे रहा है। वह समाजवादियों ने किया है। जनता सब जानती है। नई पीढ़ी प्रोग्रेसिव, डेवलपमेंट और पॉजिटिव राजनीति चाहती है। भाजपा की नकारात्मक राजनीति अब कभी कामयाब नहीं होगी। लोग जान गये हैं कि भाजपा धोखा देती है। झूठ बोलती है। भाजपा नकारात्मक राजनीति करने वाली पार्टी है।

अखिलेश यादव मंगलवार को एक मीडिया चैनल के कार्यक्रम में थे। उन्होंने कहा कि भाजपा अपने कार्यकर्ताओं से दंगा और बवाल कराती है फिर उनके खिलाफ एफआईआर लिखवाकर भाजपा उन्हें फंसा देती है। बहराइच का दंगा इसका उदाहरण है। बहराइच के दंगे में उसके विधायक ने भाजपा कार्यकर्ताओं पर एफआईआर कराया।

उन्होंने कहा कि सपा लगातार जातीय जनगणना की मांग कर रही है। इससे सभी जातियों को सामाजिक न्याय मिलेगा। संविधान में आरक्षण जातीय आधार पर है। सभी को सामाजिक न्याय मिले इसके लिए



जातीय जनगणना जरूरी है। भाजपा बेईमानी से चुनाव जीतती है। लोकसभा चुनाव में अगर भाजपा ने बेईमानी नहीं की होती तो इंडिया गठबंधन 50 से ज्यादा सीटें जीतता। भाजपा सरकार ने लोकसभा चुनाव में अधिकारियों पर दबाव बनाकर फरूर्खाबाद, फूलपुर, अलीगढ़ समेत कई अन्य सीटों पर परिणाम बदलवा दिया था। उन्होंने कहा कि प्रदेश में 9 सीटों पर हो रहे उपचुनाव में अगर बेईमानी नहीं हुई और निष्पक्ष एवं पारदर्शी तरीके से चुनाव हुआ तो सपा सभी सीटें जीतेगी। कांग्रेस सपा का साथ दे रही है। इंडिया गठबंधन और पीडीए की रणनीति से सपा आगे भी सकारात्मक राजनीति करती रहेगी। सपा ने पीडीए को जोड़ा है और पीडीए जीत भी रहा है। हम सामाजिक न्याय की राजनीति कर रहे है। पीडीए का नारा प्रोग्रेसिव नारा है। भाजपा का नारा बटेंगे तो कटेंगे निगेटिव नारा है। भाजपा नफरत और समाज को तोड़ने की राजनीति करती है। भाजपा का नारा किसी लैब में तैयार किया गया है और उसे आगे बढ़ाने के लिए उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री को चुना गया है। ऐसा निगेटिव नारा राजनीतिक इतिहास में कभी नहीं सुना गया है। भाजपा सबको धोखा देती है। गुमराह करती है। सपा अपने कार्यक्रम, फैसलों, संगठन, व्यवहार और सुख-दुःख में शामिल होकर लोगों को जोड़ रही है। हमने लोगों का भरोसा जीता है।

# महाकुंभ में योगी सरकार रखेगी श्रद्धालुओं के स्वास्थ्य का ख्याल

## प्रदेश सरकार के निर्देश पर 15 दिसंबर तक काम पूरा करने का लक्ष्य, एक्सरे, एमआरआई, लैब टेस्ट करेंगे एक्सपर्ट

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ/प्रयागराज।** महाकुंभ में योगी सरकार श्रद्धालुओं के स्वास्थ्य की देखभाल के पुख्ता इंतजाम कर रही है। सरकार की ओर से विभागीय अफसरों को 15 दिसंबर तक सभी तैयारियां पूरी करने के निर्देश दिए गए हैं। विश्व के सबसे बड़े सांस्कृतिक आयोजन में आने वाले श्रद्धालुओं के लिए बाकायदा एक्सरे, एमआरआई, लैब टेस्ट की भी सुविधा रहेगी। स्वस्थ महाकुंभ को नव्य और भव्य रूप देने के लिए स्वास्थ्य विभाग ने 10 लाख ओपीडी और 10 हजार आईपीडी तक की क्षमता की तैयारी पूरी कर ली है। श्रद्धालुओं के स्वास्थ्य की जांच के लिए हाईटेक अस्थाई अस्पताल बनाए जा रहे हैं, जिसमें रायबरेली एम्स के चिकित्सकों की टीम भी लोगों की देखभाल के लिए मौजूद रहेगी। मालूम हो कि महाकुंभ के लिए 77.5 करोड़ रुपए से ज्यादा के 43 प्रोजेक्ट पर काम किया जा रहा है।

- **10 लाख ओपीडी और 10 हजार आईपीडी की क्षमता का बनाया लक्ष्य**
- **हाईटेक अस्थाई अस्पतालों में देखभाल के लिए रहेंगे एम्स के डॉक्टर**
- **श्रद्धालुओं के लिए हाईटेक अस्थाई अस्पताल में होगी हर प्रकार की जांच**

**हर तरह की जांच होगी संभव :** संयुक्त निदेशक (चिकित्सा स्वास्थ्य) प्रयागराज, वीके मिश्र ने बताया कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर महाकुंभ के दौरान स्वास्थ्य विभाग सभी इंतजाम पुख्ता करने की तैयारियों में जुटा है। किसी भी श्रद्धालु को स्वास्थ्य के लिहाज से कोई समस्या ना आने पाए इसके लिए स्वास्थ्य विभाग के अफसरों की टीम दिन-रात काम में लगी है।

इसके तहत 100 बेड का अस्पताल परेड ग्राउंड में तैयार किया जा रहा है। वहीं, महाकुंभ में आने वाले श्रद्धालुओं के लिए हर प्रकार की जांच की सुविधा मौजूद रहे, इसकी व्यवस्था बनाई जा रही है। इसके अलावा 10 लाख ओपीडी और 10 हजार आईपीडी की क्षमता का लक्ष्य भी रखा गया है।

**महाकुंभ पर सभी प्रमुख अस्पतालों को किया जा रहा अपग्रेड :** महाकुंभ को नव्य, भव्य और दिव्य बनाने को लेकर योगी सरकार ने विभागीय अधिकारियों को निर्धारित समय में इंतजाम पूरे रखने के निर्देश दिए हैं। इसके तहत बड़ी संख्या में आने वाले श्रद्धालुओं को किसी भी प्रकार की असुविधा न होने पाए, इसके लिए यहां के सभी प्रमुख अस्पतालों को अपग्रेड किया जा रहा। संयुक्त निदेशक चिकित्सा स्वास्थ्य के अनुसार महाकुंभ में एक भी श्रद्धालु को कोई परेशानी न होने पाए, इसके लिए विभागीय अधिकारियों की टीम दिनरात काम में लगी है।

### महाकुंभ में लगेगा वैष्णव किन्नर अखाड़े का शिविर

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** वैष्णव किन्नर अखाड़े की महामंडलेश्वर हिमांगी सखी मां ने कहा कि समय की मांग को देखते हुए अखाड़ों की संख्या बढ़ाकर 15 की जानी जाहिए। इसमें किन्नर अखाड़ा और वैष्णव किन्नर अखाड़े को भी मान्यता मिलनी चाहिए। आदिशंकराचार्य ने सर्वप्रथम चार अखाड़ों का ही गठन किया था। बाद में जरूरत को देखते हुए इसकी सख्या आठ हुईए फिर 12 हुई और अब यह संख्या 13 तक पहुंच गई है। किन्नर अखाड़ों को मान्यता देते हुए अखाड़ों की संख्या अब 15 की जानी चाहिए।

हिमांगी सखी ने कहा कि इस बार महाकुंभ में अर्द्धनारीश्वर थाम का भी शिविर लगेगा। किन्नर लोगों की सेवा करती हुई नजर आएंगी। अखाड़े में चिकित्सालय की व्यवस्था होगी। महाकुंभ में सफाई अभियान चलाया जाएगा। अलग-अलग भाषाओं में कथा, सत्संग और भागवत कथा का वर्णन किया जाएगा। सनातन धर्म के भटके युवाओं की महाकुंभ में घर वापसी की जाएगी। हमारे जो युवा और बच्चे अपना धर्म छोड़कर ईसाई और इस्लाम धर्म स्वीकार कर लिए हैं उनको फिर से सनातन धर्म से जोड़ा जाएगा। इसके लिए देश विदेश के बड़ी संख्या में युवाओं को निमंत्रण भेजा गया है। हिमांगी सखी ने कहा कि योगी आदित्यनाथ ने कहा है कि बंटेंगे तो कटेंगे। इसका अनुसरण करते हुए किन्नर अखाड़ा पूरी तरह से एकजुट है। किन्नर अखाड़े को लोग भले ही अलग-अलग अखाड़ा बनाकर रह रहे हों लेकिन हम सभी एकजुट हैं। कोई भी ताकत हमें अलग नहीं कर सकती है और हमारे बीच दरार पैदा नहीं कर सकती। उन्होंने कहा कि वैष्णव किन्नर अखाड़े की पेशवाई (नगर प्रवेश) 30 नवंबर को होगी। उन्होंने कहा कि सृष्टि के आरंभ में भगवान ब्रह्मा ने सबसे पहले किन्नरों की उत्पत्ति की थी।

- **15 की जाये अखाड़ों की संख्या : हिमांगी सखी**

# आधार का प्रयोग कर 'जीरो पॉवर्टी स्कीम' की होगी शुरुआत

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** मुख्य सचिव मनोज कुमार सिंह ने कहा की उत्तर प्रदेश में सखी योजना महिलाओं के सशक्तिकरण के लिए एक महत्वपूर्ण योजना है, जिसमें उनकी सुरक्षा, स्वास्थ्य, और वित्तीय सशक्तिकरण पर ध्यान दिया गया है। इस योजना में आधार कार्ड का महत्वपूर्ण योगदान है। आधार के माध्यम से सरकार महिलाओं की पहचान की पुष्टि करके उनके बैंक खातों में सीधे लाभ पहुंचा रही है। आधार की मदद से लाभार्थी की पहचान की पुष्टि होती है, जिससे धोखाधड़ी की संभावनाएं कम होती हैं।

- **मुख्य सचिव एवं यूआईडीएआई के सीईओ ने एक दिवसीय राज्य स्तरीय कार्यशाला का दीप प्रज्जवलित कर किया उद्घाटन**

मुख्य सचिव एवं भारतीय विशिष्ट पहचान प्राधिकरण के मुख्य कार्यकारी अधिकारी अमित अग्रवाल ने उत्तर प्रदेश में आधार से जुड़ी योजनाओं के प्रभाव को अधिकतम करने के लिए भारतीय विशिष्ट पहचान प्राधिकरण, क्षेत्रीय कार्यालय, लखनऊ द्वारा आयोजित एक दिवसीय कार्यशाला का दीप प्रज्जवलित कर उद्घाटन किया। उन्होंने बताया कि प्रदेश सरकार आधार का प्रयोग करके 'जीरो पॉवर्टी स्कीम' की शुरूआत कर रही है। इस योजना के अंतर्गत प्रत्येक ग्राम पंचायत में 25 परिवारों को चिन्हित करके इस योजना का लाभ पहुंचाया जा सकेगा। उन्होंने कहा की राज्य सरकार आधार को सशक्त बनाने में प्राधिकरण द्वारा बताए गए सुझावों को अमल में लाने का हर संभव प्रयास करेगा। इस अवसर पर भारतीय विशिष्ट पहचान प्राधिकरण के मुख्य कार्यकारी अधिकारी अमित अग्रवाल ने कहा की आधार की मदद से किया जा रहा चेहरा प्रमाणीकरण एक सशक्त माध्यम है, जिसे कहीं भी कभी भी किया जा सकता है। इस प्रणाली के प्रयोग से वरिष्ठ नागरिकों को डिजिटल जीवन




प्रमाण प्राप्त करना आसान हो गया है। उन्होंने इस प्रणाली के अधिकतम प्रयोग पर बल दिया। उन्होंने उत्तर प्रदेश पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड द्वारा आधार प्रमाणीकरण का प्रयोग करके भर्ती करने के प्रक्रिया की सराहना की। उन्होंने उत्तर प्रदेश सरकार से निवेदन किया कि सभी दस्तावेजों पर क्यू आर कोड प्रिन्ट करें, ताकि आधार नामांकन और अपडेट करते समय इस दस्तावेजों की सत्यता की जांच आसानी से की जा सके। कार्यशाला में सभी प्रतिभागियों का स्वागत भारतीय विशिष्ट पहचान प्राधिकरण के क्षेत्रीय कार्यालय, लखनऊ में उपमहानिदेशक प्रशांत कुमार सिंह ने किया।

उन्होंने उत्तर प्रदेश में आधार के अब तक के सफर पर बोलते हुए कहा की उत्तर प्रदेश में अबतक लगभग 23.5 करोड़ आधार जारी किए जा चुके है। प्रदेश की 15000 आधार नामांकन और अपडेट किट्स की सहायता से रोजाना 16000 नए नामांकन और 1 लाख अपडेट किए जा रहे है। आधार का इस्तेमाल कर अब तक 175 खोए बच्चों और महिलाओं को अपने परिवारों से मिलवाया जा चुका है। कार्यशाला का संचालन निदेशक, ले. कर्नल (डा.) प्रवीण कुमार सिंह एवं धन्यवाद ज्ञापन प्राधिकरण के निदेशक आकाश दीप ने किया। विभिन्न सत्रों में संपन्न होने वाले इस कार्यशाला का उद्देश्य उत्तर प्रदेश में आधार के अब तक के सफर, आधार के उपयोग और आगे की राह, आधार प्रमाणीकरण मंच, राज्य सरकार एवं केंद्र सरकार के द्वारा चलाई जा रही योजनाओं को प्रत्यक्ष लाभ अन्तरण (डीबीटी) के माध्यम से वास्तविक लाभार्थी तक किस प्रकार आधार प्रमाणीकरण का प्रयोग करके आसानी से पहुंचाया जा सके और उनके जीवन को बेहतर बनाया जा सके था। इस अवसर पर यूआईडीएआई मुख्यालय में उप महानिदेशक अमोद कुमार, मनीष भारद्वाज, भारत सरकार में डीबीटी संयुक्त सचिव सौरभ कुमार तिवारी आदि मौजूद थे।

# आयुर्वेद उत्तम स्वास्थ्य एवं समृद्धि का आधार है : दयाशंकर दयालु

**लखनऊ।** आयुर्वेद उत्तम स्वास्थ्य एवं समृद्धि का आधार है। यह सिर्फ उपचार की विधा ही नहीं अपितु निरामय रहने का मार्ग भी है। वर्तमान में लोगो को पर्यावरण, खानपान एवं गलत जीवन शैली के कारण विभिन्न रोगों का सामना करना पड़ रहा है। ऐसे में आयुर्वेद को अपनाकर शारीरिक एवं मानसिक रूप से स्वस्थ जीवन जीया जा सकता है। उक्त बाते प्रदेश के आयुष राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) दयाशंकर मिश्र 'दयालू' ने कही। दयालू मंगलवार को नौवे आयुर्वेद दिवस के अवसर पर राजकीय आयुर्वेदिक मेडिकल कॉलेज टूडियागंज लखनऊ में आयोजित कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि बोल रहे थे। मिश्र ने कहा कि आज दुनियां के 150 से अधिक देशों में आयुर्वेद दिवस मनाय जा रहा है। विश्व के 24 देशों में आयुर्वेद को उपचार पद्धति के रूप में मान्यता है।

# दिव्यांगों को उनके कौशल के लिए मिल रहा है मंच : कश्यप

**लखनऊ।** प्रदेश के पिछड़ा वर्ग कल्याण एवं दिव्यांगजन सशक्तीकरण राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) नरेंद्र कश्यप ने दिव्यांगजन सशक्तीकरण विभाग द्वारा आयोजित 'दिव्य दीपावली मेला-2024' का सहारागंज मॉल लखनऊ में शुभारंभ किया गया। मंत्री ने मेले में लगे विभिन्न स्टालों का निरीक्षण किया और दिव्यांगजन बच्चों से मिलकर उनका हौसला बढ़ाया।

- **मंत्री ने किया 'दिव्य दीपावली मेला' का शुभारंभ**

इस अवसर पर दिव्यांगजन मंत्री ने दिव्यांगजनों के उत्पादों की प्रशंसा करते हुए कहा कि इस प्रकार के मेलों का आयोजन दिव्यांगजनों को उनके कौशल के लिए एक मंच प्रदान करने में सहायक सिद्ध हो रहा है। उन्होंने कहा कि इस तरह की पहलें समाज में दिव्यांगजनों को मुख्यधारा में शामिल करने और उनके द्वारा निर्मित उत्पादों के प्रति जागरूकता बढ़ाने में भी सहायक होती हैं। मंत्री ने यह भी कहा कि मेले में दिव्यांगजनों के आत्मनिर्भर बनने के प्रयासों का समर्थन करना समाज की जिम्मेदारी है। इस अवसर पर उन्होंने समाज से आग्रह किया कि दिव्यांगजनों द्वारा निर्मित वस्तुओं का उपयोग करें ताकि उन्हें आर्थिक रूप से प्रोत्साहन मिल सके। दिव्य दीपावली मेला-2024 में दिव्यांगजन द्वारा तैयार की गई वस्तुओं की भव्य प्रदर्शनी रही। यह मेला दिव्यांगजनों के कौशल, सृजनशीलता और आत्मनिर्भरता को बढ़ावा देने के उद्देश्य से आयोजित किया गया है। लगभग 25 सरकारी और गैर-सरकारी संस्थाओं ने इस मेले में अपने स्टाल लगाए, जिनमें रंग.बिरंगे दीपक, फैंसी मोमबत्तियां, कलश, फ्लावर पॉट, रंगोली, आरती की थालियां, तोरण, लटकन, विभिन्न प्रकार की लक्ष्मी-गणेश की मूर्तियां, गोबर व मिट्टी के दीये, जूट के झोले और टेडी वियर जैसी अनेक वस्तुएं प्रदर्शित की गईं।

# यातायात संचालन कर लोगों को नियमों के प्रति किया जागरूक

## एनएसएस बीबीडीयू ने किया यातायात प्रबंधन के साथ जागरूकता कार्यक्रम आयोजित







वरिष्ठ संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** राष्ट्रीय सेवा योजना की बाबू बनारसी दास विश्वविद्यालय इकाई द्वारा दिस दिवाली, माई भारत दीवाली थीम पर यातायात प्रबंधन और जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का आयोजन फैजाबाद रोड स्थित चौराहों पर किया गया। यह कार्यक्रम बीबीडी ग्रुप की चेयरपर्सन श्रीमती अलका दास गुप्ता और बीबीडी ग्रुप के प्रेसिडेंट विराज सागर दास के मार्गदर्शन और प्रेरणा से आयोजित हुआ।

कार्यक्रम का शुभारंभ बाबू बनारसी दास विश्वविद्यालय के प्रो कुलपति प्रो डॉ एस सी शर्मा और राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम समन्वयक प्रो डॉ प्रभास पाठक और कार्यक्रम अधिकारी प्रो डॉ सैयद अनस अंसार ने किया। जिसमें राष्ट्रीय सेवा योजना के वालेंटियर्स ने यातायात पुलिसकर्मियों के साथ यातायात का कुशल संचालन कर लोगों को सड़क यातायात के नियमों के प्रति जागरूक किया। कार्यक्रम का शुभारंभ करते हुए बाबू बनारसी दास विश्वविद्यालय के प्रो कुलपति प्रो. डॉ. एस सी शर्मा ने बताया कि सड़क यातायात के नियमों का पालन करना अति आवश्यक है, इससे सड़क दुघर्टनाओं से बचा जा सकता है।

इसलिए हम सभी को यातायात के नियमों के प्रति विशेष ध्यान देना चाहिये और लोगों को भी जागरूक करना चाहिए। राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम समन्वयक प्रो डॉ प्रभास पाठक ने बताया कि सड़क यातायात के नियमों के पालन करने से हम दुघर्टनाओं से बचा सकते हैं, लेकिन इसके साथ साथ हम अपने जीवन में अनुशासन भी ला सकते हैं। इसलिए हमें अपने साथ लोगों को भी सड़क यातायात और सुरक्षा के नियमों को पालन करने के लिए प्रेरित करना चाहिए। अन्त में राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम अधिकारी प्रो डॉ प्रभास पाठक इस कार्यक्रम के सफल आयोजन के लिए सभी को धन्यवाद व्यक्त करते हुए सभी के उज्जवल भविष्य की कामना की। इस अवसर पर एनएसएस के सभी वालेंटियर्स मौजूद रहे।

# सत्यनिष्ठा और पारदर्शिता के महत्व पर हुआ गहन मंथन

वरिष्ठ संवाददाता (vol)

लखनऊ। बनारस रेल इंजन कारखाना ने सतर्कता जागरूकता सप्ताह के उपलक्ष्य मेंमंगलवार को एक विशेष सेमिनार का आयोजन किया, जिसका विषय था सत्यनिष्ठा की संस्कृति से राष्ट्र की समृद्धि। इस अवसर पर बरेका के महाप्रबंधक एस.के. श्रीवास्तव मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे।

कार्यक्रम का शुभारंभ प्राविधिक प्रशिक्षण केंद्र प्रवेश परिसर में महाप्रबंधक और अन्य विशिष्ट अतिथियों द्वारा पौधरोपण से किया गया, जिसमें बरेका ने पर्यावरण और सत्यनिष्ठा के प्रति अपनी प्रतिबद्धता को दशार्या। इसके पश्चात, सेमिनार का उद्घाटन दीप प्रज्वलन के साथ विधिवत किया गया, जिससे इस महत्त्वपूर्ण आयोजन का शुभारंभ हुआ। सेमिनार में मुख्य सतर्कता अधिकारी अंकुर चंद्रा ने पावरप्वाइंट प्रेजेंटेशन के माध्यम से सतर्कता जागरूकता सप्ताह के उद्देश्यों और उसकी प्रासंगिकता पर प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि यह सप्ताह भ्रष्टाचार के खिलाफ जागरूकता बढ़ाने और कर्मचारियों में ईमानदारी और नैतिकता को प्रोत्साहित करने का एक महत्त्वपूर्ण अवसर है।बरेका के सांस्कृतिक दल द्वारा एक प्रभावशाली नुक्कड़ नाटक का आयोजन किया गया, जो भ्रष्टाचार से निपटने की आवश्यकता और ईमानदारी के महत्व पर जागरूकता फैलाने के लिए प्रस्तुत किया गया। इस नाटक ने उपस्थित लोगों को न केवल प्रेरित किया बल्कि भ्रष्टाचार के खतरों पर भी गहन विचार करने का अवसर दिया। इसके अलावा, विभिन्न प्रतियोगिताओं में

- **सतर्कता जागरूकता सप्ताह में सेमिनार का आयोजन**

विजेताओं को पुरस्कार वितरण भी किया गया, जिसने इस आयोजन को और भी आकर्षक और प्रेरणादायक बना दिया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि, पूर्वोत्तर रेलवे के सेवानिवृत्त प्रमुख मुख्य विद्युत इंजीनियर पी.एन. राय एवं विशिष्ट अतिथि, काशी हिंदू विश्वविद्यालय, आईआईटी के रजिस्ट्रार प्रभारी राजन श्रीवास्तव ने सत्यनिष्ठा की संस्कृति से राष्ट्र की समृद्धि विषय पर अपने विचार प्रस्तुत किए। इन वक्ताओं ने राष्ट्र निर्माण में सत्यनिष्ठा और ईमानदारी के महत्व पर प्रकाश डालते हुए युवाओं को इसके प्रति जागरूक होने का संदेश दिया।

# लाइट हाउस प्रोजेक्ट के 33 लाभार्थियों को मिला सपनों का घर

## खुशी से रोशन हुए पीएमएवाई-यू के लाभार्थियों के चेहरे, जल्द लाभार्थियों को मिलेगा आवासों पर कब्जा: सूडा

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** दीपावली का पर्व प्रधानमंत्री आवास योजना-शहरी के लाभार्थियों के लिए यादगार बन गया है। राजधानी की अवध विहार योजना में पीएमएवाई-यू के अंतर्गत बने लाइट हाउस प्रोजेक्ट के 33 से अधिक लाभार्थियों को समस्त अभिलेखों की पूर्ति के पश्चात मंगलवार को उनके आवास का कब्जा मिल गया। दिवाली के मौके पर अपना आशियाना पाकर लाभार्थियों के चेहरे खुशी से दमक उठे। बता दें कि लाइट हाउस प्रोजेक्ट यानी एलएचपी के लाभार्थियों की रजिस्ट्री का कार्य 22 अक्टूबर 2024 से प्रारंभ हो चुका है। अभी तक सौ से अधिक रजिस्ट्री हो चुकी हैं व अन्य अभिलेखीय कार्य पूर्ण होने के साथ ही लाभार्थियों को उनके आवासों का कब्जा भी दिया जा रहा है। इसी क्रम में आज धनतेरस के अवसर पर 33 से अधिक लोगों को उनके सपनों के घर में प्रवेश मिल गया।

योजना की लाभार्थी पारुल कहतीं हैं कि आज मेरा सपना पूरा हो गया। दीपावली के पहले मुझे ऐसा उपहार मिला है जिसे मैं इस जिंदगी में नहीं भूल सकती। मैं अपनी इस खास दीपावली का दीया अपने घर में रोशन करुंगी। सपनों के पूरा होने की जो खुशी होती है उसे शब्दों में बयां नहीं किया जा सकता है। इसी प्रकार योजना से आच्छादित राहुल राय, जो दिव्यांग हैं, कहते हैं कि आज मुझे सिर्फ घर ही नहीं मिला है बल्कि मैंने प्रधानमंत्री आवास योजना-शहरी के सहयोग से अपने जीवन की एक बहुत बड़ी चुनौती पर विजय प्राप्त कर ली है। सही मायनों में तो आज ही मेरा जीवन रोशनी से भर उठा है और आज ही मेरी दिवाली है। आपको बता दें कि लाइट हाउस प्रोजेक्ट में 1,040 परिवारों को उनके सपनों का घर देने का काम किया है।



निदेशक सूडा डॉ. अनिल कुमार ने बताया कि राज्य नगरीय विकास अभिकरण सूडा द्वारा प्रधानमंत्री आवास योजना-शहरी के अंतर्गत लाइट हाउस प्रोजेक्ट का निर्माण कराया गया है। योजना में 1,040 आवास बनाए गए हैं। इन आवासों के निर्माण में नवीनतम तकनीकी का प्रयोग किया है। ये मकान आपदारोधी व पर्यावरण के अनुकूल हैं। देश में पीवीसी स्टे इन प्लेस फॉमवर्क तकनीकी का प्रयोग लखनऊ सहित देश के छह अन्य शहरों में किया गया है। लखनऊ में बना लाइट हाउस प्रोजेक्ट प्रदेश ही नहीं देश के निर्माण क्षेत्र में मील का पत्थर साबित होगा। निदेशक सूडा ने आगे कहा कि दिनांक 22 अक्टूबर 2024 से एलएचपी के लाभार्थियों के लिए रजिस्ट्री का कार्य प्रारंभ हो चुका है। समस्त अभिलेखीय कार्यवाही पूर्ण होने के साथ-साथ लाभार्थियों को उनके आवासों का कब्जा दिया जा रहा है।

विभाग का लक्ष्य यह है कि जल्द से जल्द समस्त लाभार्थियों को उनके आवासों का कब्जा दिया जा सके। इसके लिए मिशन मोड में काम किया जा रहा है। बताते चलें कि आवासन एवं शहरी कार्य मंत्रालय, भारत सरकार की ओर से ग्लोबल हाऊसिंग टेक्नोलॉजी चैलेन्ज-इण्डिया के अन्तर्गत लाइट हाऊस प्रोजेक्ट अवध विहार योजना, लखनऊ के सेक्टर-5 में निर्मित किया गया है, जिसका क्षेत्रफल दो हेक्टेयर है। लाइट हाऊस प्रोजेक्ट का निर्माण नवीन तकनीक पीवीसी स्टे इन प्लेस फॉमवर्क के माध्यम से किया गया है। इस तकनीकी का प्रयोग दुनिया के चुनिंदा देशों में होता है। इसके माध्यम से बेहद कम समय भवन निर्माण का कार्य पूरा किया जाता है। इस तकनीकी से मकान टिकाऊ, पर्यावरण के अनुकूल एवं आपदारोधी होते हैं। इस तकनीकी का प्रयोग कनाडा जैसे देशों में किया जा रहा है। लाइट हाउस प्रोजेक्ट में 34.50 वर्गमी. कारपेट एरिया के कुल 1040 भवन सम्मिलित हैं, जो स्टिल्ट प्लस 13 प्रकार के चार बहुमंजिला ब्लाकों में निर्मित हैं। उक्त परियोजना में आवास के साथ-साथ कम्यूनिटी सेन्टर, कॉमर्शियल सेन्टर, सीवरेज ट्रीटमेन्ट प्लान्ट (एसटीपी), पेयजल, ड्रेनेज, आन्तरिक सडकें, रेन वाटर हार्वेस्टिंग, सोलर लाईट, खुले हरित क्षेत्र, पार्किंग इत्यादि सुविधाएँ भी लाभार्थियों को मिलेंगी।

**130.90 करोड़ रुपये से तैयार हुई परियोजना :** परियोजना की कुल निर्माण लागत 130.90 करोड़ रुपये है, जिसमें समस्त अवस्थापना सहित प्रति आवास लागत 12.59 लाख रुपये है। परियोजना के लिए भारत सरकार से केन्द्रांश 1.50 लाख रुपये के अतिरिक्त केन्द्रीय टीआईजी के रूप में 4.00 लाख रुपये अतिरिक्त दिया गया है। इसी प्रकार राज्य सरकार की ओर से देय राज्यांश 1.00 लाख रुपए के अतिरिक्त राज्य टीआईजी के रूप में 1.33 लाख रुपए राज्य सरकार द्वारा दिया गया है। इस प्रकार परियोजना में कुल 7.83 लाख रुपए प्रति आवास का शासकीय अनुदान दिया गया है। अवशेष धनराशि 5.26 लाख रुपए लाभार्थी द्वारा वहन की गयी है। परियोजना में निर्मित होने वाले 1040 आवासों के सापेक्ष समस्त आवासों का आवंटन नियमानुसार पूर्ण कर लिया गया है।

# रेल कर्मचारियों ने ली सतर्कता की शपथ



**लखनऊ।** पूर्वोत्तर रेलवे इज्जतनगर मंडल पर 25 अक्टूबर से 3 नवंबर तक कार्मिक विभाग के तत्वावधान में मनाये जा रहे सतर्कता जागरूकता सप्ताह के अंतर्गत अनेक कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। इसी क्रम में आज अपर मंडल रेल प्रबंधक राजीव अग्रवाल सहित सभी शाखा अधिकारियों, पर्यवेक्षकों, कर्मचारियों एवं खिलाड़ियों द्वारा वाकाथन वाक फॉर इन्टेग्रिटी का आयोजन रेलवे स्पोर्टस स्टेडियम, रोड संख्या 4 से रोड संख्या 2 के रास्ते अधिकारी क्लब तक किया गया। साथ ही इज्जतनगर रेलवे स्टेशन पर रेल कर्मचारियों को ई-प्लेज ग्रहण करायी गयी एवं सुझाव बूथ का आयोजन किया गया।

# सीआरएस ने किया ऐशबाग- गोला गोकर्णनाथ रेलखण्ड का निरीक्षण

वरिष्ठ संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** संरक्षित रेल परिवहन, यात्रियों की सुरक्षा तथा संरक्षा के समुचित प्रबंधन को सुनिश्चित करने के उद्देश्य से रेल संरक्षा आयुक्त/पूर्वोत्तर परिमण्डल, लखनऊ प्रणजीव सक्सेना ने आज पूर्वोत्तर रेलवे लखनऊ मण्डल के अपर मंडल रेल प्रबंधक/इंफ्रा राजीव कुमार तथा मण्डल के शाखाधिकारियों की उपस्थिति में ऐशबाग- गोलागोकर्णनाथ रेलखण्ड के मध्य स्थित स्टेशन भवन, रेलवे ट्रैक, ब्रिज, रेलवे यार्ड, सिग्नल, ओएचई, लेवल क्रॉसिंग गेट्स आदि की संरक्षा जॉच की।

इस दौरान उन्होंने अटरिया-सिधौली स्टेशनों के मध्य स्विच एक्सपेंशन जॉइंट संख्या 19 का सघन तकनीकी निरीक्षण किया। इसके उपरांत निरीक्षण के अगले चरण में हरगांव-लखीमपुर स्टेशनों के मध्य ब्रिज संख्या 156 का अवलोकन किया तथा ब्रिज



की काफी सूक्ष्मता से एक-एक पॉइंट की जांच की। तदुपरांत गोला गोकर्णनाथ स्टेशन पहुंचने पर प्रदत्त यात्री सुविधाओं के साथ-साथ संरक्षा के दृष्टिगत स्टेशन अधीक्षक कार्यालय, पैनल रूम, रिले रूम, स्टेशन यार्ड, प्वाइंट एवं क्रासिंग का गहन तकनीकी निरीक्षण किया। इस अवसर पर लखनऊ मंडल के वरिष्ठ मंडल परिचालन प्रबंधक, वरिष्ठ मण्डल इंजीनियर/द्वितीय, वरिष्ठ मण्डल सिगनल एवं दूरसंचार इंजीनियर, वरिष्ठ मण्डल विद्युत इंजीनियर/परिचालन, सहायक मंडल इंजीनियर, सहायक सिग्नल एवं दूरसंचार इंजीनियर एवं अन्य अधिकारी व सुपरवाइजर्स उपस्थित थे।

# 40 कर निरीक्षकों को कम गृहकर वसूली पर नोटिस

**लखनऊ।** नगर निगम प्रशासन अब गृहकर की कम वसूली होने पर सख्त हो गया है। नगर आयुक्त ने पिछले साल की तुलना में कम वसूली करने वाले राजस्व निरीक्षकों को चेतावनी नोटिस जारी की हैं। ऐसे 40 कर निरीक्षकों को नोटिस जारी किया गया है। उनसे वसूली कम होने की वजह मांगी गई है। चेतावनी दी गई है कि यदि 30 अक्टूबर तक लक्ष्य की पूर्ति नहीं कर पाए तो उनके खिलाफ विभागीय दंडात्मक कार्रवाई की जाएगी। नगर आयुक्त इंद्रजीत सिंह ने पिछले साल अक्टूबर से इस साल अक्टूबर तक के गृहकर वसूली की समीक्षा बैठक की थी। बैठक के दौरान सभी आठों जोनों में हुई गृहकर वसूली के तुलानात्मक आंकड़े में यह सामने आया कि 40 कर निरीक्षक ऐसे हैं जिन्होंने गृहकर वसूली कार्य में लापरवाही बरती है। जिसके चलते पिछले साल के तुलना में इस साल कम वसूली हो सकी है। राजस्व में कमी पर नाराजगी जताते हुए नगर आयुक्त ने कम वसूली करने वाले सभी 40 कर निरीक्षकों को मंगलवार को नोटिस जारी किया है। चेतावनी दी है कि यदि दिए गए निर्धारित समय पर निर्धारित लक्ष्य को पूरा नहीं किया तो उनके खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। इस मामले में नगर निगम के मुख्य कर अधिकारी अशोक सिंह का कहना है कि नगर आयुक्त के आदेश के अनुसार 30 अक्तूबर तक निर्धारित लक्ष्य को पूरा करने वाले कर निरीक्षक पर कार्रवाई नहीं की जाएगी। पूरी न होने की दशा में विभागीय दंडात्मक कार्रवाई शुरू कर दी जाएगी। बताया कि नगर आयुक्त के आदेशों से सभी को पत्र भेजकर अवगत करा दिया गया है। कम वसूली करने वालों में राजा भैया टू, सिब्ते रजा, अजय कुमार वर्मा-1, विशाल श्रीवास्तव, सन्नी कुमार श्रीवास्तव, आशीष कुमार कुश्वाहा, मो. कासिम, पल्लवी अस्थाना समेत 40 कर निरीक्षकों को नोटिस जारी की गई है।

# सरदार वल्लभ भाई पटेल की जयंती पर किया नमन

वरिष्ठ संवाददाता (vol)

लखनऊ। भारत की एकता एवं अखंडता के शिल्पकार एवम सशक्त ,समृद्ध एवंआधुनिक भारत के निमार्ता भारतवर्ष के लौह पुरुष, भारत रत्न , सरदार वल्लभ भाई पटेल की जयंती को प्रतिवर्ष राष्ट्रीय एकता दिवस के रूप में मनाया जाता है । इसी के अनुपालन में मंगलवार को उत्तर रेलवे,

- **रेलकर्मियों ने रन फॉर यूनिटी में लगायी दौड़**

लखनऊ मंडल द्वारा राष्ट्रीय एकता दिवस के रूप में मनाया गया । स्टेडियम आज इस दिवस विशेष पर मण्डल द्वारा सरदार वल्लभ भाई पटेल के महान कार्यों एवं अद्भुत कृत्यों का उल्लेख करते हुए उनको याद किया गया एवं महाविभूति के प्रति कृतज्ञ नमन किया गया। इस सुअवसर पर मंडल द्वारा विभिन्न प्रकार के कार्यक्रमों का आयोजन किया गया, जिसका प्रमुख आयोजन लखनऊ के चारबाग रेलवे स्टेशन परआयोजित किया गया




स्टेडियम जिसमें प्रातःकाल रन फॉर यूनिटी का आयोजन किया गया। जिसके तहत चारबाग रेलवे स्टेडियम में बड़ी संख्या में मण्डल के अधिकारी, कर्मचारी एवं खिलाड़ी एकत्र हुए और अपर मंडल रेल प्रबंधक सचिन वर्मा के नेतृत्व में सभी गांधी उद्यान में पहुंचे जहां अपर मण्डल रेल प्रबंधक ने सर्वप्रथम सरदार वल्लभ भाई पटेल के चित्र पर माल्यार्पण किया तथा सभी उपस्थित जन को राष्ट्रीय एकता की शपथ दिलाई। तदोपरांत समस्त अधिकारियों, कर्मचारियों तथा खिलाड़ियों ने अत्यंत उत्साहपूर्वक रन फॉर यूनिटी में भाग लिया। यह यूनिटी रन स्टेशन से प्रारंभ होकर उत्तर रेलवे के स्टेडियम तक गयी एवं वहाँ पर इसका समापन किया गया। कार्यक्रम के अंत में सहायक कार्मिक अधिकारी सह सहायक क्रीड़ा अधिकारी प्रभात सिंह द्वारा सभी के प्रति धन्यवाद ज्ञापन दिया गया। इस अवसर पर स्टेशन निदेशक प्रशांत कुमार सहित अन्य अधिकारी तथा कर्मचारी उपस्थित रहे ।

# दीपावली के दिन सुबह 6 से शाम 7 बजे तक चलेंगी मेट्रो ट्रेन

**लखनऊ।** दीपावली पर्व के दिन यानी 31 अक्टूबर को लखनऊ मेट्रो ट्रेन सेवाएं सुबह 06:00 बजे से शाम 07:00 बजे तक उपलब्ध रहेंगी। दोनों टर्मिनल स्टेशनों यानी सी.सी.एस एयरपोर्ट और मुंशीपुलिया मेट्रो स्टेशन से मेट्रो ट्रेन सेवा सुबह 06:00 बजे (सुबह) शुरू होंगी और आखिरी ट्रेन 07:00 बजे (शाम) रवाना होगी। सेवाओं के समय में

- **मेट्रो कॉरिडोर के आस-पास पतंगबाजी ना करने की अपील**

यह परिवर्तन केवल दीपावली के दिन के लिए होगा। बाकी दिनों में मेट्रो ट्रेन की सेवाएं हमेशा की तरह सुबह 6:00 बजे से आरंभ होकर रात्रि में 10:00 बजे तक जारी रहेंगी। उत्तर प्रदेश मेट्रो रेल कॉरपोरेशन लि. ने शहरवासियों से अपील की है कि 2 नवंबर को गोवर्धन पूजा पर्व के दौरान मेट्रो कॉरिडोर के आस-पास पतंगबाजी न करें। नार्थ-साउथ कॉरिडोर के आस-पास पतंगबाजी से मेट्रो संपत्ति को नुकसान पहुंचता है साथ ही ऐसा करना दंडनीय अपराध है। मेट्रो कोरिडोर के आस-पास पतंग उड़ाने से न केवल मेट्रो सेवाओं को नुकसान होता है, बल्कि बिजली की आपूर्ति में भी कई बार बाधा आती है। चाइनीज और मटैलिक मांझे से पतंगबाजी करने से पतंग उड़ाने वालों की जान को भी खतरा रहता है। मेट्रो कॉरिडोर के आस-पास पतंग उड़ा कर मेट्रो संपत्ति को नुकसान पहुंचाना दंडनीय अपराध है। मेट्रो रेलवे एक्ट 2017 के अध्याय 11 (अपराध एवं दंड) की धारा 78 एवं 82 के तहत मेट्रो संपत्ति को नुकसान पहुंचाने पर 10 साल की सजा तथा बिना वारेंट गिरफ्तारी का प्रावधान है। मेट्रो ओवरहेड इलेक्ट्रिक वायर अर्थात ओएचई लाइन 25 हजार वोल्ट की बिजली या 25 केवी के वोल्टेज की आपूर्ति करती है। मटैलिक मांझे से पतंग उड़ाने या उसके पास फंसी पतंग के कारण पतंग उड़ाने वाले को बिजली का झटका भी लग सकता है और यह घातक हो सकता है।

# बल्गारी ने लांच की डिजिटल बुटीक

**लखनऊ।** टाटा क्लिक लग्जरी ने मैग्निफिसेंट रोमन हाई ज्वैलर बल्गारी के साथ मिलकर देश में पहला डिजिटल बुटीक लॉन्च करने की घोषणा की है। अब देश भर के उपभोक्ता अपने घर बैठे बल्गारी के प्रतिष्ठित आभूषण, हैंडबैग और घड़ियों की खरीदारी कर सकते हैं। टाटा क्लिक के सीईओ गोपाल अस्थाना ने कहा, उपभोक्ताओं को एक बेजोड़ ऑनलाइन लग्जरी शॉपिंग का अनुभव मिलेगा। बल्गारी के सीईओ जीन-क्रिस्टोफ बेबिन ने कहा, इस साझेदारी से प्रतिष्ठित डिजाइन भारत भर में ला रहे हैं।

# दीपावली, गोवर्धन एवं छठ पूजा पर चलायी 172 पूजा विशेष ट्रेनें

**लखनऊ।** धनतेरस, दीपावली, गोवर्धन एवं छठ पूजा के अवसर पर रेल यात्रियों की सुगम आवाजाही के लिये पूर्वोत्तर रेलवे के विभिन्न स्टेशनों से/होकर कुल 172 पूजा विशेष ट्रेनें 1,450 फेरों में चलाई जा रही हैं, जिसमें पूर्वोत्तर रेलवे के स्टेशनों से 112 पूजा विशेष ट्रेनें 946 फेरों में तथा 60 पूजा विशेष ट्रेनें 504 फेरों में पूर्वोत्तर रेलवे के विभिन्न स्टेशनों से होकर देश के प्रमुख नगरों एवं महानगरों के लिये चलाई जा रही हैं। फलस्वरूप पूर्वोत्तर रेलवे के विभिन्न स्टेशनों से/होकर गत वर्ष पूजा विशेष ट्रेनों के 556 फेरों की तुलना में इस वर्ष 1,450 फेरों में पूजा विशेष ट्रेनें चलाई जा रही हैं, जो लगभग 161 प्रतिशत अधिक है। साथ ही विभिन्न स्टेशनों से/होकर पूजा विशेष मेंा लगभग 21 लाख बर्थ के लिए कोच लगें।

# नगर आयुक्त के कार्यालय के बाहर लेट गया ठेकेदार, धरना-प्रदर्शन

विशेष संवाददाता (vol)

लखनऊ। नगर निगम में मंगलवार को भुगतान को लेकर ठेकेदार ने नगर आयुक्त के कार्यालय में लेटकर प्रदर्शन किया। नगर आयुक्त इन्द्रजीत सिंह के समझाने के बाद भी नहीं माना और अभ्रदता करने लगा। ठेकेदार नगर आयुक्त कार्यालय के बाहर लेट दिया।

- **समझाने पर नहीं माना ठेकेदार, पुलिस के हवाले किया**

अपर नगर आयुक्त डॉ. अरविंद राव ने भी उसे समझाने का प्रयास किया मगर वह नहीं माना। नगर आयुक्त अपने कार्यालय से उठकर मुख्य लेखाधिकारी के कमरे में बैठ गए। ठेकेदार वहां भी पहुंच गया और हंगामा करने लगा। लेखाधिकारी के कमरे में ही लेट गया। इस अभद्र व्यवहार से नाराज नगर आयुक्त ने पुलिस बुलाकर उसे थाने भिजवा दिया।



प्रदर्शन कर रहे ठेकेदारों ने बताया कि करीब आठ वर्ष पुराने निर्माण कार्यों तक का भुगतान बकाया है। मांगने पर इसे टाल दिया जाता है। इसी की मांग को लेकर हम लोग प्रदर्शन कर रहे हैं। नगर निगम ने पांच लाख तक का भुगतान करने को कहा है। ठेकेदारों ने कहा कि करीब 70 ठेकेदारों का 30 करोड़ का पुराना भुगतान बकाया है। पांच लाख से अधिक का भुगतान किया जाए। नगर आयुक्त से वार्ता होने के बाद आश्वासन पर ठेकेदार मानें। बातचीत के बाद भी एक ठेकेदार लेखा विभाग में हंगामा करने लगा। नगर आयुक्त इन्द्रजीत सिंह बुधवार को अपने कक्ष में ठेकेदारों के भुगतान की फाइलें देख रहे थे। इस बीच हिमाशु कंन्सट्रक्शन के ठेकेदार आर के मिश्रा पुराना भुगतान किए जाने की मांग को लेकर नगर आयुक्त से मिले। जिस पर नगर आयुक्त ने उन्हे सभी का भुगतान होने की जानकारी दी। लेकिन ठेकेदार इस बात पर नाराजगी दिखा वही कक्ष के सामने लेट गया। ठेकेदार आर के मिश्रा वर्ष 2010 के पूर्व का किसी अन्य ठेकेदार का भुगतान करने की बात पर अड़ा था। काफी देर त चले विवाद के बाद नगर आयुक्त लेखाधिकारी नंदराम कुरील के कक्ष में पहुंच गये। प्रत्रावलयों पर हस्ताक्षर करने लगे। इस बीच ठेकेदार लेखाधिकारी कक्ष में भी पहुंच कर उनके समक्ष ही जमीन पर लेट कर प्रदर्शन की धमकी देने लगा। जिसके पश्चात मौके हंगामा खड़ा हो गया। नगर आयुक्त ने हजरतगंज पुलिस को सूचना दी। जिसके पश्चात मौके पर पहुंची पुलिस उसे साथ ले गई। दिनभर थाने में रखने के बाद ठेकेदारों के अनुरोध पर उसे छोड़ दिया गया।

महत्वपूर्ण नंबर
वूमेन पावर लाइन 1090
पुलिस 100
2629999
पुलिस स्टेशन गंज 2622556

फायर स्टेशन
हजरतगंज- कंट्रोल रूम
9454418642
गोमती नगर-9454418657

एम्बुलेंस
मेडिकल सेवा- 102, 108



# रियल एस्टेट फर्म ने दो पूर्व सैनिकों से 31 लाख हड़पे




वरिष्ठ संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** विभूतिखंड कोतवाली में पूर्व सैनिक ने शिकोरा इंफ्रा के सीएमडी समेत पांच लोगों के खिलाफ धोखाधड़ी का मुकदमा दर्ज कराया है। आरोपियों ने प्लॉट दिलाने का झांसा देकर करीब 21 लाख रुपये लिए थे। वहीं, पीजीआई कोतवाली में पूर्व सैनिक ब्रजेश कुमार ने दस लाख रुपये की धोखाधड़ी की रिपोर्ट दर्ज कराई है।

वजीरगंज सिटी स्टेशन निवासी मो. आजाद ने वर्ष 2018 में प्लॉट खरीदने के लिए शिकोरा इंफ्रा के सीएमडी संतोष और उनकी मां सावित्री से मुलाकात की थी। आरोपियों ने सरोजनीनगर इलाके में 1800 वर्ग फीट जमीन 32 लाख में देने की बात कही। करीब 21 लाख रुपये टुकड़ों में लिए गए। लेकिन जमीन की रजिस्ट्री आजाद के नाम पर नहीं की। परेशान होकर पीड़ित ने विभूतिखंड विश्वासखंड तीन स्थित कम्पनी के दफ्तर पहुंच कर पूछताछ की। जहां उन्हें धमकाते हुए प्लॉट देने से मना किया गया। उधर, पीजीआई कोतवाली में मैनपुरी भोगांव निवासी ब्रजेश कुमार ने बृज गोपी डेवलपर्स के मालिक अनुज रजावत और उसके साथियों पर दस लाख रुपये हड़पने का मुकदमा दर्ज कराया है। आरोपियों ने प्लॉट देने के नाम पर ब्रजेश से रुपये लिए थे।

**जालसाजों ने लाखों रुपये किया ट्रांसफर:** आशियाना थाना इलाके में रहने वाले एक खाताधारक को जलसाजों ने डिजिटल अरेस्ट कर लाखों रुपए खाते में ट्रांसफर कर हडप लिए अपने संग धोखाधड़ी का एहसास होने पर पीड़ित ने साइबर सेल सहित स्थानीय थाने में शिकायत की है।

आशियाना थाना प्रभारी छत्रपाल सिंह ने बताया कि थाना क्षेत्र स्थित रजनीखण्ड शारदा नगर निवासी सुमित कुमार के अनुसार बीते 26 अक्टूबर को उसके मोबाइल फोन पर कालर ने फोन काल कर फेड क्रास कोरियर कंपनी से अपना परिचय देते हुए कहा कि बीते 20 अक्टूबर को उनके नाम और नम्बर का इस्तेमाल कर मुंबई से ईरान अवैध पार्सल भेजा जा रहा था जोकी ब कस्टम्स विभाग ने जब्त कर लिया है। जिसपर उसने कहा कि वह वर्ष 2017 के बाद कभी मुबई गया ही नहीं, आरोप है कि जालसाज कालर ने उसकी काल मुंबई पुलिस के फर्जी साईबर सेल में ट्रान्सफर कर दी।

साइबर सेल के नाम पर काम कर रहे स्कैमर्स ने उसे गूगल के प्ले स्टोर से स्काईप एप डाउनलोड करने का कहा और स्काईप ऐप डाऊनलोप करते ही उसे मुंबई पुलिस साईबर सेल की फर्जी आईडी पर चैट करने को कहा गया। जिसके पश्चात कालर ने विडियो काल की और, अपना कैमारा आफ रखा लेकिन उसे कैमरा लगातार आन रखने को कहा, ताकि वह उसकी बेगुनाही का बचाव रिकार्ड कर सकें। फिर उन्होने मुझे सूचना दी की मुंबई पुलिस ने एक बहुत बड़े हवाला आपरेटर की पकड़ा है। जो कई लागों की आईडी का इस्तेमाल कर के फर्जी बैंक एकाउट को संचालित कर रहा था और इस जालसाजी में उन्हें फंसे होने की जानकारी दी और डरा धमका कर केस से बचाने की बात कह तीन बार में यूपीआई द्वारा कुल दो लाख 98 हजार रुपए ट्रांसफर करा लिए अपने संग फ्रॉड का एहसास होने पर पीड़ित खाताधारक ने आशियाना थाने पर शिकायत की है। शिकायत पर पुलिस आईटी एक्ट की धारा में रिपोर्ट दर्ज कर कारवाई की जा रही है।

**सिंगापुर में नौकरी का झांसा देकर 48 हजार हड़पे:** नौकरी के नाम पर किसी को भी पैसा न दे यह बात कई बार पुलिस महकमें के बड़े अधिकारी ऐसे जालसाजों से सावधान रहने के लिए भी कहते है फिर भी लोग ऐसे लोगों के झासे में आ जाते है। सिंगापुर स्थित एनर्जी कमपनी में एग्रीकल्चर ऑफिसर की नौकरी दिलाने के बदले डॉक्टर से 48 हजार रुपये की धोखाधड़ी की गई। पीड़ित ने गुड़ंबा कोतवाली में मुकदमा दर्ज कराया है। कुर्सी रोड फूलबाग निवासी डॉ. शिव प्रकाश ने नौकरी के लिए जॉब सर्च वेबसाइट पर पोस्ट डाली थी। 27 सितंबर को उनके पास अनजान नम्बर से कॉल आई। फोन करने वाले ने बताया कि सिंगापुर स्थित इंफ्रास्ट्रक्चर एनर्जी कम्पनी में एग्रीकल्चर ऑफिसर की नौकरी निकली है। जिसके बाद उन्हें इंटरव्यू के लिए कॉल की गई। फिर ई-मेल भेज कर ज्वाइनिंग लेटर भेज कर 48 हजार रुपये जमा कराए गए। इसके बाद शिव प्रकाश से एक लाख 16 हजार रुपये की मांग की गई। शक होने पर पीड़ित ने रुपये देने से मना करते हुए गुड़ंबा कोतवाली में मुकदमा दर्ज कराया।

## रिटायर सैन्य कर्मी के क्रेडिट कार्ड से ठगों ने की ऑनलाइन शॉपिंग

वरिष्ठ संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** साइबर ठगों ने रिटायर एयरफोर्स कर्मी के क्रेडिट कार्ड से ढाई लाख रुपये की ऑनलाइन शॉपिंग कर ली। ट्रांजेक्शन डिटेल आने पर पीड़ित को धोखाधड़ी का पता चला। इसके बाद पीड़ित ने साइबर सेल में शिकायत करते हुए कृष्णानगर कोतवाली में मुकदमा दर्ज कराया है। गीतापल्ली निवासी जयप्रकाश गिरी एयरफोर्स से रिटायर हुए हैं। पीड़ित का खाता एसबीआई में है और उन्होंने क्रेडिट कार्ड भी ले रखा है। जो एक ही मोबाइल नम्बर से लिंक हैं। जयप्रकाश के मुताबिक 17 अक्तूबर को उनका फोन हैंग होने लगा। कुछ समझा नहीं आ रहा था। फिर फोन अचानक से सही हो गया। इसके चलते उन्होंने ज्यादा ध्यान नहीं दिया था। पीड़ित के मुताबिक फोन हैंग होने के कुछ दिन बाद उन्हें बैंक स्टेटमेंट मिला। जिसमें क्रेडिट कार्ड से करीब ढाई लाख रुपये की ऑनलाइन शापिंग किए जाने की डिटेल थी। जयप्रकाश के मुताबिक उन्होंने ऑनलाइन शॉपिंग नहीं की थी। ऐसे में स्टेटमेंट देख दंग रह गए। बैंक पहुंच कर पूछताछ करने पर अमेजन और रिलायंस रिटेल से खरीदारी किए जाने का पता चला। जिसके आधार पर पीड़ित ने मुकदमा दर्ज कराया है। इंस्पेक्टर कृष्णानगर पीके सिंह ने बताया कि जयप्रकाश की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर जांच की जा रही है।

## युवक की करंट की चपेट में आने से मौत

वरिष्ठ संवाददाता (vol)

लखनऊ। माल इलाके के पीरनगर गाँव निवासी युवक की करंट लगने से दर्दनाक मौत हो गयी। युवक दिल्ली में रहकर मजदूरी कर अपने परिवार का जीवनयापन करताथा। जिसकी मजदूरी करते समय करंट की चपेट में आने से मौत हो गयी।

सोमवार को शव पोस्ट मार्टम के बाद मगलवार को गांव पहुंचा, तो कोहराम मच गया। लखनऊ के माल थाना क्षेत्र के पीरनगर गांव निवासी मजदूर अवधेश कुमार रावत(27) की गत शनिवार को सायं साढ़े पांच बजे बिजली का करंट लगने से दर्दनाक मौत हो गयी। जब वह एक बोरिंग में मजदूरों के साथ काम कर रहा था। परिवार को सूचना मिलने से पहले पुलिस ने शव को मृच्यूरी पहुंचा दिया था। जिससे परिवारीजनों को शव देखने को नहीं मिला था। रविवार की छुट्टी के चलते शव का पोस्ट मार्टम सोमवार को होने के बाद शव देर शाम को मिलने से मंगलवार को प्रातः शव गांव पहुंचा। शव पहुंचते ही घर में कोहराम मच गया। शव कई दिन पुराना होने से पहुँचते ही तुरंत अंतिम संस्कार कर दिया गया। मृतक तीन भाइयों में सबसे छोटा था। परिवार में मां सोनपती पत्नी नीलम रावत, बेटी आरोही(5), बेटा आयुष(4) है।

**वीडियों कालिंग कर युवक ने लगाई फांसी:** नगराम के समेसी गांव निवासी 25 वर्षीय युवक द्वारा पत्नी को वीडियो कालिंग के दौरान मकान के अंदर कमरे में साड़ी का फंदा लगाकर आत्म हत्या कर लिया। थानाध्यक्ष ने बताया कि मृतक की मां द्वारा दी गई तहरीरी सूचना पर इस्तफाकिया रिपोर्ट दर्ज कर शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम को भेजा गया है। परिजनों द्वारा किसी पर कोई आरोप नहीं लगाया गया है। नगराम के समेसी के मोहल्ला सिंघानिया निवासी 25 वर्षीय रिंकू किसान था मृतक की मां प्रेमावती ने बताया कि पति की मौत पहले हो चुकी थी एकलौता बेटा रिंकू परिवार चलाता था बीते वर्ष 7 अक्टूबर को गोसाईगंज के धौरहरा गांव की लड़की मीनू से प्रेम प्रसंग में शादी की थी।

## 22 पीपीएस अफसर बने आईपीएस, अधिसूचना जारी

**लखनऊ।** यूपी पुलिस के 22 पीपीएस अफसरों को आईपीएस पद पर प्रोन्नति का आदेश मंगलवार को राष्ट्रपति से मंजूरी मिलने के बाद गृह मंत्रालय ने जारी कर दिया है। सात अक्टूबर को हुई डीपीसी में 24 अफसरों का नाम शामिल था। दो अफसरों का लिफाफा बंद रखा गया है। आईपीएस बनने वाले अफसरों में बजरंग बली, दिनेश यादव, समीर सौरभ, मो. इरफान अंसारी, अजय प्रताप, नेपाल सिंह, कमलेश बहादुर, राकेश कुमार सिंह, लाल भारत कुमार पाल, रश्मि रानी, चिरंजीव नाथ सिन्हा, अनिल कुमार यादव, लक्ष्मी निवास मिश्र, राजेश कुमार श्रीवास्तव, विश्वजीत श्रीवास्तव, मनोज कुमार अवस्थी, अमृता मिश्र, शियो राम यादव, अशोक कुमार, दीपेन्द्र नाथ चौधरी और मायाराम हैं। संजय कुमार यादव और संजय कुमार के खिलाफ चल रही जांच की वजह से अभी इनका लिफाफा बंद रखा गया है।

## समाज कार्य विभाग में बना हाइजीन कॉर्नर




विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** लखनऊ विश्वविद्यालय के समाज कार्य विभाग में स्वच्छता सेवा संकल्प अभियान के तहत हाइजीन कॉर्नर का उद्घाटन मंगलवार को लखनऊ विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. आलोक कुमार राय ने किया। हाइजीन कॉर्नर को स्थापित करने का उद्देश्य विश्वविद्यालय परिसर एवं आसपास के समुदायों में स्वच्छ एवं स्वस्थ वातावरण बनाना था।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि लखनऊ विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. आलोक कुमार राय ने कहा कि समाज कार्य विभाग द्वारा स्वच्छता सेवा संकल्प अभियान के तहत ही यह घोषणा की गयी थी कि विभाग जल्द ही विश्वविद्यालय तथा समुदाय में डेटॉल इंडिया के साथ मिलकर हाइजीन कॉर्नर की स्थापना करेगा, जिसका प्रथम चरण आज समाज कार्य विभाग में हाइजीन कॉर्नर के स्थापना द्वारा पूर्ण की गयी है। समाज कार्य विभाग के विभागाध्यक्ष प्रो. राकेश द्विवेदी ने बताया कि विभाग समुदाय एवं समुदाय से जुड़े विभिन्न मुद्दों पर कार्य करने के लिए के लिए प्रतिबद्ध है और विभाग एवं शोध पीठ द्वारा वर्ष भर विभिन्न प्रकार की गतिविधियां आयोजित की जाएगी, जिसमें विश्वविद्यालय परिसर अपने संस्थागत सामाजिक उत्तरदायित्व का निर्वहन विभिन्न गतिविधियों के माध्यम से पूर्ण करने का पूरा प्रयास करेगा। कार्यक्रम में डेटॉल स्वस्थ बनेगा इंडिया की तरफ से अमित शुक्ला ने बताया कि उनके संस्था समाज के विभिन्न क्षेत्र एवं लोगों के साथ मिलकर निरंतर स्वच्छता अभियान चलाती रहती है। इस कार्यक्रम के तहत समाज कार्य विभाग तथा गोद लिए गए विभिन्न ग्रामों एवं विश्वविद्यालय के विभिन्न विभागों में हाइजीन कॉर्नर का निर्माण किया जाना था जिसके प्रथम चरण की शुरूआत आज लखनऊ विश्वविद्यालय के समाज कार्य विभाग से की गई है। कार्यक्रम में लखनऊ विश्वविद्यालय की प्रति कुलपति प्रो. मनुका खन्ना, विभिन्न प्रशासनिक अधिकारी विभिन्न संकायों के संकायाध्यक्ष एवं विभिन्न विभागों के शिक्षक, छात्र समेत कई लोग मौजूद रहे।

## डीएम ने निर्वाचन नामावलियों के पुनरीक्षण पर डाला प्रकाश

- लविवि में निर्वाचक नामावलियों के विशेष पुनरीक्षण के लिए कार्यक्रम हुआ शुभारंभ

विशेष संवाददाता (vol)




**लखनऊ।** भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार और कार्यालय मुख्य निर्वाचन अधिकारी, उत्तर प्रदेश कार्यालय, जिला निर्वाचन अधिकारी लखनऊ एवं लखनऊ विश्वविद्यालय के राष्ट्रीय सेवा योजना के तत्वावधान में अर्हता निर्वाचन तिथि 1 जनवरी 2025 के आधार पर विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र की निर्वाचक नामावलियों के विशेष पुनरीक्षण के लिए शुभारंभ कार्यक्रम का आयोजन मंगलवार को लखनऊ विश्वविद्यालय स्थित एपी सेन सभागार में किया गया। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रति कुलपति लखनऊ विश्वविद्यालय प्रो. मनुका खन्ना ने किया।

मुख्य अतिथि के रूप में लखनऊ के जिलाधिकारी एवं जिला निर्वाचन अधिकारी सूर्य पाल गंगवार उपस्थित रहे। उन्होंने निर्वाचन नामावलियों के पुनरीक्षण पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम में विशेष अतिथि के रूप में उपस्थित विनय पाठक, संयुक्त मुख्य निर्वाचन अधिकारी उत्तर प्रदेश ने निर्वाचन नामावलियों के पुनरीक्षण को महत्वपूर्ण बताते हुए एनएसएस स्वयंसेवकों से आवाहन किया कि वे मतदाता बने। अध्यक्षीय उद्बोधन देते हुए प्रो. मनुका खन्ना ने निर्वाचन प्रक्रिया में नए वोटर व पुनरीक्षण पर प्रकाश डाला। राष्ट्रीय सेवा योजना के समन्वयक डॉ अमरेंद्र कुमार ने अतिथियों का स्वागत किया एवं कार्यक्रम की रूपरेखा प्रस्तुत की। प्रो. ओपी शुक्ला ने धन्यवाद ज्ञापन दिया। कार्यक्रम में राष्ट्रीय सेवा योजना लखनऊ विश्वविद्यालय से संबद्ध कॉलेजों के कार्यक्रम अधिकारी गण राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवक एवं स्वयंसेविकाएं, अभय किशोर सहायक जिला निर्वाचन अधिकारी एवं अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

## प्रकाश पर्व पर स्वच्छकारों और कर्मकारों को किया सम्मानित

लखनऊ। धनतेरस के शुभ अवसर पर लाल बहादुर शास्त्री द्वितीय वार्ड के स्वच्छकारों एवं अन्य कर्मकारों को उपहार वितरण का कार्यक्रम लिबर्टी पार्क सर्वोदय नगर में पार्षद भूपेंद्र शर्मा ने मंगलवार को आयोजित किया। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में भाजपा महानगर के महामंत्री त्रिलोक सिंह अधिकारी, विभाग संघ चालक अरविंद एवं विशिष्ट अतिथि के रूप में विभाग कार्यवाह अमितेश की गरिमामयी उपस्थिति रही। इस अवसर पर वार्ड के सम्मानित जन के साथ जेडएसओ कुलदीपक सिंह व सफाई निरीक्षक बृजेश प्रजापति ने भी इस कार्यक्रम में अपनी सहभागिता की। मुख्य अतिथि एवं विशिष्ट अतिथियों द्वारा सभी स्वच्छकारों एवं अन्य कर्मकारों को सम्मानित किया गया और उपहार का वितरण कर उनके कार्यों के महत्व को अवगत कराया। सभी स्वच्छकारों कर्मकारों एवं सम्मानितजन को पांच दिवसीय पावन पर्व की बधाई देते हुए संपूर्ण समाज की मंगल कामना की। इस कार्यक्रम में सेक्टर संयोजक नीलम त्रिपाठी, सेक्टर संयोजक दीपक कश्यप, सेक्टर संयोजक, सुनील श्रीवास्तव, मंडल मंत्री, अर्जुन कुमार, मंडल संयोजक, किशोर पांडे सहित कई लोग शामिल हुए।

## अजय राय पहुंचे मृतक मोहित पांडेय के आवास

लखनऊ। उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष अजय राय पुलिस हिरासत में हुई मौत पर संवेदना प्रकट करने स्वर्गीय मोहित पांडेय के आवास पहुंचे। उन्होंने शोक संतप्त परिजनों को ढांढस बंधाया और पार्टी के हर तरीके के सहयोग का आश्वासन भी दिया। आवास के बाहर पत्रकारों से बात करते हुए अजय राय ने कहा कि योगी राज में पुलिस पूरी तरह निरंकुश हो गई है। पंद्रह दिन के अंदर राजधानी में हिरासत में हत्या का ये दूसरा मामला है।

## कुलपति ने एसयूओ शिरी फातिमा से की मुलाकात

विशेष संवाददाता (vol)



**लखनऊ।** ख़्वाजा मुईनुद्दीन चिश्ती भाषा विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. एनबी सिंह ने मंगलवार को सीनियर अंडर ऑफिसर (एसयूओ) शिरी फातिमा से मुलाकात की, जो चेन्नई स्थित प्रतिष्ठित ऑफिसर्स ट्रेनिंग एकेडमी (ओटीए) अटैचमेंट कैंप को सफलतापूर्वक पूरा कर लौटी हैं। एनसीसी 20 यूपी गर्ल्स बटालियन, लखनऊ के तहत केएमसीएलयू का प्रतिनिधित्व करने वाली शिरी फातिमा, लखनऊ से एकमात्र चयनित कैडेट थीं और उत्तर प्रदेश से चुने गए 15 कैडेट्स में से एक थीं। इस कैंप में भारत के विभिन्न हिस्सों से आए 100 कैडेट्स ने भाग लिया। ओटीए चेन्नई कैंप ने शिरी को अपने नेतृत्व कौशल और तकनीकी दक्षता को विकसित करने का एक बेहतरीन अवसर प्रदान किया। घुड़सवारी से लेकर फायरिंग प्रैक्टिस तक की गतिविधियों में भाग लेते हुए शिरी ने अनेक प्रेरणादायक महिला अधिकारियों द्वारा आयोजित व्याख्यानों में भी हिस्सा लिया। इन सत्रों से उन्हें न केवल बहुमूल्य अनुभव प्राप्त हुआ बल्कि उनके आत्मविश्वास और प्रेरणा को भी नई दिशा मिली। शिरी ने विश्वविद्यालय कुलपति, 20 यू पी बालिका वाहिनी के कमान अधिकारी, और विश्वविद्यालय की एसोसिएट एनसीसी ऑफिसर लेफ्टिनेंट डॉ. बुशरा अलवेरा के प्रति गहरी कृतज्ञता व्यक्त की, जिनके सहयोग ने उनकी इस यात्रा को संभव बनाया। शिरी ने कहा कि वह अपने साथियों के साथ अपने अनुभव और सीखे हुए कौशल को साझा करने के लिए उत्साहित हैं, ताकि वह एक बेहतर नागरिक के रूप में अपने देश की सेवा में योगदान दे सकें।

## रन फॉर यूनिटी में सिविल डिफेंस ने किया प्रतिभाग

**लखनऊ।** सिविल डिफेंस लखनऊ के 250 से ज्यादा स्वयंसेवकों ने रन फॉर यूनिटी कार्यक्रम में प्रतिभाग किया। उपनियंत्रक अनिता प्रताप के आदेशानुसार और चीफ वार्डन अमरनाथ मिश्रा के नेतृत्व में सिविल डिफेंस लखनऊ के 13 प्रखंड से आए 250 से ज्यादा स्वयंसेवकों ने दौड़ में भाग लिया। राष्ट्रपति पदक से अलंकृत सीनियर असिस्टेंट डिप्टी कंट्रोलर मनोज वर्मा ने बताया कि सरदार वल्लभ भाई पटेल की जयंती के उपलक्ष्य में रन फॉर यूनिटी का आयोजन किया गया था, जो आज सुबह 8.30 बजे 5 कालिदास मार्ग से शुरू होकर केडी सिंह बाबू स्टेडियम पर समाप्त हुई। मुख्यमंत्री आदित्य नाथ योगी ने हरी झंडी दिखाकर दौड़ को रवाना किया।

इस आयोजन में सिविल डिफेंस के वरिष्ठ सहायक उपनियंत्रक मनोज वर्मा, ऋषि कुमार, ममता रानी, रेखा पांडेय, मुकेश कुमार के साथ डिविजनल वार्डन सुनील कुमार शुक्ला, सत्येंद्र शर्मा, डिप्टी डिविजनल वार्डन हरीश चंद्र, हेमंत, स्टाफ अफसर राजेंद्र कुमार, आशीष कपूर, गुफरान अहमद, अयाजुद्दीन, राजेंद्र प्रसाद, के आर पाल, अरविन्द मिश्रा, संतोष सिंह प्रखण्ड गोमती नगर से नफीस अहमद, वारिस अली खान, आशीष कुमार, अलीम, सज्जन, शाजिया, जय सिंह, राम खिलावन वर्मा, के के पांडे, अशोक गुप्ता, सहित सैकड़ो वार्डन उपस्थित रहे।

**कार्यालय अधीक्षण अभियन्ता, विद्युत कार्य मण्डल, मध्यांचल विद्युत वितरण निगम लि. अयोध्या ई-निविदा सूचना** : अधोहस्ताक्षरी द्वारा अनुभवी एवं कार्य में दक्ष ठेकेदारों से अल्पकालीन ई-निविदा दो भागों में निम्न विवरण अनुसार उ.प्र. सरकार के पोर्टल www.etender.up.nic.in पर आमंत्रित की जाती है। निविदा अपलोड करने की अंतिम तिथि 06.11.2024 को 10.00 बजे तक तथा प्रथम भाग के खुलने की तिथि दिनांक 06.11.2024 को 14.00 बजे है। निविदा संबंधी पूर्ण विवरण www.etender.up.nic.in पर अवलोकित किया जा सकता है। निविदा का प्रथम व द्वितीय भाग www.etender.up.nic.in पर ही अपलोड किया जाएगा। निविदा के पुर्नप्रकाशन, अवधि विस्तारणए शुद्धिपत्र, संशोधन अथवा निरस्तीकरण की सूचना www.etender.up.nic.in पर ही प्रकाशित होगी। अधोहस्ताक्षरी को बिना कोई कारण बताए किसी अथवा सभी निविदाओं को निरस्त करने/संशोधन करने/विभिन्न फर्मों के मध्य विभक्त करने का अधिकार सुरक्षित है। निविदा का विवरण निम्नवत है **क्र.सं.**-1, **ई-निविदा संख्या**-42/अधी./अभि./वि.का.मं./अयो./ 2024-25 **कार्य का नाम**- जनपद अयोध्या में 33/11 के.वी. विद्युत उपकेन्द्र लालबाग को अतिरिक्त स्त्रोत प्रदान करने हेतु लालबाग से अंजनीपुरम कैण्ट तक 33 के.वी. लिंक लाईन का निर्माण कार्य। **निविदा प्रपत्र का मूल्य (रुपए)** रू. 3540.00 जी.एस.टी. सहित (अप्रतिदेय) **धरोहर धनराशि (रु.)**-15000.00 **अधीक्षण अभियन्ताल म. वि. वि. नि. लि. अयोध्या "राष्ट्रहित में बिजली बचायें, बल्ब की जगह एल.ई. डी. लगायें"(पत्रांक 290, दिनांक : 29 अक्टूबर, 2024)**

**NOTICE**

I FARIDA W/o MUKHTAR AHMAD H.No.419/17-A HATA SURAT SINGH THAKURGANJ LUCKNOW, (U.P.) have changed my name from FARIDA BANO To FARIDA for all future purpose.

**कार्यालय ग्राम पंचायत बनकेगांव, वि.ख. कादीपुर, जनपद-सुलतानपुर**

पत्रांक-मेमो/ग्रा.पं./निविदा/कोटेशन सूचना/2024-25 दिनांक-29.10.2024

**अल्पकालीन निविदा/कोटेशन**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत बनकेगांव, वि0ख0 कादीपुर, सुलतानपुर में राज्य वित्त/पंचम वित्त/15वां वित्त/मनरेगा योजनान्तर्गत वर्ष 2024-25 में प्राप्त धनराशि से होने वाले निर्माण कार्य हेतु सामग्री आपूर्तिकताओं/ठेकेदारों से निविदा/कोटेशन दरें आमंत्रित की जाती है। इच्छुक फर्म निविदा प्रकाशन तिथि दिनांक 30.10.2024 से दिनांक 05.11.2024 तक कार्यालय ग्राम पंचायत बनकेगांव पर ग्राम प्रधान/सचिव को दोपहर 02:00 बजे तक उपलब्ध करा सकते है। निविदा दिनांक- 05.11.2024 को निविदादाताओं की उपस्थिति में शाम 03:00 बजे खोली जाएगी। दरें पी.डब्ल्यू.डी. द्वारा जारी दरों से अधिक नहीं होनी चाहिए। विवरण निम्न प्रकार है-

| क्रम सं. | कार्य का नाम | अनुमानित लागत (रुपये में) | सामग्री विवरण |
|---|---|---|---|
| 1. | इंटरलॉकिंग से अच्छेलाल एवं देवी प्रसाद के घर तक खड़ंजा निर्माण कार्य। | 4.99 लाख। | एसओबी ईंट व अन्य सामग्री। |
| 2. | पंचराज वर्मा के घर से संदीप वर्मा के घर होते हुए मदन वर्मा के घर तक खडंजा निर्माण कार्य। | 4.99 लाख। | एसओबी ईंट व अन्य सामग्री। |
| 3. | जटौली कुम्हार बस्ती में नाली निर्माण कार्य। | 3.99 लाख। | ईंट प्रथम श्रेणी, सीमेंट, मोरंग, बालू व अन्य सामग्री। |
| 4. | पक्की सड़क से सियाराम के घर तक इंटरलॉकिंग कार्य। | 3.99 लाख। | इंटरलाकिंग ईंट, सीमेंट, मोरंग, बालू व अन्य सामग्री। |
| 5. | बनकेगांव पश्चिम पुरवा में करिया के घर से दिनेश मिश्रा के घर तक इण्टरलॉकिंग मरम्मत कार्य। | 4.99 लाख। | इंटरलाकिंग ईंट, सीमेंट, मोरंग, बालू व अन्य सामग्री। |
| 6. | बनकेगांव पक्की सड़क से पूरब हरि0 बस्ती होते हुए मनीष के घर तक खडंजा मरम्मत कार्य। | 4.99 लाख। | एसओबी ईंट व अन्य सामग्री। |
| 7. | राम जियावन के घर नहर की पटरी तक खडंजा मरम्मत कार्य। | 4.99 लाख। | एसओबी ईंट व अन्य सामग्री। |

**नोट- समस्त नियम व शर्तें लागू होंगी। कार्यालय के किसी भी कार्यदिवस में देखी जा सकती है।**

ग्राम प्रधान/सचिव
ग्रा.पं.- बनकेगांव, वि.ख.- कादीपुर
जनपद-सुलतानपुर

## छात्रों ने पटाखा रहित दिवाली मनाने का लिया संकल्प

विशेष संवाददाता (vol)




लखनऊ। सीएमएस के सभी 21 कैम्पस के 63,000 से अधिक छात्रों ने मंगलवार को अपने-अपने विद्यालयों में हर्षोल्लास के साथ दीपावली समारोह मनाया। जहां एक ओर, सीएमएस अशफाबाद कैम्पस के छात्रों ने मार्च निकालकर पटाखा रहित दीवाली मनाने की जोरदार अपील की, तो वहीं दूसरी ओर, सीएमएस के स्टेशन रोड कैम्पस द्वारा आयोजित दीवाली वर्कशाप में छात्र-छात्राओं ने बड़े ही सुंदर दीये बनाकर इको-फ्रेंडली दीवाली का अलख जगाया। इसके साथ ही, क्विज, लघु नाटिका, नृत्य-संगीत, रंगोली व विभिन्न रंगारंग शिक्षात्मक-सांस्कृतिक कार्यक्रमों द्वारा पटाखा रहित दीवाली मनाने की अपील की। कुल मिलाकर, दीवाली के इस पावन पर्व पर स्कूल के सभी 63,000 से अधिक छात्रों ने पटाखा रहित दीवाली मनाने का संकल्प लिया और अपने पास-पड़ोस के बच्चों को भी इस बारे में जागरूक करने की आवाज बुलंद की। इस अवसर पर स्कूल के विभिन्न कैम्पस की प्रधानाचार्यों ने समस्त देशवासियों खासकर स्कूली बच्चों से अपील की कि वे देश हित में, समाज हित में पटाखा रहित दीवाली मनाएं और बुराई से अच्छाई की ओर अग्रसर हो।

## ईडी ने अब तक जब्त की शाइन सिटी की 74 करोड़ की प्रॉपर्टी

**लखनऊ।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने शाइन सिटी समूह की बाराबंकी सहित अन्य प्रदेशों में हरियाणा में 74 करोड़ 16 लाख रुपये की सम्पत्तियां मंगलवार को कुर्क कर ली। इन सम्पत्तियों में लखनऊ के मोहनलालगंज में भगवती प्रसाद के नाम पर 47.80 करोड़ रुपये की कृषि भूमि, शाइन सिटी कालोनाईजर्स प्राइवेट लिमिटेड के नाम की बाराबंकी में 16.5 करोड़ रुपये की छह आवासीय भूमि, बाराबंकी में ही दुर्गाप्रसाद नाम से 57 लाख रुपये की तीन कृषि भूमि शामिल हैं। ईडी ने इस मामले में आठ आरोपितों को गिरफ्तार किया था। इनमें शशि बाला, अभिषेक सिंह, दुर्गा प्रसाद, उद्धव सिंह, आशिफ नसीम, अमिताभ श्रीवास्तव, मीरा श्रीवास्तव और हिमांशु कुमार हैं। इस मामले में पांच पूरक चार्जशीट भी दायर की जा चुकी है। ईडी ने आठ व्यक्तियों, 13 कंपनियों और नौ साझेदारी फर्मों को आरोपी बनाया है। कोर्ट ने चार्जशीट का संज्ञान लेकर कार्रवाई शुरू कर दी है। इसके अलावा सहयोगी कम्पनी वर्धमान बिल्डटेक प्रा. लि. की हरियाणा के रेवाड़ी में विकसित स्प्रिंगडेल परियोजना में 9.27 लाख का एक व्यवसायिक भूखंड और चार व्यवसायिक जमीनें भी कुर्क हुई हैं। ईडी के अफसरों के मुताबिक, निवेशकों को कई तरह के प्रलोभन देकर अरबों रुपये शाइन सिटी कंपनी ने वसूल लिए थे। फिर इस रकम को शाइन सिटी के प्रमोटर व अन्य को ट्रांसफर कर दिया गया। यह सब कुछ कम्पनी के सीएमडी राशिद नसीम और उसके भाई ने किया। इन दोनों ने यूपी ही नहीं कई अन्य प्रदेशों में कई तरह की योजनाएं लाकर रिएल एस्टेट सेक्टर के जरिए खूब रकम बना ली।



धनतेरस पर सोने के गहने खरीदती युवती



बर्तन की खरीदारी करती महिलाएं



धनतेरस पर नये वाहन की डिलिवरी लेते ग्राहक

सभी फोटो-अमित वर्मा

# धनतेरस पर खिला बाजार, चमका सोना-चांदी, खनके बर्तन

## राजधानी में धनतेरस पर लगभग 3700 करोड़ का हुआ कारोबार, 18 लाख का हार बिका




वरिष्ठ संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** धनतेरस के दिन राजधानी के सभी प्रमुख बाजारों में जमकर खरीदारी की गई। सुबह से लेकर रात तक सभी बाजार गुलजार रहे। ग्राहकों ने जमकर खरीदारी की। जिससे व्यपारियों के चेहरे भी खिल उठे। बाजार सुबह जल्दी खुल गए, देर रात तक लोग सोना, चांदी, प्लेटिनम, ऑटोमोबाइल, इलेक्ट्रानिक्स आइटम के साथ ही कपड़े और घरों को शानदार लुक देने वाले आइटम खरीदते दिखाई पड़े। ऑटोमोबाइल, ज्वेलरी, कपड़े और फर्नीचर शोरूम में अच्छी बिक्री होने से कारोबारियों के चेहरे पर खुशी झलक रही थी। मॉल और बाजारों में खरीदारों का तांता लगा रहा। आधी रात के बाद भी बाजार दमकते रहे। लखनऊ व्यापार मंडल के वरिष्ठ महामंत्री ने बताया कि इस बार लगभग 3700 करोड़ का कारोबार हुआ।

**ऑटोमोबाइल: 1450 करोड़ का कारोबार:** धनतेरस के दिन सबसे अधिक धनवर्षा ऑटोमोबाइल बाजार में हुई। राजधानी में करीब 1450 करोड़ से ऊपर की गाड़ियां खरीदी गई। इसमें चार पहिया और दो पहिया दोनों शामिल हैं। गाड़ियों के शोरूम पर मौजूद ऑटो एक्स्पट्र्स की माने तो दस हजार दो पहिया और ढाई से तीन हजार कारों की बुकिंग की गई। इनमें भी महंगी गाड़ियों की डिमांड रही। लैंड रोवर, बीएमडब्लू, एंडीवर, ऑडी, जगुआर, एसयूवी, फॉच्यूनर जैसी गाड़ियों के प्रति लोगों का आकर्षण रहा। दो पहिया वाहनों में बुलेट के प्रति खासा क्रेज देखने को मिला।

**बर्तन बाजार: 150 करोड़:** राजधानी के सभी बाजारों में बर्तन बाजार में खूब भीड़ दिखी। सबसे अधिक भीड़ यहियागंज बर्तनबाजार में दिखी, यहां पर होल सेल व्यापारियों ने आज के दिन रिलेट काउंटर भी लगा रखे थे। ऐसे में यहां सुबह से देर रात तक लोग जमा रहे। स्टील के बर्तनों की डिमांड सबसे अधिक रही। चम्मच, डिजाइनर कटोरी, गिलास, टिफिन, पूजा की थालियों के साथ ही डिनर सेट की डिमांड रही। यहां पर दस रुपए से लेकर पांच हजार रुपए तक के आइटम की सेल खूब हुई। नॉन स्टिक तवा, कढ़ाई और प्रेशर कुकर को लोगों ने हाथों हाथ लिया।

**कपड़ा बाजार: 125 करोड़:** अमीनाबाद, गणेशगंज के साथ ही हजरतगंज समेत राजधानी के विभिन्न इलाकों में खुले कपड़ों के ब्रांडेड शोरूम से लेकर सामान्य कपड़ों की दुकानों तक में लोग देर शाम तक नजर आए। जींस, ट्राउजर, शर्ट, कुर्ता पायजामा के साथ ही डिजाइनर लहंगा, चोली, सूट और पार्टी वियर साड़ीज खूब बिकी।

**सर्राफा बाजार 560 करोड़:** सराफा बाजार में 560 करोड़ की बिक्री हुई। हमेशा की तरह धनतेरस सराफा बाजारों में सबसे



अधिक चमक रही। सोना-चांदी की खरीदारी को शुभ मानने की प्रथा के चलते ग्राहकों ने खूब खरीदारी की। सराफा कारोबारियों ने



अपने-अपने प्रतिष्ठानों को ग्राहकों को आकर्षित करने के लिए सजा रखा था। दोपहर बाद सराफा बाजार में उमड़ी भीड़ देर रात जमी रही। अमीनाबाद, आलमबाग, चौक, गोमती नगर, हजरतगंज सहित अन्य प्रमुख सराफा बाजारों में ग्राहकों ने जोर-शोर से खरीदारी की।

**इलेक्ट्रानिक्स: 320 करोड़:** एलईडी टीवी की डिमांड सबसे अधिक रही। दस हजार से लेकर एक लाख तक के टीवी हाथों हाथ बिके। इसके बाद मौसम की डिमांड को देखते हुए गीजर, वाटर प्यूरीफॉयर, फ्रिज, आयरन, रूम हीटर की भी जमकर खरीदारी हुई। लगभग 90 करोड़ की आइटम इसमें खरीदे गए। इसके अलावा कि मोबाइल, लैपटॉप, टैब और कम्प्यूटर भी खूब बिका। लगभग दस करोड़ रुपए से अधिक के आइटम धनतेरस के दिन बिके। मोबाइल के लिए श्रीराम टावर में दोपहर के बाद जब भीड़ उमड़नी शुरू हुई तो यहां रोड के सामने जाम लग गया। मोबाइल में जहां पांच हजार से लेकर बीस हजार रुपए तक वहीं लैपटॉप में तीस हजार वाले आइटम की डिमांड खूब रही।

**मिठाई: 152 करोड़:** इस बार ड्राई फ्रूटस के आने वाले गिफ्ट हैम्पर की डिमांड खूब रही। पांच हजार से लेकर ढाई लाख तक के गिफ्ट हैंपर्स को ग्राहकों ने खूब पसंद किया। इसके अलावा शहर के प्रतिष्ठित दुकानों पर मिक्स मिठाई के रेट 600 से लेकर एक हजार तक पहुंच गए थे वहीं कुछ खास मिठाइयां 4 हजार रुपए तक बिकी।

**महंगे सामान की खूब हुई बिक्री:** बाजार में महंगे सामान की खूब बिक्री हुई। रुचि इलेक्ट्रानिक के मालिक नितीन अग्रवाल बताते हैं कि पिछली बाद दो कस्टमर जितना मिलके सामान खरीदते थे इस बार एक कस्टमर उतना सामान खरीद रहा है। उदाहरण के लिए ऐसे कई कस्टमर रहे हैं जो 40 हजार से ज्यादा के वाशिंग मशीन खरीद के ले जा रहे हैं।

**कपड़ा बाजार में भी रही भीड़:** कारोबार बिक्री पिछले साल से 20 फीसदी ज्यादा रहने की उम्मीद है। शहर के पांच हजार दुकानों को मिलाकर 265 करोड़ रुपए का कारोबार हो सकता है। कपड़ा कारोबारी उत्तम कपूर और प्रभु जलान ने बताया कि बाजार उम्मीद से बेहतर रहा। प्रभु जलान ने बताया कि साड़ी के अलावा बेड और ठंडी में प्रयोग होने वाले कपड़े ज्यादा बिक रहे है। हालांकि कपड़ा बाजार में 80 फीसदी बिक्री साड़ी, शूट और शॉल की रही।

**मोबाइल : ऑनलाइन को पीछे छोड़ा:** ऑनलाइन की मार झेल रहा मोबाइल और इलेक्ट्रानिक व्यापारियों के यहां भी काफी भीड़ रही। दोनों सेक्टर को मिलाकर करीब 170 करोड़ रुपए का कारोबार होने की उम्मीद है। सबसे ज्यादा बिक्री फ्रीज और वॉशिग मशीन की हो सकती है। टीवी में स्मार्ट टीवी की डिमांड सबसे ज्यादा रही। दुकानों पर ऑनलाइन की रेट में मोबाइल बेचने का दावा किया गया। बालाजी मोबाइल शॉप के मालिक नीरज जौहर ने बताया कि पहले से बेहतर स्थिति रही। अगर ऑनलाइन पर कंट्रोल किया गया होता तो कारोबार और बढ़िया होता। प्रमुख बाजारों में श्रीराम टॉवर, भूतनाथ, नाका हिंडोला मार्केट के अलावा छोटी दुकानों पर भी खूब मोबाइल बिके।

**बर्तन की चमक ने आकर्षित किया महिलाओं को:** धनतेरस के अवसर पर बर्तन के बाजार भी पूरी चमक-दमक के साथ सजे नजर आए। वहीं, लैय्या-चना, चीनी मिठाई और दिए की खरीदारी खूब हुई। आर्टिफिशियल ज्वेलरी ने टीन एजर्स को आकर्षित किया। राजस्थानी हार इन दिनों कॉलेज गर्ल को खूब अट्रैक्ट कर रहे हैं। धनतेरस के अवसर पर फूटपाथ की दुकानों का भी खूब फायदा हो रहा।

**कपड़ा बाजार:** मॉल से लेकर अन्य कपड़ा बाजार हो या फिर अमीनाबाद में फुटपाथ पर लगी दुकानें। दिवाली पर नए कपड़े पहनने की ख्वाहिश रखने वाले अधिकतर लोगों ने धनतेरस का दिन खरीदारी के लिए तय कर रखा था। यही वजह रही कि कपड़ों की खरीदारी के लिए दोपहर बाद से बाजारों व मॉल में लोगों की भीड़ उमड़ पड़ी।

## आधी रात तक गुलजार रहा बाजार, खूब हुई खरीदारी





वरिष्ठ संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** धनतेरस पर मंगलवार को शहर गुलजार रहा। कदम-कदम पर सजी दुकानों पर ग्राहक मोल-भाव करते दिखाई तो खरीदारी कर ग्राहकों के चेहरे पर खुशी की असीम खुशी दिखाई दी। कोई शुभ मुहूर्त का इंतजार कर कार व बाइकों की खरीदारी में मशगूल था तो कोई जेवरात की खरीदारी कर त्योहार का जश्न मना रहा था। वहीं त्योहार में कपड़ों की खरीदारी हर किसी के लिए खास बनी रही। मॉल से लेकर शहर की प्रमुख कपड़ा बाजारों में खरीदारों का तांता लगा रहा। बर्तन बाजार भी ग्राहकों की भीड़ से पटा रहा। ग्राहकों की रोशनी से चमकता बाजार आधी रात के बाद भी दमकता रहा।

**गुजराती बंधनवार, कोलकाता की मूर्तियों की धूम:** अमीनाबाद की विक्रेता गरिमा अग्रवाल ने बताया कि इस बार गुजरात और कोलकाता की वस्तुएं लोगों को खूब पसंद आ रही है। उन्होंने बताया कि गुजराती बंधनवार की किमत 500 से 1400 रुपए तक है। पूजा की थाल 300 से 500 इको फ्रेंडली मिट्टी की मटकी की किमत 350 है वहीं कोलकाता से विशेष तौर पर आई श्री लक्ष्मी.गणेश की मूर्तियों की मांग सबसे अधिक है जिनका किमत 300 से शुरू होकर तीन हजार तक है।

**गाड़ियां लेकर मंदिर पहुंचे माथा टेकने:** सराफा बाजार के बाद सबसे अधिक ऑटोमोबाइल सेक्टर में धूम रही। कार व बाइकों के शोरूम में सुबह से ही लोगों की भीड़ लग गई थी। चूंकि सभी कारों व बाइकों की पहले से ही बुकिंग थी, ऐसे में ग्राहकों को कंपनियां जल्द से जल्द गाड़ियां डिलीवर करने में जुटी रहीं। यह सिलसिला सुबह से लेकर देर शाम तक जारी रहा। ज्यादातर खरीदार शोरूम से गाड़ियां लेने के तुरंत बाद अलग-अलग मंदिरों में पहुंचते रहे और पूजा अर्चना के बाद गाड़ियां घर ले गए।

**परिवार के साथ मिलकर बांटी खुशियां:** पूरा शहरवासियों पर त्योहार की खुमारी छाई हुई है। धनतेरस पर खरीदारी करने के लिए अधिकतर लोग पूरे परिवार संग बाजारों में पहुंचे थे। खुशी के इस मौके पर खरीदारी कर हर कोई जोश और उत्साह में दिखाई दे रहा था। कार व बाइक की खरीदारी के बाद लोग मिठाइयां बांटते भी नजर आए। वहीं कुछ लोग अपने-अपने दोस्तों के साथ धनतेरस पर खरीदारी कर त्योहार का आनंद उठाया।

**तांबे के थर्मस और छोटे प्रोडक्ट की डिमांड:** धनतेरस पर बर्तन खरीदने का चलन सबसे ज्यादा है। ऐसे में यहियागंज से लेकर गोमतीनगर तक बर्तन बाजार पूरी तरह सज गए हैं। बड़े बाजारों के अलावा कूपरथला, गोमती नगर, महानगर, तेलीबाग, आशियाना इलाके के लोकल मार्केट, यहियागंज, फैजाबाद रोड, डंडईया बाजार में आधी रात तक बाजार खुले रहे। दुकानदार बैजनाथ ने बताया पिछले कई दिनों से डिमांड में चले रहे तांबे के बर्तन धनतरेस के दिन भी लोगों की पहली पंसद रहे। तांबे से बने थर्मस की काफी डिमांड है, हालांकि इसका रेट 600 रुपए से 1200 रुपए तक था।





# आज श्रद्धा पूर्वक मनेगा बजरंग बली का प्राकट्य उत्सव

## मंदिरों में होंगे सुंदरकांड पाठ, लेटे हनुमान मंदिर में होगी महाआरती, सुबह से लगेगी भक्तों की कतार





वरिष्ठ संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** दीपावली के एक दिन पहले 30 अक्टूबर को छोटी दीपावली पर बजरंग बली का प्राकट्य उत्सव मनाया जाएगा। नरक चतुर्दशी के दिन होने वाले उत्सव को लेकर लेकर हनुमान मंदिरों में तैयारियां पूरी हो गई हैं। कार्तिक कृष्ण चतुर्दशी अर्थात नरक चतुर्दशी को हनुमान जी का अवतार मेष लग्न स्वाति नक्षत्र में हुआ था।

आचार्य चंद्रकांत द्विवेदी ने बताया कि हनुमान जयंती पर बजरंग बली लाल फूल, सिंदूर, चमेली के तेल का लेप, बेसन के लड्डू और बूंदी से शीघ्र प्रसन्न होते हैं। छोटी दीपावली को मां अंजना की कोख से हनुमान जी अवतरित हुए थे। देवाधिदेव महादेव के अंश होने के साथ ही शनिदेव व वरुण देव की विशेष कृपा भी बजरंग बली के दर्शन-पूजन से मिलती है। अलीगंज के नए हनुमान मंदिर ट्रस्ट के सचिव राजेश पांडेय ने बताया कि इस दिन आरती के साथ ही विशेष विधान होंगे। एक दिन पहले 29 को मंदिर में पारिजात के पुष्पों से महालक्ष्मी का पूजन होगा। पंजीकरण शुरू हो गया है। पंजीकृत श्रद्धालुओं को पारिजात के पुष्प भी प्रसाद स्वरूप में दिए जाएंगे। इसके अलावा सभी मंदिरों में सामूहिक सुंदरकांड पाठ होगा। पक्कापुल स्थित दक्षिणमुखी हनुमान मंदिर के पुजारी श्रीराम सिंह ने बताया कि बजरंग बली को सुबह भोग लगेगा और प्रसाद वितरण होगा।

### भजन गायक शशांक शेखर ने किया सुंदरकांड का पाठ

**लखनऊ।** आज लेटे हुए हनुमान जी मंदिर में हनुमान जन्मोत्सव के अवसर पर हनुमान जी को 21 किलो लड्डू का भोग लगाया गया। सुबह भक्तों द्वारा सिंदूर का चोला चढ़ाया गया भव्य सिंगर एवं आरती के बाद भंडारा प्रारंभ हुआ। मंदिर के मुख्य सेवादार डॉ विवेक टंगड़ी एवं पंकज सिंह भदोरिया द्वारा बाल हनुमान जी की अष्टधातु की लेटी हुई मूर्ति को पंचामृत से स्नान कराया गया। पूर्व मंत्री डॉ महेंद्र सिंह ने हनुमान जी को प्रसाद अर्पण कर आरती उतारी। शाम को भजन गायक शशांक शेखर द्वारा सुंदरकांड का पाठ किया गया। रात में हनुमान जी का पुनः फूलों से श्रृंगार किया गया और भव्य आरती उतर गई। रात तक भंडारा निरंतर चलता रहा। इस अवसर पर ट्रस्ट के रिद्धि किशोर गौड़ , अल्केश सोती ,लवलीन खोसला, आशीष अग्रवाल, अजय मेहरोत्रा, जगदीश श्रीवास्तव, अखिलेश कुमार ,सुरेंद्र सूदन ,राहुल मेहरोत्रा सहित भक्त उपस्थित थे।

## दिव्यांग बच्चों ने सुनी दादी-नानी की कहानी



**लखनऊ।** लोक संस्कृति शोध संस्थान द्वारा दिव्यांग बच्चों को दादी नानी की कहानी सुनायी गयी। मंगलवार को जानकीपुरम स्थित जयति भारतम्‌दिव्यांग विद्यालय में स्टोरीमैन जीतेश श्रीवास्तव ने बच्चों को कहानी सुनायी। संस्थान की ओर से बच्चों को उपहार देकर दीपावली की खुशियां साझा की गयीं। कहानी में दर्जी और उसके बेटे टिंकू के माध्यम से हमेशा दूसरों की मदद करने और लोगों को जोड़ने का सन्देश दिया गया। कार्यक्रम में जयति भारतम परिवार की निदेशक रेनू अग्निहोत्री, लोक संस्कृति शोध संस्थान की संरक्षक आभा शुक्ला, सचिव सुधा द्विवेदी, ऋचा माथुर सहित अन्य सम्मिलित रहे।

**कार्यालय-जिला पंचायत, बहराइच**

पत्रांक 298/कर अनु. /जि.पं. /2024-25 दिनांक 25 अक्टूबर, 2024

**दीपावली की हार्दिक शुभ कामनाएं**

**भरो कर रहो निडर**

आत्म निर्भर जिला पंचायत, बहराइच हेतु समस्त सम्मानित जनप्रतिनिधियों, करदाताओं, लाइसेंसधारकों, वास्तुविदों, दुकानों के किरायेदारों, आबकारी के बकायेदारों तथा वसूली प्रमाण पत्र के सापेक्ष विभिन्न मदों यथा ईंट भट्ठा व्यवसाय, नौका घाट, तहबाजारी, हड्डी चमड़ा, मत्स्य आखेट आदि के बकायेदारों को अवगत कराना है कि शीघ्रातिशीघ्र मा. पंचायतीराज समिति/शासन के निदेशों के अनुक्रम में जिला पंचायत बहराइच के जिला निधि में संदर्भित धनराशि जमा कराना सुनिश्चित करें ।

| | | | |
|---|---|---|---|
| रवीन्द्र सिंह | वीरेश कुमार | डॉ. वीरेन्द्र बहादुर | मंजू सिंह |
| अभियन्ता | वित्तीय परामर्शदाता | अपर मुख्य अधिकारी | अध्यक्ष |
| जिला पंचायत | जिला पंचायत | जिला पंचायत | जिला पंचायत |
| बहराइच | बहराइच | बहराइच | बहराइच |

# आप मेहनत करेंगे तो मंजिल दूर नहीं : कार्तिक आर्यन

## कार्तिक आर्यन और माधुरी दीक्षित ने लखनऊ में किया भूल भुलैया 3 का प्रमोशन



वरिष्ठ संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** कार्तिक आर्यन और माधुरी दीक्षित ने अपनी नई फिल्म भूल भुलैया 3 का प्रमोशन लखनऊ में किया। यह फिल्म इस दिवाली रिलीज होने जा रही है और इसमें पहले से ज्यादा ड्रामा, ह्यूमर और शानदार परफॉर्मेंस देखने को मिलने वाला है।

प्रमोशन के दौरान, दोनों अभिनेताओं ने फैंस और मीडिया से बातचीत की और फिल्म के बारे में अपने विचार साझा किए। उन्होंने फिल्म की कहानी और इसके कई पहलुओं पर चर्चा की, जिससे फैंस की उत्सुकता और बढ़ गई है। भूल भुलैया 3 को लेकर दर्शकों में जोश और उम्मीदें हैं, और लखनऊ में इस प्रमोशन ने इसे और खास बना दिया है।

कार्तिक आर्यन की पहली फिल्म प्यार का पंचनामा 13 साल पहले थिएटर में रिलीज हुई थी। एक एक्टर से स्टार बनने का सफर कार्तिक आर्यन जैसे आउटसाइडर के लिए आसान नहीं था। बिना गॉडफादर इंदौर से मुंबई आए कार्तिक ने फ्रैडी और चंदू चैंपियन जैसी फिल्मों से हुए ये साबित कर दिया कि वो कोई भी चैलेंजिंग किरदार बड़ी ही आसानी से निभा सकते हैं। जल्द ही भूल भुलैया 3 के साथ कार्तिक दिवाली के खास मौके पर बॉक्स ऑफिस पर एंट्री करने जा रहे हैं। लखनऊ प्रवास के दौरान वॉयस ऑफ लखनऊ से खास बातचीत में कार्तिक आर्यन ने बताया कि इंडस्ट्री में 13 साल बिताने के बाद क्या वो आज भी खुद को आउटसाइडर महसूस करते हैं।

आउटसाइडर वाले सवाल का जवाब देते हुए कार्तिक आर्यन ने कहा, देखा जाए तो हां, मैं यहां सिर्फ काम कर रहा हूं, लेकिन इस सफर में ऐसे कुछ लोग मुझे मिले हैं जिनके साथ मेरी अच्छी बॉन्डिंग हो गई है, वो अब मेरे लिए मेरी फैमिली बन गए हैं। मैं आज ये नहीं कह सकता कि मुझे यहां बहुत अजीब लगता है। मेरे साथ कुछ बुरा हो रहा है। ऐसा कुछ भी नहीं हो रहा है। लेकिन कई बार कुछ पल ऐसे भी होते हैं जब आप अकेले महसूस करते हैं, कई बार अकेले नहीं महसूस करते, आपके इर्द-गिर्द लोग होते हैं।

आगे कार्तिक ने कहा कि मैं आउटसाइडर था, क्योंकि जाहिर सी बात है यहां मेरा कोई कनेक्शन ही नहीं था, लेकिन अब इसका कोई गम नहीं है। इस बातचीत के दौरान कार्तिक आर्यन ने उनकी तरह बॉलीवुड में अपनी किस्मत आजमाने का ख्वाब देखने वालों को एक सलाह भी दी. कार्तिक बोले- उम्मीद नहीं खोनी चाहिए, सिर्फ एक्टिंग ही नहीं फिर वो कोई भी प्रोफेशन हो, जिस फील्ड में आप अपना करियर करना चाहते हैं, वहां डेडिकेशन के साथ काम करना. अगर आप मेहनत करेंगे तो मंजिल दूर नहीं है। आपको रिजल्ट जरूर मिलेगा, लेकिन इसके लिए आपके पास पेशेंस होना बहुत जरूरी है। मेरे लिए ये फामूर्ला बहुत काम आया है। आप भी आजमाकर देख सकते हैं।

**अक्षय सर से तुलना करना अजीब लगता है:** कार्तिक आर्यन के भूल भुलैया 2 करने के बाद से दोनों के बीच दुश्मनी की बात सामने आने लगी थी। इस बारे में कार्तिक ने माना कि जब मेरी तुलना उनसे की जाती है तो मुझे थोड़ा अजीब लगता है। 'लेकिन मुझे लगता है कि हमें साथ में एक कॉमेडी फिल्म करनी चाहिए क्योंकि उसमें दर्शकों को कुछ अच्छा देने की क्षमता है।

### बड़े कलाकार के साथ काम करना खुशी की बात

अपनी आगामी फिल्म 'भूल भुलैया 3' के प्रमोशन के लिए लखनऊ पहुंचे फिल्म एक्टर कार्तिक आर्यन ने कहा, ''फिल्म की शूटिंग के दौरान उस स्थान पर पहुंचने पर हमें नेगेटिव और पॉजिटिव वाइब्स की फीलिंग होती है, अब हॉरर और कॉमेडी फिल्म करते-करते उन्हें इस बात पर यकीन हो चुका है। उन्होंने फिल्म का जिक्र करते हुए कहा 'भूल भुलैया 3' में माधुरी दीक्षित और विद्या बालन के साथ काम करने का मौका मिला है. इतने बड़े स्तर के साथ जल्दी चांस मिलना यह मेरे लिए बड़ी बात है।

### लखनऊ मैं पहले भी कई बार आ चुका हूं

लखनऊ को लेकर कार्तिक आर्यन ने कहा कि फिल्म के सिलसिले में कई बार लखनऊ आ चुका हूं। इससे पहले वह इस जगह पर पति, पत्नी और वो की शूटिंग के लिए अनन्या पांडे के साथ पहुंचे थे। इससे पहले वह भूल भुलैया 2 की शूटिंग के लिए राजधानी में करीब 20 दिन थे। उन्होंने कहा कि लखनऊ आना मेरे लिए हमेशा खास होता है। मैं यहां जब भी आता हूं तो यहां के खाने को इग्नौर नहीं कर पाता। जैसे यहां का खाना बहुत खास है वैसे ही यहां के लोग भी बहुत दिलवाले हैं। कार्तिक ने टीवी पर भूल भुलैया देखने की यादें भी साझा कीं। उन्होंने अवनी चतुवेर्दी की कभी न भूल पाने के रोल को याद करते हुए कहा, 'जिस तरह से विद्या बालन ने हमें उस फिल्म में डरा दिया था, वह वास्तव में डरावना था। उन्होंने अक्षय और राजपाल यादव की एक्टिंग की भी तारीफ की। भूल भुलैया 3 की बात करें तो ये फिल्म 1 नवंबर को सिनेमाघरों में रिलीज होने जा रही है। फिल्म में कार्तिक के साथ विद्या बालन, माधुरी दीक्षित और तृप्ति डिमरी लीड रोल में नजर आने वाली हैं। भूल भुलैया 3 का क्लैश रोहित शेट्टी की सिंघम अगेन से होने जा रहा है।

## राज्य कर्मचारी साहित्य संस्थान में ली गयी दीपोत्सव की शपथ

लखनऊ। राज्य कर्मचारी साहित्य संस्थान की ओर से ह्यदीपोत्सव समारोह संस्थान के कार्यालय कक्ष संख्या 119 मुख्य भवन, सचिवालय में आयोजित हुआ। कार्यक्रम की अध्यक्षता डॉ उमेश चन्द्र वर्मा ह्यआदित्यने की। मुख्य अतिथि गायत्री पाल रहीं। कार्यालय में आयोजित दीपोत्सव में सचिवालय के कर्मचारी, अधिकारियों ने मां लक्ष्मी एवं गणेश जी का पूजन किया गया। कार्यक्रम में दीपोत्सव शपथ अध्यक्षता कर रहे डॉ उमेश आदित्य दिलायी। साहित्यकारों ने धनतेरस, दीपावली, भाई दूज, गोवर्धन पूजा आदि त्योहारों पर प्रकाश डाला और सभी उपस्थित श्रोताओं को उनका महत्व बताया। दीपोत्सव समारोह में अपूर्वा द्विवेदी, सीमा गुप्ता, महामंत्री, ने बताया की संस्थान इसी प्रकार के अनेकोनेक कार्यक्रम करता रहा है जिसमें साहित्य की प्रगति का भाव निहित है। विवेक सिंह, डॉ दिनेश चन्द्र अवस्थी, उमेश कुमार, संजीव, रामकरन, सत्येन्द्र, दिनेश, जयेंद्र चतुर्वेदी, चंदन, कमलेश, अभिषेक पांडेय, सुधा दुबे, धर्मेंद्र चौरसिया, श्री अखिलेश्वर प्रसाद, मेहरुन्निसा, ऊषा पाल, कैलाश चन्द्र पंत, आदित्य तिवारी, अखिलेश त्रिवेदी शाश्वत एवं रूपचन्द साहू सहित बड़ी संख्या में साहित्यसेवी उपस्थित थे।

## राष्ट्रीय एकता दौड़ को जीएम ने दिखायी हरी झंडी



लखनऊ। बरेका परिसर में एकता की भावना को सशक्त करने के लिए राष्ट्रीय एकता दौड़ का आयोजन किया गया। महाप्रबंधक एस.के. श्रीवास्तव ने गोल्फ कोर्स गेट से इस दौड़ को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस प्रेरणादायक आयोजन में बरेका के अधिकारियों, कर्मचारियों, खिलाड़ियों एवं रेल सुरक्षा बल, सेंट जॉन' एंबुलेंस बिग्रेड, नागरिक सुरक्षा, भारत स्काउट गाइड के सदस्यों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। एकता और सद्भावना के इस संदेश के साथ सभी ने कदम से कदम मिलाया और 'एक भारत, श्रेष्ठ भारत' की भावना को मजबूत किया।

## नहीं रहे जनकवि सिद्धेश्वर शुक्ल क्रान्ति

**लखनऊ।** ओज तेज के सशक्त हस्ताक्षर वरिष्ठ साहित्यकार परम श्रद्धेय जनकवि सिद्धेश्वर शुक्ल 'क्रान्ति' का आज रात्री सीढ़ियों से पैर फिसलने के कारण चोटिल हो गए थे। जिन्हें आनन फानन में केजीएमयू के ट्रामा सेंटर में भर्ती कराया गया जहाँ देर रात उनका देहांत हो गया। सांय चार बजे बैकुण्ठ धाम लखनऊ में हिन्दू रीति रिवाज से उनका अन्तिम संस्कार कर दिया गया। सिद्धेश्वर शुक्ल क्रान्ति अपने पीछे तीन शादीशुदा बेटे बहू पोता पोती, पत्नी को रोता बिलखता छोड़ गए। बेटियों की शादी व पारिवारिक जिम्मेदारियों से पहले ही निवृत्त हो चुके थे। शुक्ल जी जनमानस की वेदना को प्रमुख रूप से उठाने के कारण खासी चर्चा में रहे। चाटुकारिता का खुलकर विरोध करते थे। राहुल सांकृत्यायन के प्रभाव में रहने के कारण उनकी रचनाओं में भ्रष्ट आचरण वाले ब्यूरोक्रेट्स व नेताओं के साथ साथ पाखंड वाद के घोर विरोधी थे।

# सहरसा, बांद्रा, अहमदाबाद, बड़ोदरा व उधनाके चली विशेष ट्रेनें

वरिष्ठ संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** रेलवे प्रशासन द्वारा यात्रियों की सुविधा हेतु 04012/04011 नई दिल्ली-सहरसा-नई दिल्ली अनारक्षित विशेष गाड़ी वाया गोरखपुर का संचालन सहरसा से 30 अक्टूबर को 01 फेरे के लिये किया जायेगा।

04011 सहरसा-नई दिल्ली अनारक्षित विशेष गाड़ी 30 अक्टूबर को सहरसा से 06.20 बजे प्रस्थान कर मानसी, खगड़िया, बेगुसराय, बरौनी, दलसिंग सराय, समस्तीपुर, मुजफ्फरपुर, हाजीपुर, सोनपुर, छपरा, सीवान, देवरिया सदर, गोरखपुर, खलीलाबाद, बस्ती, गोंडा, दूसरे दिन बाराबंकी, बादशाहनगर, ऐशबाग, कानपुर सेण्ट्रल, इटावा, टुण्डला, अलीगढ़, गाजियाबाद तथा दिल्ली होते हुए नई दिल्ली 13.10 बजे पहुंचेगी। इस गाड़ी में शयनयान श्रेणी/साधारण द्वितीय श्रेणी के 14 तथा एस.एल.आर. के 02 कोचों सहित कुल 16 कोच लगाये जायेंगे।



05029/05030 गोरखपुर-बान्द्रा टर्मिनस-गोरखपुर अनारक्षित पूजा विशेष गाड़ी का संचालन गोरखपुर से 29 अक्टूबर, 02, 06 एवं 10 नवम्बर को तथा बान्द्रा टर्मिनस से 31 अक्टूबर, 04, 08 एवं 12 नवम्बर को 04 फेरों के लिये किया जायेगा। 05029 गोरखपुर-बान्द्रा टर्मिनस अनारक्षित पूजा विशेष गाड़ी 29 अक्टूबर, 02, 06 एवं 10 नवम्बर को गोरखपुर से 19.00 बजे प्रस्थान खलीलाबाद, बस्ती, गोंडा, दूसरे दिन लखनऊ, कानपुर सेंट्रल, कन्नौज, फर्रुखाबाद, कासगंज, मथुरा जं., भरतपुर, कोटा, रतलाम, वडोदरा, तीसरे दिन सूरत, वलसाड, वापी तथा बोरीवली होते हुए बान्द्रा टर्मिनस 05.00 बजे पहुँचेगी। वापसी यात्रा में, 05030 बान्द्रा टर्मिनस-गोरखपुर अनारक्षित पूजा विशेष गाड़ी 31 अक्टूबर, 04, 08 एवं 12 नवम्बर को बान्द्रा टर्मिनस से 07.10 बजे प्रस्थान कर बोरीवली, वापी, सूरत, वडोदरा, रतलाम, कोटा, भरतपुर, दूसरे दिन मथुरा जं., कासगंज, फर्रुखाबाद, कन्नौज, कानपुर सेंट्रल, लखनऊ, गोंडा, बस्ती तथा खलीलाबाद होते हुए गोरखपुर 16.15 बजे पहुँचेगी। इस गाड़ी में साधारण द्वितीय श्रेणी के 18, एसएलआरडी का 01 तथा जनरेटर सह लगेज यान के 01 कोच सहित कुल 20 कोच लगाये जायेंगे। जबकि 09449/09450 अहमदाबाद-गोरखपुर-अहमदाबाद पूजा विशेष गाड़ी का संचलन अहमदाबाद से 30 अक्टूबर, 06, 13, 20 एवं 27 नवम्बर दिन प्रत्येक बुधवार को तथा गोरखपुर से 01, 08, 15, 22 एवं 29 नवम्बर दिन प्रत्येक शुक्रवार को किया जायेगा।

09449 अहमदाबाद-गोरखपुर पूजा विशेष गाड़ी 30 अक्टूबर, 06, 13, 20 एवं 27 नवम्बर दिन प्रत्येक बुधवार को अहमदाबाद से 22.00 बजे प्रस्थान कर आणन्द, दूसरे दिन छायापुरी, गोधरा, दाहोद, रतलाम, नागदा, कोटा, सवाई माधोपुर, गंगापुर सिटी, बयाना, आगरा फोर्ट, टुण्डला, कानपुर सेंट्रल, लखनऊ, बाराबंकी, तीसरे दिन अयोध्या, मनकापुर तथा बस्ती होते हुए गोरखपुर 04.30 बजे पहुंचेगी। वापसी यात्रा में, 09450 गोरखपुर-अहमदाबाद पूजा विशेष गाड़ी 01, 08, 15, 22 एवं 29 नवम्बर दिन प्रत्येक शुक्रवार को गोरखपुर से 07.30 बजे प्रस्थान कर बस्ती, मनकापुर, अयोध्या, बाराबंकी, लखनऊ, कानपुर सेंट्रल, टुण्डला, आगरा फोर्ट, बयाना, गंगापुर सिटी, दूसरे दिन सवाई माधोपुर, कोटा, नागदा, रतलाम, दाहोद, गोधरा, छायापुरी तथा आणन्द होते हुए अहमदाबाद 14.00 बजे पहुंचेगी। इस गाड़ी में वातानुकूलित तृतीय श्रेणी के 02, शयनयान श्रेणी के 13, सामान्य द्वितीय श्रेणी के 04, एसएलआर/डी के 02 कोचों सहित कुल 21 कोच लगाये जायेंगे। 09125/09126 वड़ोदरा-छपरा-वड़ोदरा पूजा विशेष गाड़ी का संचलन बड़ोदरा से 30 अक्टूबर, 2024 तथा छपरा से 31 अक्टूबर, 2024 को किया जायेगा। 09125 वड़ोदरा-छपरा पूजा विशेष गाड़ी 30 अक्टूबर को वड़ोदरा से 00.25 बजे प्रस्थान कर गोधरा, दाहोद, रतलाम नागदा, कोटा, सवाई माधोपुर, गंगापुर सिटी, बयाना, आगरा फोर्ट, टुण्डला, कानपुर सेंट्रल, लखनऊ, बाराबंकी, तीसरे दिन अयोध्या, मनकापुर तथा बस्ती, गोरखपुर, देवरिया सदर तथा सीवान होते हुए छपरा 09.00 बजे पहुंचेगी। वापसी यात्रा में, 09126 छपरा-वड़ोदरा पूजा विशेष गाड़ी 31 अक्टूबर, 2024 छपरा से 12.00 बजे प्रस्थान कर सीवान, देवरिया सदर, गोरखपुर, बस्ती, मनकापुर, अयोध्या, बाराबंकी, लखनऊ, कानपुर सेंट्रल, टुण्डला, आगरा फोर्ट, बयाना, गंगापुर सिटी, दूसरे दिन सवाई माधोपुर, कोटा, नागदा, रतलाम, दाहोद, गोधराहोते हुए वड़ोदरा 21.30 बजे पहुंचेगी। इस गाड़ी में वातानुकूलित द्वितीय श्रेणी के 02, वातानुकूलित तृतीय श्रेणी के 03, शयनयान श्रेणी के 08, सामान्य द्वितीय श्रेणी के 03, वीपीएचई का 01 तथा एसएलआरडी के 01 कोच सहित कुल 18 कोच लगाये जायेंगे।

## मनवर संगम एक्सप्रेस प्रयाग में रुकेगी

लखनऊ। रेलवे प्रशासन द्वारा कुम्भ मेला-2025 के अवसर पर श्रद्धालुओं की सुविधा हेतु 10 जनवरी से 28 फरवरी तक प्रस्थान करने वाली 14231/14232 प्रयागराज संगम-बस्ती-प्रयागराज संगम मनवर संगम एक्सप्रेस का 02 मिनट का ठहराव लखनऊ मण्डल के प्रयाग स्टेशन पर प्रदान किया जायेगा। फलस्वरूप 14231 प्रयागराज संगम-बस्ती एक्सप्रेस प्रयाग स्टेशन पर 05.06 बजे पहुंचकर 05.08 बजे प्रस्थान करेगी। वापसी यात्रा में 14232 बस्ती प्रयागराज संगम एक्सप्रेस प्रयाग स्टेशन पर 19.40 बजे पहुंचकर 19.42 बजे प्रस्थान करेगी।

## लविवि के कैडेट्स ने वृद्धाश्रम में मनायी दीपावली



लखनऊ। हेल्प एज इंडिया के द्वारा एक पहल सबकीदिवाली के अंतर्गत मंगलवार को 64 यूपी बटालियन एनसीसी, लखनऊ विश्वविद्यालय के कैडेट्स ने समर्पण वृद्धाश्रम में दीपावली का पर्व मनाया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य दीपावली के पर्व पर सभी उम्र के लोगों में खुशियां बांटना रहा। यह आयोजन एनसीसी की सामाजिक सेवा और सामुदायिक विकास के प्रति प्रतिबद्धता को दर्शाता है। वृद्धाश्रम का दौरा करके एनसीसी कैडेट वरिष्ठ नागरिकों के साथ जुड़े और अंतर-पीढ़ीगत संबंधों को बढ़ावा दिया। कार्यक्रम के दौरान कैडेट्स ने वृद्धाश्रम मे कई गतिविधियों जैसे दिया पेंटिंग, रंगोली आदि का आयोजन किया। सभी ने संग गीत गाकर और नृत्य कर खुशियां बांटी। कैडेट्स ने पूरे कार्यक्रम मे आशावादी जोश और उत्सहपूर्वक भाग लिया।

# जीएम ने की त्यौहार विशेष ट्रेनों की व्यवस्थाओं की समीक्षा

- त्यौहार की अतिरिक्त भीड़ को नियंत्रित करने के लिए अफसर रहें मौजूद
- उत्तर रेलवे के महाप्रबंधक ने कार्य प्रगति की समीक्षा की

वरिष्ठ संवाददाता (vol)

लखनऊ। उत्तर रेलवे के महाप्रबंधक अशोक कुमार वर्मा ने आज उत्तर रेलवे की कार्य-प्रगति की व्यापक समीक्षा की, जिसमें त्यौहारी सीजन के दौरान यात्रियों की सुविधाओं के लिए किए गए प्रबंधों की भी व्यापक समीक्षा की गई। महाप्रबंधक श्री वर्मा ने जोर देकर कहा, उत्तर रेलवे त्यौहारी सीजन के दौरान बेहतर सेवाएँ देने के लिए प्रतिबद्ध है। हमारी तैयारियों में यात्री संरक्षा, सुविधा और निर्बाध यात्रा को प्राथमिकता दी गई है।

महाप्रबंधक ने भारी मांग वाले मार्गों पर चलने वाली विशेष ट्रेनों पर अधिक ध्यान देने के लिए कहा तथा उनकी देरी को कम करने और यात्री सुविधाओं के मद्देनजर परिचालित करने के लिए शेड्यूल करने को कहा। यात्रियों की बढ़ती संख्या को ध्यान में रखते हुए अतिरिक्त ट्रेनें चलाई गई हैं। यात्रियों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए, प्रमुख स्टेशनों पर निर्दिष्ट भीड़ प्रबंधन क्षेत्र स्थापित किए गए हैं, डिस्प्ले के माध्यम से यात्रियों को रियल टाइम अपडेट प्रदान किया जा रहा हैं। भीड़ पर नजर रखने के लिए सुरक्षा व्यवस्था और निगरानी बढ़ा दी गई है।

उन्होंने संबन्धित अधिकारियों को ट्रैक और बुनियादी ढांचे का गहन निरीक्षण करने और बुनियादी ढांचे की वजह से होने वाले विलम्ब को रोकने के लिए सक्रिय रखरखाव करने का निर्देश दिया। सक्रिय रखरखाव कार्यों के अंतर्गत खराब पटरियों और उपकरणों को बदलना, अल्ट्रासोनिक रेल परीक्षण, वनस्पतियों की छँटाई और मलबे को हटाना शामिल है।



# भाषा विवि में मना राष्ट्रीय एकता दिवस

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** देशभक्ति और एकता का संदेश देने के उद्देश्य से ख्वाजा मुईनुद्दीन चिश्ती भाषा विश्वविद्यालय की एनसीसी बालिका इकाई के तत्वावधान में मंगलवार को राष्ट्रीय एकता दिवस का आयोजन हुआ। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. एनबी सिंह के नेतृत्व में कार्यक्रम का आयोजन हुआ।



यह कार्यक्रम राष्ट्र द्वारा संजोए गए एकता और अखंडता के मूल्यों को बढ़ावा देने के प्रति विश्वविद्यालय की प्रतिबद्धता को दर्शाता है। कार्यक्रम का शुभारंभ सभी एनसीसी कैडेट्स द्वारा एकता की शपथ लेकर किया गया, जिसमें कैडेट्स ने राष्ट्रीय एकता और सामंजस्य बनाए रखने का संकल्प लिया। यह शपथ कुलपति प्रो. एनबी सिंह द्वारा दिलाई गई, जिन्होंने अपने संबोधन में विविधता में एकता की महत्ता पर जोर देते हुए कहा कि राष्ट्रीय एकता दिवस हमें यह याद दिलाता है कि हमारी विविधता हमारी ताकत है और भविष्य के नेताओं के रूप में, हमारे लिए यह जरूरी है कि हम मिलकर देश को मजबूत और एकजुट बनाए रखें। एनसीसी अधिकारी डॉ. लेफ्टिनेंट बुशरा अलवेरा ने कैडेट्स द्वारा दिखाए गए उत्साह और समर्पण की सराहना की। उन्होंने इस बात पर प्रकाश डाला कि एनसीसी युवाओं में चरित्र निर्माण, नेतृत्व और एकता की भावना विकसित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। शपथ ग्रहण के बाद, कैडेट्स ने परिसर में रन फॉर यूनिटी में भाग लिया, जिसमें उन्होंने राष्ट्रीय एकता और राष्ट्रीय एकता के प्रतीक, राष्ट्रीय एकता का संदेश दिया। यह दौड़ न केवल शारीरिक फिटनेस को बढ़ावा देने का माध्यम बनी बल्कि आपसी मित्रता और राष्ट्रीय मूल्यों को बनाए रखने की प्रतिबद्धता को भी मजबूत किया। विश्वविद्यालय की एनसीसी बालिका इकाई द्वारा आयोजित राष्ट्रीय एकता दिवस समारोह, युवाओं में एकता, अनुशासन और राष्ट्रीय गौरव को प्रोत्साहित करने का एक सशक्त संदेश था, जो उन्हें जिम्मेदार नागरिक और भविष्य के नेताओं के रूप में तैयार कर रहा है।

## कुलपति ने संस्कृति सुरभि पोस्टर किया अनावरण



लखनऊ विश्वविद्यालय के द्वितीय परिसर में बहुप्रतिक्षित खेलों और सांस्कृतिक प्रतियोगितावों के महाकुम्भ 'संस्कृति सुरभि' के पंद्रहवे संसकरण का आयोजन करने की तैयारियां जोरो पर है। लखनऊ विश्वविद्यालय स्पोर्ट्स एवं कल्चरल कमेटी के तत्वावधान में संस्कृति सुरभि का प्रतिवर्ष आयोजन होता है। इसी क्रम में विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. अलोक कुमार राय ने मंगलवार को संस्कृति सुरभि के पोस्टर का अनावरण किया। इस मौके पर कमेटी के डारेक्टर प्रो. सतीश पाण्डेय, अध्यक्ष प्रो. उग्रसेन वर्मा एवं कमेटी के अन्य छात्र उपस्थित रहे। नृत्य, संगीत, गायन, वादन, साहित्य, एवं खेलों सहित 50 से अधिक प्रतियोगिताओ वाले इस महाकुम्भ की शुरुआत 26 नवंबर से होंगी एवं समापन 30 नवंबर कों होगा। कमेटी के संयोजक देवेश ने बताया जल्द ही एक रजिस्ट्रेशन फार्म जारी किया जायेगा, जिसके माध्यम से छात्र विभिन्न प्रतियोगितावो में अपना नाम रजिस्टर करा सकेंगे।

# भारत महोत्सव : छाप तिलक सब छीनी रे मोसे नैना मिलाई के...

- भक्ति गीतों के साथ पंजाबी तड़का
- झूलों संग खरीदारी और फूड जोन में उमड़ी भीड़
- धनतेरस के शुभ अवसर पर लोगों ने की खूब खरीदारी

वरिष्ठ संवाददाता (vol)





**लखनऊ।** प्रगति भारत महोत्सव 2024 के छठे दिन सांस्कृतिक संध्या में ममता सक्सेना के संयोजन और तनु के नृत्य निर्देशन में सुरभि कल्चरल ग्रुप द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम की शुरूआत करीना ठाकुर, कनक गोंड ने एकदंतया वक्रतुंडाय की इसक बाद जानवी सिंह ने बेटी के जन्म उत्सव पर पर बधाई गीत खंभागड़ी तो वहीं विदुषी शुक्ला, मान्या मौर्या, अक्षिता सिंह ने पंजाबी मुटियारन, खुशप्रीत कौर, कृतिका सिंह, करीना ठाकुर, कनक गोंड बिनती सुनिय नाथ हमारी भक्ति गीत पर नृत्य प्रस्तुत समा बांधा।

इसी क्रम में अनाया गौतम छाप तिलक सब छीनी रे मोसे नैना मिलाई के..., काशवी शर्मा, अनन्या मेरे घर राम आएं हैं, शगुन तिवारी..कृष्ण भजन अधरम मधुरम हरे कृष्णा कृष्ण लीला, आंद्रित्या सिंह ने ओल्ड सॉन्ग अपलम चपलम, जन्नत अशरफ शेख मन मंदिर में सजे बिहारी, रुद्राक्ष सिंह ने रक्त चरित्र श्री अग्रवाल ने रघुकुल रीत सदा चली आई ने अपनी मनभावन प्रस्तुति से अपनी छाप छोड़ी।

संस्कृतिक संध्या के एक अन्य कार्यक्रम में सुरभि कल्चरल ग्रुप द्वारा प्रस्तुत सांस्कृतिक कार्यक्रम में गणेश बंदनाः करीना ठाकुर, कनक गोंड, एकदंतया वक्रतुंडाय, राजस्थानी फोक डांस जानवी सिंह खंभागड़ी, पंजाबी सॉन्ग विदुषी शुक्ला, मान्या मौर्या, अक्षिता सिंह पंजाबी मुटियारन, भक्ति सॉन्गः गुनगुन कौर आइगीरी नंदिनी, भक्ति सॉन्ग खुशप्रीत कौर, कृतिका सिंह, करीना ठाकुर, कनक गोंड बिनती सुनिय नाथ हमारी, राजस्थानी फोकः विदुषी शुक्ला, मान्या मौर्या, कृतिका सिंह आवो पधारो म्हारे देश, ओल्ड सॉन्गः आंद्रित्या सिंह अपलम चपलम, जन्नत अशरफ शेख मन मंदिर में सजे बिहारी, शिव भक्ति सॉन्गः करीना ठाकुर, खुशप्रीत कौर कृतिका सिंह, कनक गोंड नटराजा नटराजा, रुद्राक्ष सिंह रक्त चरित्र, रघुकुल रीत सदा चली आई, आरोही कश्यप, नृत्य निर्देशन तनु ठाकुर का रहा। प्रगति भारत महोत्सव 2024 की सांस्कृतिक मेला में आरोही इंटरटेनमेंट और जय श्री म्यूजिकल ग्रुप की कंबाइंड म्यूजिकल प्रस्तुति जिसे प्रमुख संजय श्रीवास्तव जिनके द्वारा गाए हुए लोकगीत हाथ में त्रिशूल फिल्मी गीत ओ मेरे दिल के चैन सुहानी चांदनी रातें गायिका शिप्रा पटेल आओ अंगना पधारो श्री कृष्णा गायक जेपी शर्मा तथा हास्य कलाकार तरुण लखनवी स्टैंड अप कॉमेडियन शशांक ने महोत्सव में अपनी प्रस्तुत दी।

# मासिक शिवरात्रि आज, बन रहा सर्वार्थ सिद्धि योग

वरिष्ठ संवाददाता (vol)



**लखनऊ।** अक्टूबर की मासिक शिवरात्रि कार्तिक मा ?ह के कृष्ण पक्ष की चतुर्दशी तिथि को है। यह कार्तिक माह की मासिक शिवरात्रि है, जिसे कार्तिक शिवरात्रि भी कहते हैं। इस बार अक्टूबर की मासिक शिवरात्रि पर सर्वार्थ सिद्धि योग बन रहा है। मासिक शिवरात्रि के दिन व्रत रखकर भगवान शिव की पूजा करते हैं।

शिव पूजा और शिवरात्रि व्रत रखने से व्यक्ति की मनोकामनाएं पूरी होती हैं, कष्ट और रोग से मुक्ति मिलती है। शिव कृपा से धन, संपत्ति, संतान, सुख, समृद्धि आ ?दि की प्राप्ति होती है। इस साल कार्तिक माह के कृष्ण पक्ष की चतुर्दशी 30 अक्टूबर दिन बुधवार को दोपहर 1 बजकर 15 मिनट से शुरू हो रही है। इस तिथि की समाप्ति 31 अक्टूबर दिन गुरुवार को 12 बजकर 31 एएम पर होगी। ऐसे में कार्तिक शिवरात्रि या अक्टूबर की मासिक शिवरात्रि 30 अक्टूबर बुधवार को मनाई जाएगी। अक्टूबर की मासिक शिवरात्रि के दिन सर्वार्थ सिद्धि योग बन रहा है। इस योग में आप जो भी कार्य करेंगे, उसके सफल सिद्ध होने की उम्मीद अधिक होगी। शिवरात्रि को सर्वार्थ सिद्धि योग सुब ?ह में 6 बजकर 32 मिनट से बन रहा है, जो रात 9 बजकर 43 मिनट तक रहेगा। शिवरात्रि को सुबह में वैधृति योग 8 बजकर 52 मिनट तक है. उसके बाद से विष्कम्भ योग बनेगा। उस दिन हस्त नक्षत्र प्रातःकाल से लेकर रात 9 बजकर 43 मिनट तक है। उसके बाद से चित्रा नक्षत्र है। शिवरात्रि के दिन आप सूर्योदय से लेकर कभी भी शिव जी की पूजा कर सकते हैं। शिव पूजा के लिए राहुकाल आदि नहीं देखते हैं। हालांकि शिवरात्रि की पूजा के लिए निशिता पूजा का महत्व है। अक्टूबर की मासिक शिवरात्रि की निशिता पूजा का शुभ मुहूर्त रात 11 बजकर 39 मिनट से देर रात 12 बजकर 31 मिनट तक है। उस दिन शिव पूजा के लिए आपको 52 मिनट का शुभ मुहूर्त प्राप्त होगा।

संक्षेप

## पुलिस ने नामजद पति व देवर को किया गिरफ्तार

सीतापुर। सदरपुर के शहबाजपुर में संदिग्ध परिस्थितियों में हुई विवाहिता की मौत के मामले में सोमवार की शाम गांव पहुंचे शव का अंतिम संस्कार करने से मना करते हुए मायके पक्ष के लोग आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग करने लगे। सूचना पर पहुंची पुलिस ने मान-मनौव्वल के साथ आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए धर-पकड़ शुरू की। आधी रात के बाद पुलिस ने नामजद पति व देवर को गिरफ्तार कर लिया और परिजनों को थाने बुलाकर गिरफ्तारी की पुष्टि कराई। इसके बाद संतुष्ट हुए परिजनों ने मंगलवार की सुबह शव का अंतिम संस्कार किया। मालूम हो कि सदरपुर के शहबाजपुर में अंजली पत्नी दीपक का शव संदिग्ध परिस्थितियों में घर में पड़ा मिला था। मृतका के पिता विजय ने पति दीपक, ससुर प्रमोद, सास विंदेश्वरी, देवर अंकित उर्फ छोटू समेत चार के खिलाफ दहेज की मांग पूरी न होने पर अंजली की हत्या कर देने का आरोप लगाते हुए थाने में तहरीर दी थी। पुलिस ने 80(2), 85 बीएनएस, 3/4 डीपी एक्ट के तहत केस दर्जकर कार्रवाई शुरू की थी। सोमवार की शाम पीएम के बाद शव जब मायके थनैतपुर पहुंचा तो पिता समेत अन्य ने आरोपियों की गिरफ्तारी के बाद ही अंतिम संस्कार की शर्त रखते हुए शव को घर में रख दिया। सूचना मिलते ही प्रभारी निरीक्षक सदरपुर राकेश सिंह मौके पर पहुंचे और जल्द आरोपियों की गिरफ्तारी का आश्वासन देते हुए धर-पकड़ शुरू की। देररात पुलिस ने नामजद मृतका के पति दीपक व देवर अंकित उर्फ छोटू को गिरफ्तार कर लिया दोनों को थाने में देखने के बाद परिवार संतुष्ट हुए और मंगलवार की सुबह शव का अंतिम संस्कार कर दिया।

## एक घर में दो अज्ञात चोरों ने बोला धावा शोरगुल से भागे चोर

शुक्लागंज, उन्नाव। चोरी के एक घटना शोक मचने के चलते होने से बच गयी। कहने का आशय यह है कि चोर दीवार लांघकर फरार हो गए। हालांकि चोरो को रेकी करने की आशंका के चलते लोगो ने एक महिला को पकडकर पुलिस के सुपुर्द कर दिया है। मामला कानपुर से सटे गंगाघाट कोतवाली क्षेत्र के कंचननगर मोहल्ले का बताया जा रहा है। पीड़ित लालजी शर्मा निवासी कंचननगर ने शिकायतीपत्र में बताया कि घर पर दो अज्ञात चोर घुसे थे। महिला घर के बाहर लोकेशन बताने का काम कर रही थी। हालांकि शोरगुल में चोर तो दीवार फांदकर फरार हो गए। लेकिन भीड ने दौड़ाकर महिला को पकड़ लिया। उसे पुलिस के सुपुर्द कर आवश्यक कार्यवाही के लिए फरियाद लगायी है। इधर पुलिस ने मामले की जांच कर कार्यवाही का हवाला दिया है। इन दिनों चोरी की वारदातों में काफी बढ़ोत्तरी देखी जा रही है। ऐसे में पुलिस के लिए इसकी रोकथाम के लिए प्रयास करना एक नई चुनौती बना है।

## लेखपाल से अभद्रता पर ग्राम प्रधान के खिलाफ मुकदमा

जौनपुर । सरकारी जमीन पर अवैध कब्जा को रोके जाने से तिलमिलाये ग्राम प्रधान ने अपने ही गांव के लेखपाल के साथ गाली गलौज की और कुर्सी उठाकर मारने के लिए दौड़ा लिया। लेखपाल की तहरीर पर पुलिस ने ग्राम प्रधान के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। मामला केराकत तहसील क्षेत्र के एकौनी गांव का है। गांव के लेखपाल इन्द्रेश यादव ने बताया कि ग्राम प्रधान झूरी यादव तालाब के गाटा संख्या 280 और भीटा खाता संख्या 281की भूमि पर पक्का निर्माण कराकर अवैध कब्जा कर रहे थे। जिसकी जानकारी होने पर उन्होंने बीते सोमवार को मौके पर पहुंच कर रुकवा दिया। शिकायत है कि अवैध कब्जा रोके जाने से ग्राम प्रधान झूरी यादव तिलमिला गए। वे तहसील मुख्यालय स्थित लेखपाल कार्यालय पहुंच कर लेखपाल इन्द्रेश यादव को भद्दी भद्दी गालियां दी और कुर्सी उठाकर मारने के लिए दौड़ा लिया। साथी लेखपालों ने बीच बचाव कर किसी प्रकार मामला शांत कराया। घटना से क्षुब्ध पीड़ित लेखपाल ने केराकत कोतवाली थाना में ग्रामप्रधान के खिलाफ नामजद तहरीर दी जिसकी जांच पड़ताल के बाद पुलिस ने भारतीय न्याय संहिता की धारा 131, 352, 351 (2), तथा 326(म) के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया है। ग्राम प्रधान की हरकत से लेखपालों में रोष है।

# धनतेरस पर खूब हुई खरीदारी, व्यवसायी गदगद

### सुबह से लेकर देर रात तक शहर के बाजारों में बर्तनों की खनक गूंजती रही





जिला संवाददाता(vol)

सीतापुर । धनतेरस का पर्व क्षेत्र में पारंपरिक रीति-रिवाज के साथ हर्षोल्लास से मनाया गया। सुबह से लेकर देर रात तक शहर के बाजारों में बर्तनों की खनक गूंजती रही।

धनतेरस पर्व पर धातु खरीदना शुभ माना जाता है, इसलिए लोगों ने अपनी सामर्थ्य के अनुसार शगुन के तौर पर सोने-चांदी के आभूषण भी खरीदे। मंगलवार को दिन चढ़ने के साथ ही बाजार में भी ग्राहकों की भीड़ बढ़नी शुरू हो गई। शहर में सरार्फा व बर्तन की दुकानों के अलावा इलेक्ट्रॉनिक्स आइटमों और बाइकों की एजेंसियां आकर्षक रोशनी से नहाई हुई थीं। शहर की लालबाग , आई हास्पिटल रोड आवास विकास , नगर पालिका परिसर स्थित दुकानों के आसपास देर रात लोगों का तांता लगा रहा। धनतेरस पर खरीदारी करने के लिए कोई अकेले आया तो कोई अपने परिवार के साथ खरीदारी करने के लिए पहुंचा। ग्राहकों की अच्छी भीड़ उमड़ने से दुकानदारों के भी चेहरे खिले रहे। ऑटोमोबाइल में होंडा, बजाज, हीरो मोटोकॉर्प, टीवीएस कंपनी के दोपहिया वाहनों के नए-नए माडल लोगों ने खरीदे। शोरूम पर एडवांस बुकिग कराई गई थी, जिसकी डिलीवरी धनतेरस पर ली गई। बुलट , बजाज-होंडा शोरूम के मालिको ने बताया कि धनतेरस पर 400 बाइक, स्कूटर की बिक्री व बुकिग हुई है। इसके अलावा जिले की सभी एजेंसियों से 1200 से 1,400 बाइक, स्कूटी और कारों की बिक्री हुई। ग्राहकों को लुभाने के लिए सभी अधिकांश सामानों पर विभिन्न कंपनियों द्वारा आकर्षक स्कीम तक जारी की हुई थी। इन स्कीम का भी ग्राहकों ने लाभ उठाते हुए मौके को हाथ से नहीं जाने दिया। बर्तनों के अलावा दीपावली पर्व पर घर को सजाने के लिए बिजली के बल्बों की रंगीन झालरों, वंदनवारों, कंडील, झूमर आदि की खरीदारी भी लोगों द्वारा की गई। आलम यह था कि इन सामानों के अलावा अन्य सामानों की दुकानों पर ग्राहकों की भीड़ कम देखने को मिली।

### लगा रहा जाम

धनतेरस को लेकर लोगों ने सुबह से ही खरीदारी शुरू हो गई थी, जिसके चलते शहर जाम की समस्या से जूझता रहा। पुलिस ने शहर में बड़े वाहनों की नो एंट्री लगाकर यातायात व्यवस्था को कंट्रोल करने का असफल प्रयास किया।

### खूब बिकी नारियल झाड़ू

धनतेरस पर्व पर नारियल झाड़ू खरीदना भी शुभ माना जाता है। बाजार में नारियल झाड़ू के साथ-साथ प्लास्टिक झाड़ू भी खूब बिके। वहीं दीपावली पर्व पर घर सजाने के लिए तरह-तरह की चाइनीज झालरों और प्लास्टिक झालरों की भी बिक्री करने के लिए ग्राहकों की भीड़ लगी रही। मिट्टी के दीपक और मोमबत्ती भी खूब बिकी।

## डीएम ने आतिशबाजी की दुकानों का किया आकस्मिक निरीक्षण



सीतापुर। मंगलवार को आगामी दीपावली के त्यौहार के दृष्टिगत जिलाधिकारी अभिषेक आनंद ने राजकीय इंटर कॉलेज के क्रीड़ा मैदान में आतिशबाजी के विक्रय हेतु लगाई गई दुकानों का निरीक्षण किया। जिलाधिकारी ने कड़े निर्देश दिए कि सभी मानकों का कड़ाई से पालन सुनिश्चित किया जाये। दुकानों के बीच उचित दूरी, आग बुझाने हेतु पर्याप्त संसाधनों की उपलब्धता, भीड़ की स्थित में उचित आवागमन प्रबंध, पार्किंग की व्यवस्था आदि के संबंध में संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने कहा कि विद्युत सुरक्षा व्यवस्था की भी जांच अवश्य कराई जाए। निरीक्षण के दौरान नगर मजिस्ट्रेट कृष्णानंद तिवारी, उपजिलाधिकारी सदर अभिनव कुमार यादव, प्राचार्य जी0आई0सी0 अनिल कुमार, तहसीलदार विनोद कुमार सिंह सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

## बाइक व 19 हजार रुपये छीनने का लगाया आरोप

सीतापुर। एक युवक ने नामजद चार लोगों पर बाइक व 19 हजार रुपए छीनने का आरोप लगाते हुए थाने में तहरीर दी है। पुलिस पैसे के लेनदेन में विवाद होने की बात बता रही है। सदरपुर के पिपरी चांद के नरेंद्र सिंह पुत्र राजाराम ने पुलिस को शिकायती पत्र देकर बताया है कि वह सोमवार को बिसवां से वापस आ रहे थे तभी जदवापुर के पास गोड़वा के मनोज, सर्वेश, थनैतपुर के पंकज ने रोंककर बाइक व 19 हजार पांच सौ रुपए छीन लिए। प्रभारी निरीक्षक सदरपुर राकेश सिंह ने बताया कि मामले की जांच की गई है। दोनों पक्षों के बीच पैसे के लेनदेन को लेकर विवाद चल रहा है, उसी के चलते एक पक्ष द्वारा पैसा न देने पर बाइक खड़ी करवा लेने की बात सामने आ रही है। दोनों पक्षों को थाने बुलाया गया है, जांच के बाद आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

## एसडीएम ने जरूरमंदों को दिया मोमबत्ती व मिष्ठान



सीतापुर। गरीब जरूरतमंद के घर भी दीपावली पर दीप जलें और उनके घर में बच्चे त्योहार मनाएं इस सोंच के साथ महमूदाबाद एसडीएम शिखा शुक्ला ने विभिन्न विभागों के सहयोग से 55 गरीब, जरूरमंद परिवारों को चिन्हित कर राशन किट, मोमबत्ती व मिष्ठान वितरित किया है। एसडीएम की इस पहल से न सिर्फ ऐसे घरों में दीप जल सकेंगे जिनके घरों में गरीबी के चलते खाना तक नसीब होना मुश्किल है, बल्कि ये परिवार अब बेफिक्र होकर त्योहार भी मना सकेंगे।

एसडीएम ने दीपावली से पहले लेखपालों से क्षेत्र में जमीनी स्तर पर पड़ताल कराकर 55 गरीब, जरूरतमंद परिवार चिन्हित किए जिनके पास दीपावली मनाना तो दूर परिवार की जीविका के लिए राशन तक की व्यवस्था नहीं है। इसके लिए एसडीएम ने विभिन्न विभागों से सहयोग लेकर आटा, तेल, चीनी, चायपत्ती, सब्जी मसाले, मोमबत्ती के साथ आधा किलो मिष्ठान की एक किट तैयार कराई। धनतेरस के मौके पर मंगलवार को एसडीएम शिखा शुक्ला ने तहसील सभागार में पैंतेपुर के दिनेश, चंदौली के मतई, हेलेपारा के बिंद्रा, फतहापुर के रामभरोसे, तिलपुरा के कैलाश, खाफा के राजकुमार, बेढ़ौरा के परसुराम, बांसुरा के अंगनू, नाथूपुर के रामकिशन, सेमरा के पुत्तीलाल, इंदौरा के संजय, गोधौरा के दयाराम, गौरिया के छन्नू, मालसरांय की केवला देवी, लच्छीपुर के रामस्वरूप, अहिबनपुर की परागवती, बिलौली नानकारी की राजवती, अमीरजंग की पुष्पा देवी, सदरावा की रामावती, केदारनपुर की पूनम सहित 55 जरूरतमंदों को किट वितरित की। एसडीएम की इस पहल की लोग प्रसंसा कर रहे हैं। किट पाकर जरूरतमंदों के चेहरों पर संतुष्टि देखी गई। एसडीएम ने बताया कि उन्होंने इसकी योजना पहले बना ली थी और वास्तविक पात्रों का चयन समय रहते कर लिया गया था। पात्रों की सूची तैयार होने के बाद विभिन्न विभागों से सहयोग लेकर किट तैयार की गई जिससे ऐसे लोगों के घरों में भी दीपावली मनाई जा सके जिनमें यह सामान खरीदने की सामर्थ नहीं है।

## असोहा के उत्कृष्ट शिक्षकों को बीईओ ने किया सम्मानित



पुरवा, उन्नाव। निपुण भारत मिशन अभियान के तहत 29 अक्टूबर को विकास खण्ड असोहा के सर्वोच्च प्रदर्शन करने वाले छः विद्यालयों के शिक्षकों को सम्मानित किया गया। इस कार्य से शिक्षकों में उत्साह दिखाई दिया। विकास खण्ड असोहा के परिषदीय विद्यालयों में क्रमशः प्राथमिक विद्यालय झब्बाखेड़ा, नवाजखेड़ा, शाहाबाद ग्रांट, सोहो, त्रिलोकपुर और पड़वा खेड़ा के समस्त शिक्षकों और शिक्षामित्रों को मंगलवार को बीआरसी में आमंत्रित किया गया और खंड शिक्षा अधिकारी आंचल सिंह द्वारा शिक्षकों और शिक्षामित्रों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। खण्ड शिक्षा अधिकारी ने सभी का उत्साह वर्धन करते हुए कहा कि ऐसे ही एक-एक कड़ी जोड़ते जाना है और विकास खण्ड असोहा को निपुण बनाना है। असोहा विकास खण्ड को नंबर वन विकास खण्ड बनाने के संकल्प के साथ उन्होंने समस्त शिक्षकों, शिक्षामित्रों, अनुदेशकों, सहचरों और कार्यालय के कर्मचारियों को धनतेरस, दीपावली और भाईदूज की शुभकामनाएं भी दीं। अनन्त नारायण दीक्षित और रामकरन मौर्य ने भी सभी शिक्षकों और शिक्षामित्रों को बधाई दी। कार्यक्रम में एआरपी मुकेश कुमार शुक्ला, उमेश कुमार गुप्ता एवं अजीत सिंह समेत सम्मान पाने वाले सभी शिक्षक व शिक्षिकाएं उपस्थित रहे।

## पटेल के चित्र पर मण्डलायुक्त और डीएम ने किया माल्यार्पण

मीरजापुर । लौहपुरुष सरदार बल्लभ भाई पटेल के जयंती के अवसर पर मण्डलायुक्त डॉ0 मुथुकुमार स्वामी बी0 ने लौहपुरुष सरदार बल्लभ भाई पटेल के चित्र पर माल्यार्पण किया। इस अवसर आयुक्त कार्यालय सभागार में आयोजित कार्यक्रम में मण्डलायुक्त द्वारा राष्ट्रीय एकता एवं अखंडता के प्रति शपथ दिलाई गई। आयुक्त कार्यालय में उपस्थित लोगो को सम्बोधित करते हुये मण्डलायुक्त ने



कहा कि सरदार वल्लभभाई पटेल ने भारतीय प्रशासनिक सेवा ( आईएएस ) के निर्माण में अहम भूमिका निभाई थी, उन्होंने ही आईसीएस का नाम बदलकर आई0 ए0 एस0 करवाया था, सरदार पटेल ने पंडित जवाहर लाल नेहरू से कहा था कि भारत को एकजुट रखना आईसीएस अफसरों के बिना नामुमकिन है, सरदार पटेल ने आईएएस को भारत का स्टील फ्रेम कहा था। उन्होंने 562 छोटी-बड़ी रियासतों को भारतीय संघ में मिलाकर भारतीय एकता का निर्माण किया। उन्होंने भारत के संविधान के निर्माण के दौरान अंतरिम सरकार में गृह और सूचना एवं प्रसारण मंत्री के तौर पर काम किया। सरदार वल्लभभाई पटेल के योगदान से स्वतंत्र भारत के राजनीतिक एकीकरण में और भारत की एकता एवं अखंडता को मजबूत करने में उनकी महत्वपूर्ण भूमिका की याद दिलाता है। उन्होंने कहा कि यह दिवस विविधता में एकता के महत्त्व को रेखांकित करने के साथ-साथ भारतीय समाज के विविध पहलुओं, जैसे धर्मों, भाषाओं, संस्कृतियों और परंपराओं को दशार्ता है और उनकी सराहना करता है। उन्होंने एक राष्ट्र के रूप में भारत के विचार को बढ़ावा दिया और इस बात पर जोर दिया कि विविधता के बावजूद देश को एकजुट रहना चाहिए। इस दिशा में सरदार वल्लभभाई पटेल के योगदान ने उन्हें भारत के लौह पुरुष की उपाधि दिलाई। राष्ट्रीय एकता के प्रति उनकी भूमिकाओं को पहचानने के लिए, गुजरात के केवडिया में सरदार पटेल की एक विशाल प्रतिमा बनाई गई है, जिसे स्टैच्यू आफ यूनिटी के रूप में जाना जाता है। इस अवसर पर अपर आयुक्त, डॉ विश्राम, अपर आयुक्त न्यायिक सहित अधिवक्तागण व आयुक्त कार्यालय के अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहें। कलेक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी प्रियंका निरंजन ने लौहपुरुष सरदार बल्लभ भाई पटेल के जयंती के अवसर पर कलेक्ट्रेट में लौहपुरुष सरदार बल्लभ भाई पटेल जी के चित्र पर माल्यार्पण व पुष्प अर्पित किया। तत्पश्चात जिलाधिकारी द्वारा सभी अधिकारियों कर्मचारियों को राष्ट्रीय एकता अखण्डता व देश की सुरक्षा बनाये रखने के दृष्टिगत शपथ दिलायी। तत्पश्चात जिलाधिकारी ने सरदार पटेल चौराहा भरूहना पहुंचकर पुलिस अधीक्षक अभिनन्दन के साथ उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। जिलाधिकारी ने कहा कि सभी अधिकारी कर्मचारी जो जिस पद पर विराजमान है अपने कतर्व्यो का निर्वहन पूरे ईमानदारी व निष्ठा के साथ करे ताकि दूर दराज से आने वाले गरीब जनता को उन्हे अनुमन्य होने वाली योजनाओं का लाभ सही ढंग से समय पर मिल सके।

## हत्या के दोषी लक्ष्मण को उम्रकैद

सोनभद्र। चार वर्ष पूर्व कुल्हाड़ी से प्रहार कर हुए शिवानी देवी हत्याकांड के मामले में मंगलवार को सुनवाई करते हुए अपर सत्र न्यायाधीश प्रथम जीतेंद्र कुमार द्विवेदी की अदालत ने दोषसिद्ध पाकर दोषी लक्ष्मण खरवार उर्फ बड़कू को उम्रकैद व 20 हजार रुपए अर्थदंड की सजा सुनाई। अर्थदंड न देने पर 4 माह की अतिरिक्त कैद भुगतनी होगी। जेल में बितायी अवधि सजा में समाहित की जाएगी। अभियोजन पक्ष के मुताबिक श्याम नारायण पुत्र स्वर्गीय शिव प्रसाद खरवार निवासी ग्राम औड़ी टोला बिछड़ी, थाना अनपरा, जिला सोनभद्र ने अनपरा थाने में दी तहरीर में अवगत कराया था कि उसकी पत्नी शिवानी देवी उम्र 27 वर्ष घर के बरामदे में खाना बना रही थी। वह बगल में अपनी भाभी से बात कर रहा था। उसकी पत्नी अभी 10-11 दिन पहले मायके से घर आई है। गांव का लक्ष्मण खरवार उर्फ बड़कू पुत्र दादूराम खरवार उसकी पत्नी पर गन्दी निगाह रखता था। उसकी पत्नी उसे नहीं चाहती थी, बावजूद इसके चक्कर लगाता रहता था। घटना 8 अक्तूबर 2020 की सुबह 10 बजे की है। लक्ष्मण खरवार उर्फ बड़कू कुल्हाड़ी लेकर उसके घर में घुस गया और बरामदे में खाना बना रही पत्नी शिवानी देवी के ऊपर कुल्हाड़ी से प्रहार कर गंभीर चोटें पहुंचाई। पत्नी के चिल्लाने की आवाज सुनकर वह और उसकी भाभी मौके पर पहुंची तो शिवानी खून से लतपथ पड़ी थी और लक्ष्मण खरवार उर्फ बड़कू कुल्हाड़ी लेकर भाग रहा था। पत्नी को लोगों की मदद से डीबुलगंज अस्पताल ले गया जहां डॉक्टर ने देखते ही मृत घोषित कर दिया। गंभीर चोट लगने की वजह से पत्नी की मौत हो गई। आवश्यक कार्रवाई की जाए। इस तहरीर पर पुलिस ने एफआईआर दर्ज किया। मामले की विवेचना करते हुए विवेचक ने पर्याप्त सबूत मिलने पर कोर्ट में चार्जशीट दाखिल किया था।

## सरदार वल्लभ भाई पटेल के चित्र पर किया माल्यार्पण



सीतापुर। किशोर जानता माध्यमिक विद्यालय खानपुर मे राष्ट्रीय एकता दिवस कार्यक्रम का आयोजन किया गया कार्यक्रम से सरदार वल्लभ भाई पटेल के चित्र पर माल्यार्पण किया।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विद्यालय प्रबंधक राहुल शुक्ला ने कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए कहा की महान स्वतंत्रता सेनानी सरदार वल्लभभाई पटेल देश के पहले उप-प्रधानमंत्री और पहले गृहमंत्री रहे। जब भारत आजाद हुआ था तब देश 550 से ज्यादा रियासतों में बंटा था। इन्हें भारत में मिलाने में सरदार पटेल से सबसे अहम भूमिका निभाई। यह वजह है कि वह भारतीय एकता के प्रतीक बन गए। उनका जन्मदिन देश भर में राष्ट्रीय एकता दिवस के तौर पर मनाया जाता है। सरदार पटेल की जयंती पर जगह जगह रन फॉर यूनिटी का आयोजन होता है। रन फॉर यूनिटी का आयोजन हमें भारत की एकता और अखंडता की महत्वपूर्ण सीख देता है। यह आयोजन हम सबको अपने देश विविधता में एकता का महत्व समझाता है। इस दौड़ में सम्मिलित होकर सरदार पटेल के सपनों का भारत बनाने का संकल्प लेना चाहिए। कार्यक्रम को विद्यालय के प्रधानाध्यापक रमेश चंद्र अवस्थी ने किया साथ ही रन फॉर यूनिटी का आयोजन किया गया कार्यक्रम मे मुख्य रूप से प्रधान किशोरी लाल अध्यापक उमेश वर्मा राजबिहारी अवस्थी राधे त्रिवेदी रामकुमार सहित सभी अध्यापक उपस्थित रहे।

## देश के लोकतंत्र में सभी आगे बढ़कर प्रतिभाग करें: डीएम



सीतापुर। अर्हता 1 जनवरी 2025 के आधार पर विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों की निर्वाचक नामावलियों का आलेख्य प्रकाशन एवं मतदाता रजिस्ट्रेशन कार्यक्रम का शुभारम्भ जिलाधिकारी अभिषेक आनंद ने राजकीय इण्टर कालेज के सभागार में किया।

यह अभियान मंगलवार से प्रारम्भ होकर 28 नवम्बर तक संचालित किया जायेगा। जिसमें 09, 10, 23 एवं 24 नवम्बर को विशेष तिथियां आयोजित की जायेंगी। इन विशेष तिथियों में विशेष बी0एल0ओ0 अपने बूथ पर मतदाता सूची एवं फार्म के साथ उपस्थित रहेंगे। उन्होंने 18 वर्ष की आयु पूर्ण कर चुके छात्र-छात्राओं को फार्म-6 भी वितरित किया। जिलाधिकारी ने सभी को प्रेरित करते हुये कहा कि जो भी 01 जनवरी को 18 वर्ष की आयु पूर्ण कर चुके हैं। वह मतदाता सूची में अपना नाम दर्ज कराने हेतु फार्म-6 भरकर संबंधित बीएलओ के पास जमा कर दें। उन्होंने बताया कि मतदाता सूची में नाम दर्ज कराने हेतु ऑनलाइन पोर्टल के माध्यम से भी आवेदन किया जा सकता है। जिलाधिकारी ने सभी छात्र-छात्राओं को प्रेरित करते हुये कहा कि देश के लोकतंत्र में अपना योगदान देने हेतु सभी आगे बढ़कर प्रतिभाग करें। उन्होंने कहा कि सभी छात्र-छात्राएं स्वयं अपना फार्म भी भरें एवं अपने परिवार, आस-पास के लोगों को भी प्रेरित करें कि वह अपना नाम मतदाता सूची में दर्ज करायें। मतदाता सूची में नाम दर्ज कराना लोकतंत्र के पर्व में भाग लेने हेतु पहली सीढ़ी है, इसलिये सभी अपनी जिम्मेदारी को निभाते हुये अपना योगदान दें। उन्होंने कहा कि इस कार्य में बी0एल0ओ0 का भी बहुत महत्वपूर्ण योगदान होता है, इसलिये सभी बीएलओ पूरी निष्ठा के साथ कार्यों का निष्पादन करें। सभी संबंधित अधिकारी नियमित रूप से कार्यों का पर्यवेक्षण भी सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि विद्यालयों में विशेष तिथियों से अतिरिक्त तिथियों में भी विशेष शिविर आयोजित कराये जायें। कार्यक्रम के दौरान नगर मजिस्ट्रेट कृष्णानंद तिवारी, उपजिलाधिकारी सदर अभिनव कुमार यादव ने मतदाता सूची में नाम दर्ज कराने की प्रक्रिया एवं ऑनलाइन प्रक्रिया के विषय में विस्तारपूर्वक जानकारी दी। इस दौरान तहसीलदार विनोद कुमार सिंह, जिला विद्यालय निरीक्षक राजेन्द्र सिंह, प्राचार्य जीआईसी0 अनिल कुमार सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन राज शर्मा द्वारा किया गया।

### डीएम ने दिलायी राष्ट्रीय एकता और अखंडता की शपथ




राजकीय इण्टर कालेज सीतापुर के सभागार में आयोजित कार्यक्रम के दौरान जिलाधिकारी ने सभी को राष्ट्रीय एकता की शपथ दिलाई। जिलाधिकारी ने राष्ट्रीय एकीकरण के शिल्पकार भारतरत्न, लौहपुरूष सरदार बल्लभभाई पटेल जी देश के एकीकरण में योगदान को भी याद किया।

## सरदार पटेल के आदर्शों का पालन करने का आह्वान किया



पाटन, उन्नाव। बीघापुर तहसील मुख्यालय पाटन स्थित जन सभागार में सरदार वल्लभभाई पटेल की 149वीं जयंती के उपलक्ष्य में एक भव्य समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता उपजिलाधिकारी रणवीर सिंह ने की।

इस अवसर पर उपजिलाधिकारी ने सरदार पटेल के चित्र पर माल्यार्पण एवं पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी और उनकी अमर प्रेरणाओं को स्मरण किया। सरदार वल्लभभाई पटेल की जयंती 31 अक्टूबर को मनाई जाती है, लेकिन इस वर्ष दीपावली पर्व के कारण यह समारोह 29 अक्टूबर को आयोजित किया गया। इस अवसर पर उपजिलाधिकारी रणवीर सिंह ने उपस्थित अधिकारियों और कर्मचारियों को उनके कर्तव्यों के प्रति ईमानदारी, सत्यनिष्ठा, और निष्ठावान होने की शपथ दिलाई। उन्होंने सभी को सरदार पटेल के आदर्शों का पालन करने का आह्वान किया और बताया कि कैसे लौह पुरुष पटेल ने देश की एकता और अखंडता को बनाए रखने के लिए अपना जीवन समर्पित कर दिया था। कार्यक्रम में तहसीलदार अरसला नाज, नायब तहसीलदार अशोक कुमार शुक्ला, कानूनगो, लेखपाल, एवं अन्य अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित रहे। उपस्थापित सरदार वल्लभभाई पटेल की प्रतिमा पर उन्होंने माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि दी। उन्होंने सरदार पटेल की प्रतिमा के समक्ष यह संकल्प भी लिया कि वे और उनकी टीम देश की एकता और अखंडता को बनाए रखने के लिए निरंतर प्रयासरत रहेंगे। इस कार्यक्रम के माध्यम से सरदार पटेल के विचारों और सिद्धांतों को पुनः जीवंत किया गया और यह संदेश दिया गया कि उनके योगदानों को याद कर हम सभी को अपने कार्यों में अधिक निष्ठा और समर्पण की भावना उत्पन्न करनी चाहिए।

# जनगणना का इंतजार

अगर सब कुछ ठीक रहता तो जनगणना 2021 में ही हो गयी होती और अब तक उनके आंकड़ों पर व्यापक विचार-विमर्श भी हो चुका होता। सरकार नयी जनगणना के संदर्भ में कुछ नीतियों को जमीन पर उतार चुकी होती और भविष्य के लक्ष्य और दिशा भी तय कर चुकी होती। लेकिन कोरोना के कारण जनगणना टालनी पड़ी और फिर टलती ही गयी। जनगणना में पूरे चार वर्ष के विलम्ब से ही सही, अंततः केन्द्र सरकार ने अगले साल यानी 2025 में जनगणना कराने का फैसला लिया है। यह काम कम से कम एक वर्ष तक चलेगा और आंकड़ों के परीक्षण, वर्गीकरण एवं अंतिम जनसांख्यिकीय के प्रकाशन में एक और साल लग जाने का अनुमान है। यानी 2026 तक ही यह काम पूरा हो सकेगा। वैसे लक्ष्य यही होगा कि 2028 तक होने वाले परिसीमन तक राष्ट्रीय महत्व का यह काम पूर्ण हो जाये। सामान्य तौर पर जनगणना का उद्देश्य सामाजिक विकास के उद्देश्यों को ध्यान में रखा जाता है परन्तु लगता है कि केन्द्र सरकार ने 2029 में होने वाले लोकसभा चुनाव को सामने रखकर यह फैसला लिया है। 2025 में जनगणना कराने के कारण अगली 2035 में होगी। भारत में 1872 में पहली जनगणना हुई थी जिसे लॉर्ड मेयो की देखरेख में कराया गया था। हालांकि इस गणना का परीक्षण आदि हेनरी वाल्टर के अधीन हुआ था इसलिये उन्हें ही भारतीय जनगणना का जनक माना जाता है। ब्रिटिश उपनिवेश होने के कारण भारत में भी दशक की शुरूआत में जनगणना कराने की व्यवस्था हुई। अब लगभग पूरी दुनिया में जगगणना का समय यही होता है। इस परम्परा का निर्वाह करते हुए स्वतंत्र भारत की पहली जनगणना 1951 में हुई जो हर साल बदस्तूर जारी रही। इसके कारण भारत को विश्व भर के देशों द्वारा होने वाली जनगणना के साथ तालमेल करने में सुविधा होती है। पिछली जनगणना 2011 में हुई थी। आर्थिक जनगणना का प्रारम्भ 1976-77 में हुआ था और इसका उद्देश्य देश की आर्थिक संरचना का विश्लेषण करने के लिये होता है। इसमें देश की आर्थिक संस्थाओं के आंकड़े एकत्र किये जाते हैं जो केन्द्र या राज्य सरकार की विभिन्न योजनाएं बनाने में सहायक होते हैं। भारत में अब तक 15 बार जनगणना हो चुकी है। जनगणना को आजाद हिन्दुस्तान में पहली बार 2021 में कोविड-19 के कारण टालना पड़ा। जनगणना में देरी के कारण कोरोना के कारण लोगों के मरने वालों की संख्या, भूख से प्रभावित लोग, बेरोजगार आदि की संख्या आज भारत सरकार के पास नहीं है। रोजगार पर हुई एक बहस में सरकार ने संसद तक में बताया कि उसके पास इसके आंकड़े नहीं हैं। जितने भी योजनाएं चल रही हैं, उनमें हितग्राहियों या जरूरतमंदों सम्बन्धी तमाम आंकड़े संदेहास्पद हैं। इसके कारण कोई भी कार्यक्रम वैज्ञानिक आधार पर क्रियान्वित नहीं हो रहे हैं। केन्द्र सरकार ने 2019-20 में आर्थिक जनगणना तो कराई पर उसका आधार 2011 के ही पुराने आंकड़े थे। हाल के वर्षों में जनगणना की मांग उठने लगी थी। आंकड़े नहीं होने के कारण सटीक योजनाएं बनाने और जनसंख्या के स्वरूप, आर्थिक-सामाजिक स्थिति आदि को लेकर बहुत स्पष्टता नहीं थी। हालांकि विकास सम्बन्धी योजनाओं एवं कार्यक्रमों के साथ-साथ विभिन्न स्तरों के चुनावों के मद्देनजर भी जनगणना होती है, पर देखना यह है कि इतनी देर से जो जनगणना होगी वह कितनी त्रुटिहीन एवं पारदर्शी होगी। क्योंकि इन आंकड़ों के आधार पर ही सरकार आगामी नीतियां तय करेगी, पार्टियां अपनी सियासी रणनीति को आगे बढ़ायेंगी। जनगणना के आधार पर न केवल परिसीमन, महिला आरक्षण, आदिवासी, दलित व अति पिछड़ा वर्ग, अल्पसंख्यकों को लेकर होने वाली राजनीति की दशा और दिशा तय होगी बल्कि राष्ट्रीय नागरिक रजिस्टर एवं नागरिकता संशोधन जैसे कानूनों के क्रियान्वयन हेतु भी सरकार रास्ता तलाशने का काम कर सकती है। कुल मिलाकर जनगणना का अत्यधिक राष्ट्रीय महत्व है और यह सामाजिक-आर्थिक नीतियां बनाने से लेकर राजनीति और शासन-प्रशासन की दशा-दिशा और नीतियों को नयी धार देगी।




**जनगणना का राष्ट्रीय महत्व बहुत अधिक है। क्योंकि नयी जनगणना से जो आंकड़े प्राप्त होंगे उनके आधर पर सरकार नीति निर्माण का कार्य करेगी।**

## विचार

ब्रह्मचर्य की साधना करने से अनेक गुण स्वयं अधीन हो जाते हैं। जो शुद्ध भावना से ब्रह्मचर्य पालन करता है, वास्तव में वही भिक्षु है। तपों में सर्वोत्तम तप ब्रह्मचर्य है।

–महावीर.

बुद्धिमान कभी अपनी हानि पर शोक नहीं करते, बल्कि अपनी क्षति को पूरा करने का उपाय करते हैं।

–शेक्सपियर.

यदि आपका हृदय ईमान से भरा है तो एक शत्रु क्या, सारा संसार आपके सम्मुख हथियार डाल देगा।

–स्वामी रामतीर्थ.

ईर्ष्या मनुष्य को ठीक उसी प्रकार खा जाती है जिस प्रकार कपड़े को कीड़ा खा जाता है।

–श्रीराम शर्मा आचार्य.

जैसे फूल में गंध, तिल में तेल, काष्ठ में घी और ईख में गुड़ निराकार रूप में रहता है उसी प्रकार सगुण शरीर में आत्मा विद्यमान रहती है।

–योगवशिष्ठ.

# अमेरिकी राष्ट्रपति चुनाव में इंडिया फैक्टर


संजय श्रीवास्तव

**अमेरिका के राष्ट्रपति चुनावों के परिणाम से पर्दा उठने वाला है। अमेरिकी मीडिया की मानें तो इस बार इन चुनावों में इंडिया फैक्टर छाया हुआ है। जीते कोई भी पर व्हाइट हाउस में भारतीय मूल का दाखिला तय है। अमेरिकी राजनीति में भारतीय मूल के नेताओं के प्रभाव पर जो चर्चा अमेरिका में आज चल रही है, उम्मीद है कि वह अगले कुछ दशकों तक चलेगी।**




अमेरिका का 47वां राष्ट्रपति कौन बनेगा? इस कांटे की जंग में रिपब्लिकन ट्रंप जीतेंगे या डेमोक्रेट कमला हैरिस। यह चर्चा इस हफ्ते के बाद खत्म हो जाएगी पर अमेरिका में 'इंडिया इम्पैक्ट' इंडिया फैक्टर संबंधी यह चर्चा उनकी जीत के बाद और आगे भी होती रहेगी कि अमेरिकी राजनीति में भारतीयों का साफ दिखता असर पर्याप्त तेजी से बढ़ रहा है, वह आगे क्या रंग लाएगा। फिलहाल यह तो तय है कि अगर ट्रंप जीतते हैं तो उप राष्ट्रपति जेडी वेंस की पत्नी के रूप में भारतीय मूल की ऊषा वेंस का व्हाइट हाउस में प्रभाव रहेगा। अगर उपराष्ट्रपति बनने वाली पहली भारतीय मूल की महिला कमला हैरिस चुनाव में जीत हासिल करती हैं, तो वे भी राष्ट्रपति भवन में भारतीय मूल का प्रतिनिधित्व करेंगी। सबब यह कि व्हाइट हाउस में भारतीय अमेरिकी का प्रभाव रहना तय है। अमेरिका के सेंसस ब्यूरो के मुताबिक 2020 में भारतीय मूल के अमेरिकियों की संख्या 44 लाख से ज्यादा और 2023 में 48 लाख थी जबकि अन्य स्रोत कहते हैं कि यह संख्या इस साल 52 लाख पार कर चुकी है, जिसमें से 26 लाख से ज्यादा मतदाता हैं। भारतीय मूल के मतदाता कुल अमेरिकी मतदाता के करीब डेढ़ फीसदी ही है लेकिन ये एक महत्वपूर्ण वोटिंग ब्लॉक हैं। विश्लेषक कहते हैं कि यहां के चुनावी गणित के अनुसार इतने मतदाता बहुत महत्व रखते हैं। इन्हीं के चलते भारतीय अमेरिकी समुदाय का असर सीनेट चुनावों में बढ़ा है। इस चुनाव के नतीजों पर भारतीय अमेरिकियों का असर साफ दिखेगा।

नागरिकता और मतदान का अधिकार पा चुके भारतीयों के अलावा उनसे तकरीबन दूनी संख्या में इससे विरत प्रवासी भारतीय भी हैं, जिनका परोक्ष प्रभाव इन चुनावों पर है। यही नहीं अमेरिका में अफ्रीका, मैक्सिको, प्यूर्टोरिको वगैरह से आये प्रवासियों की संख्या अधिक होने के बावजूद भारतीय अमेरिकी यहां की राजनीति में इसलिये अधिक प्रभावी हैं क्योंकि भारतीय मूल के लोगों को प्रवासियों के बीच में सबसे ज्यादा शिक्षित और प्रभावशाली समझा जाता है। इनका व्यावसायिक और सामाजिक दायरा भी विस्तृत है। वॉशिंगटन में भारतीय अमेरिकियों की कुल आबादी का मात्र 2 फीसदी है, लेकिन राजनीति और प्रशासन में भारतीय अमेरिकी 5 फीसदी से ज्यादा हिस्सेदारी है। भारतीय अमेरिकियों की औसत घरेलू आय लगभग 1,53,000 अमेरिकी डॉलर है, यह कमाई दूसरे समुदायों की तुलना में दोगुने से भी ज्यादा है। निःसंदेह यह संपन्न समुदाय पार्टियों को चंदा देने तथा राजनीतिक सक्रियता में भी आगे हैं। दक्षिण एशियाई देशों के यथा पाकिस्तान, बांग्लादेश वगैरह के मतदाताओं पर भी भारतीय मतदाताओं के रुझान का असर होता है। उनके झुकाव का आंशिक ही सही पर अफ्रीकी, हिस्पैनिक, चीनी मतदाताओं पर भी असर पड़ता है। कुल मिलाकर भारतीय मतदाता अमेरिकी राजनीति और वहां के चुनावों को अब इस स्तर पर प्रभावित कर रहे हैं, जो महज सैद्धांतिक और आंकड़ों तक ही सीमित नहीं बल्कि व्यवहारिक स्तर पर दिखने लगा है और कई महत्वपूर्ण तथा बड़े राज्यों में उनकी पकड़ से साफ नजर आने लगा है वे परिणामों को प्रभावित कर सकते हैं। आखिर लोकतंत्र कहीं का भी हो, चुनाव प्रक्रिया में भले ही कुछ अंतर हो, प्रणाली में परिवर्तन हों लेकिन अंततः लोकतंत्र संख्याओं का ही खेल है।

**विदेश**

अमेरिका में मौजूद महज एशियाई समूहों की बात करें तो उसमें सबसे ज्यादा भारतीय अमेरिकी हैं, सैन जोस, फ्रेमोंट, लॉस एंजिल्स, शिकागो, जर्सी सिटी और ह्यूस्टन जैसे शहर में इनकी बड़ी आबादी है। कैलिफोर्निया, मिशिगन, पेंसिल्वेनिया, उत्तरी कैरोलिना, जॉर्जिया, विस्कॉन्सिन, एरिजोना, नेवादा वगैरह राज्यों में अमेरिकी भारतीय मतदाताओं का प्रभाव पिछले चुनावों से दिखने लगा है। कैलिफोर्निया में करीब छह लाख भारतीय-अमेरिकी मतदाता है। न्यू जर्सी और न्यूयॉर्क में मिलाकर पांच लाख तो टेक्सास में चार लाख। इलिनोइस में लगभग दो लाख भारतीय-अमेरिकी मतदाता हैं, तो वहीं फ्लोरिडा में तकरीबन डेढ़ लाख, पेंसिल्वेनिया में भी लगभग इसी के करीब और जॉर्जिया और वर्जीनिया मिला कर दो लाख, वॉशिंगटन में करीब एक लाख वोटर होंगे तो मिशिगन में और उत्तरी कैरोलिना में भी करीब करीब इतने ही, बाकी अमेरिका के दूसरे हिस्सों में भी फैले हैं।

अमेरिका में 35 फीसदी से ज्यादा वोट अश्वेत समुदाय के हैं जिसमें भारतीय, एशियाई, अफ्रीकी हिस्पैनिक और अन्य समुदाय शामिल हैं। बेशक 47 राज्यों में उनसे ज्यादा 50 फीसदी वोट श्वेत समुदाय के हैं, लेकिन इनके मतदान प्रतिशत में गिरावट का रुझान जारी है लेकिन भारतीय और हिस्पेनिक लोगों का मतदान प्रतिशत बंपर रहा है। पिछली बार अमेरिकी भारतीयों ने 71 फीसद मतदान किया इस बार 96 प्रतिशत मतदाता मत देने की बात कह रहे हैं। अमेरिकी भारतीयों की संख्या ही नहीं सक्रियता भी बढ़ी है। 2015 में रिपब्लिकन हिंदू कोअलिशन या आरएचसी गठित हुई तो 2016 में 'इंडियन अमेरिकन इम्पैक्ट'। बाद में ऐसे ही कुछ और संगठन बने जो भारतीय मूल के अमेरिकी नेताओं के लिए सर्वे, पार्टी के लिए वालंटियर्स बनाने, चुनावी रणनीति बनाने, प्रचार में मदद करने भारतीय अमेरिकी मतदाताओं को वोट डालने के लिए प्रेरित करने लगे हैं। सबसे बड़ी बात यह कि वे इन नेताओं के लिए चुनावी फंड भी जुटाते हैं। भारत से कलाकार बुलाकर इस वर्ग को आकर्षित करना हो या अपने झुकाव के अनुसार रिपब्लिकन अथवा डेमोक्रेट के नेताओं का कार्यक्रम कराकर अपने मतदाताओं को प्रभावित करना हो, ये बड़े जोर शोर से कर रहे हैं। डेमोक्रेटिक पार्टी ने दक्षिण एशियाई मतदाताओं का समर्थन पाने के लिए इंडियन अमेरिकन इम्पैक्ट जैसे संगठनों की भारी मदद ली है, इस बार 'लोटस फॉर पोटस' यानी अमेरिकी राष्ट्रपति के लिए कमल माने कमला का नारा इन्हीं की कोशिशों से चल निकला। रिपब्लिकन हिंदू कोअलिशन पहले ट्रंप के साथ था, पर इस बार यह कमजोर है, उसके बावजूद इसके प्रभाव से इंकार नहीं किया जा सकता। कमला हैरिस के समर्थन में चित्तियों यानी चाची मौसियों से बना 250 चित्तियों की 'चित्ती ब्रिगेड' ने बहुत काम किया है।

अमेरिकी राजनीति में अमेरिकी भारतीयों का दखल 1950 से ही था, 1957 में दिलीप सिंह सौंद रिपब्लिकन से तो तकरीबन पांच दशक बाद 2005 में बॉबी जिंदल डेमोक्रेट से अमेरिकी कांग्रेस में आए। लेकिन असली जलवा तो 2013 के बाद शुरू हुआ जब अमेरिकी राजनीति के आसमान पर कई भारतीय अमेरिकी चमके। अमी बेरा 2013 में डेमोक्रेट से कांग्रेस के लिये चुने गए और पिछले दस साल से कैलिफोर्निया के छठे डिस्ट्रिक्ट से लगातार जीतते आ रहे हैं या फिर 2017 में सांसद बनी प्रमिला जयपाल जिन्होंने अपनी सीट लगातार चार बार जीती है, इसके अलावा रो खन्ना, राजा कृष्णमूर्ति, कमला हैरिस अथवा 2023 में श्री थानेदार का अमेरिकी संसद में प्रवेश बताता है कि भारतीयों का दबदबा है और रहेगा क्योंकि भले ही रिपब्लिकन से ट्रंप उम्मीदवार हों लेकिन विवेक रामास्वामी अथवा निक्की हेली का असर कहीं से कम नहीं, यही हाल डेमोक्रेट्स पार्टी में भी है। सब कुछ होने के बावजूद अमेरिकी भारतीय समुदाय का अधिकतर हिस्सा काफी नया है। दरअसल इनकी पिछली पीढ़ी ने तकनीक, मेडिसिन वाणिज्य, व्यापार और कतिपय अन्य क्षेत्रों में अपने को बरसों खपाकर देश में बेहतर जगह और पुख्ता पहचान बनाई अब अगली पीढ़ी इससे आगे अमेरिका की सरकार में प्रतिनिधित्व चाहती है।

## सोशल मीडिया

मोनोपोली का जाल बिछाने व उसे बचाने वाले कौन? अडानी को डिफेंस खरीद में बिचौलिया बनाने वाले कौन? मोनोपोली का फायदा किसे, अडानी, भाजपा या कोई और? राहुल गांधी.



7वें आयुर्वेद दिवस व भगवान धन्वंतरि की जयंती के पावन अवसर पर आ. प्रधानमंत्री जी विभिन्न परियोजनाओं के जरिए स्वास्थ्य सेवा में बदलाव की आधार शिला रखी। जेपी नड्डा.



हरियाणा विधानसभा चुनाव के कड़वे अनुभव के मद्देनजर समीक्षा में आज क्षेत्रीय पार्टियों के साथ भी गठबंधन नहीं करने, एनडीए व इंडिया से दूरी बनाये रखने का निर्णय हुआ। मायावती.



# आत्मज्ञान है संन्यास

जीवन को आत्म-अज्ञान के बिंदु से देखना संसार है। आत्म-ज्ञान के बिंदु से देखना संन्यास है। इसलिए जब कोई कहता है कि मैंने संन्यास लिया है, तो मुझे बात बड़ी असत्य मालूम होती है। यह लिया हुआ संन्यास ही संसार के विरोध की भ्रांति पैदा कर देता है। संन्यास भी क्या लिया जा सकता है? क्या कोई कहेगा कि ज्ञान मैंने लिया है? लिया हुआ ज्ञान भी क्या कोई ज्ञान होगा? ऐसा ही लिया हुआ संन्यास भी, संन्यास नहीं होता है। सत्य ओढ़े नहीं जाते हैं। उन्हें तुम्हारे भीतर जगाना होता है। संन्यास का जन्म होता है। वह समझ से आता है। उस समझ से हम परिवर्तित होते जाते हैं। जैसे-जैसे हमारी समझ बदलती है, हमारी दृष्टि बदलती है और अनायास ही आचरण भी बदल जाता है। संसार जहां का तहां होता है, पर हमारे भीतर संन्यास का जन्म होता जाता है। संन्यास का अर्थ हैः यह बोध कि मैं शरीर ही नहीं हूं, आत्मा हूं।

बोध के साथ ही भीतर आसक्ति और अज्ञान नहीं रह जाता है। संसार बाहर था, अब भी वह बाहर होगा, पर भीतर उसके प्रति राग-शून्यता होगी, या यूं कहें कि संसार अब भीतर नहीं होगा। असंन्यास में हमने एंट्रेंस तो रखा है, एक्ज़िट नहीं रखा है। उसमें भीतर जा सकते हैं, बाहर नहीं आ सकते और ऐसा स्वर्ग भी नरक हो जाता है जिसमें बाहर लौटने का दरवाजा न हो। वह परतंत्रता बन जाता है, कारागृह हो जाता है। कोई संन्यासी लौटना चाहे तो कोई क्या कर सकता है? वह लौट सकता है लेकिन आप उसकी निंदा करते हैं, अपमान करते हैं। कंडेमनेशन है उसके पीछे। और इसीलिए हमने एक तरकीब बना रखी है कि जब कोई संन्यास लेता है, तो उसका भारी शोरगुल मचाते हैं। जब कोई संन्यास लेता है तो बहुत बैंडबाजा बजाते हैं। जब कोई संन्यास लेता है तो बहुत फूलमालाएं पहनाते हैं, और यह उपद्रव का दूसरा हिस्सा है, वह उस संन्यासी को पता नहीं है कि अगर वह कल लौटा तो जैसे फूलमालाएं फेंकी गईं, वैसे ही पत्थर और जूते भी फेंके जाएंगे और ये ही लोग फेंकने वाले, कोई दूसरा आदमी नहीं होगा। असल में इन लोगों ने फूलामालाएं पहना कर उससे कहा कि अब सावधान, अब लौटना मत, जितना आदर दिया है उतना ही अनादर प्रतीक्षा करेगा। यह बड़ी खतरनाक बात है। इसके कारण न मालूम कितने लोग संन्यास का आनंद ले सकते हैं, वे नहीं ले पाते। वे कभी निर्णय ही नहीं कर पाते कि जीवन भर के लिए। जीवन भर का निर्णय बड़ी महंगी बात है, बड़ी मुश्किल बात है। फिर हकदार भी नहीं हैं हम जीवन भर के निर्णय के लिए। तो मेरी दृष्टि है कि संन्यास सदा ही सावधिक है आप कभी भी वापस लौट सकते हैं। कौन बाधा डालने वाला है? संन्यास आपने लिया था। संन्यास आप छोड़ते हैं। आपके अतिरिक्त इसमें कोई और निर्णायक नहीं है। आप ही डिसीसिव हैं, आपका ही निर्णय है।

**– ओशो.**

अंतर्दृष्टि

# चिंतन का कैवल्य

व्यंग्यलोक

मैंने अपने मित्रों से बात की या तो सरकार गिराने की चालें चलो अथवा दल बदलो, मेरा तो इस दलदल में अब दम घुटने लगा है। पूरी तरह सूखा मरूस्थल है। कण्ठ सूखे जा रहे हैं। दबे स्वर में सभी मित्रों-सहयोगियों ने स्वीकार किया कि स्थिति बड़ी विकट है। उनकी हालत भी बड़ी खराब थी, वे भी आत्म-मंथन में यही कैवल्य प्राप्त कर सके थे। सभी सत्ता के लिए लालायित थे और गलत भी नहीं था। लम्बे समय तक निर्विघ्न सरकार चलती रहे, यह हमारे मिजाज के प्रतिकूल था। एक दिन मैंने हिम्मत करके हाईकमान से ही कहा- आत्म-मंथन के इस लम्बे दौर से तो पार्टी के संगठन पर कुप्रभाव पड़ सकता है और पार्टी टूट सकती है। इसलिए हमें आत्म-मंथन के कीचड़ से बाहर निकालिये।

वे बोले-घबराओ नहीं, कीचड़ में कमल खिलता है। मैंने कहा- वह तो खिला हुआ है। गठबंधन के लोग गुलछर्रे उड़ा रहे हैं और हम मरूस्थल में पानी की चाहना में भटक रहे हैं। पार्टी हाईकमान ने मुझसे कहा- यह अनुशासनहीनता है। तुम्हारे खिलाफ कार्यवाही हो सकती है। अपनी जबान को लगाम दो और चुपचाप आत्म-मंथन में तल्लीन हो जाओ। मैं बोला- मेरा धैर्य जवाब दे रहा है और अब मैं ज्यादा आत्म-मंथन नहीं कर सकता। वे बोले-तुम सत्तालोलुप हो-सत्तारूढ़ दल से मिल गये हो। पार्टी से बाहर जाना चाहते हो।


पूरन सरमा

मैं जोरों से चिल्लाया- हाँ-हाँ मैं बाहर जाना चाहता हूँ। मुझे सत्ता चाहिए। ऐसे तो मैं डूब जाऊँगा। मैं जनसेवा करने नहीं, अपनी सेवा के लिए आया हूँ राजनीति में। इतना सुनना था कि उन्होंने मुझे पार्टी से छः वर्ष के लिए निकाल दिया तथा मेरे साथ मेरे आठ साथियों को भी।

अब तो मजे हो गये। मैं नेता बन गया था। गठबंधन में कुछ दल, दलदल पैदा कर रहे थे। उनको मेरी सख्त आवश्यकता थी। मैंने भी सोचा-आत्म-मंथन किया और पाया कि समर्थन देकर यदि मंत्री पद मिलता है तो मनचाहे कार्य पूरे हो जायेंगे। मैंने समर्थन दे दिया। सरकार गिरते-गिरते बच गयी। मैं भी गिरा, लेकिन सँभल गया। वे लोग अभी भी आत्म-मंथन कर रहे हैं। लेकिन आत्म-मंथन जो मैंने किया और उससे जो निकला, वह लाभदायी था और मैं प्रसन्न था। मेरे साथ जो लोग आत्म-चिंतन कर आये थे, वे भी सुखी थे। आत्म-मंथन के दलदल से निकलकर सत्ता की मलाई क्या चाटने लगा मेरी सारी मनोकामना पूरी हो गयी। इति आत्म-चिंतन पुराण।

# धनतेरस से भाई दूज तक पांच पर्वों की लड़ी है दिवाली


पर्व/त्योहार

**रौशन सांकृत्यायन**

दिवाली हिंदुओं का सबसे बड़ा त्योहार है। यह एक दिन का पर्व नहीं है बल्कि पांच दिनों तक मनाये जाने वाले अलग अलग पर्वों का उत्सव है। इसे पांच पर्वों की पंचलड़ी भी कहते हैं। आइये एक एक करके देखते हैं कि दिवाली के पांच पर्व कौन कौन से हैं और इन्हें मनाये जाने के पीछे की कहानी और परंपरा क्या है?

**धनतेरस:** कार्तिक मास के कृष्ण पक्ष की त्रयोदशी को धनतेरस या दिवाली का पहला दिन कहते हैं। वास्तव में पंच पर्वों की इस लड़ी का पहला पर्व धनतेरस ही होती है। धनतेरस पर्व धन और समृद्धि की देवी लक्ष्मी और स्वास्थ्य के देवता धनवंतरि की पूजा की जाती है। परंपरा है कि इस दिन धातु की कोई चीज खरीदते हैं। इसलिए इस दिन कुछ लोग सोने चांदी के आभूषण खरीदते हैं। कुछ लोग इस दिन दोपहिया या चार पहिया गाड़ी खरीदते हैं। जिनमें यह सब सामर्थ्य नहीं होता वे कोई एकाध बर्तन खरीद लेते हैं। क्योंकि धनतेरस के दिन धातु का कुछ भी खरीदना शुभ माना जाता है। धनतेरस का पर्व इसलिए मनाया जाता है, क्योंकि इसी दिन समुद्र मंथन के दौरान भगवान धनवंतरि अमृत कलश लेकर प्रकट हुए थे।

**रूप चौदस या छोटी दिवाली:** धनतेरस के अगले दिन यानी पांच दिन के दिवाली पर्व के दूसरे दिन को कई नामों से जानते हैं। कुछ लोग इसे नरक चतुदर्शी कहते हैं, कुछ लोग रूप चौदस, कुछ लोग काली चैदस और कुछ छोटी दिवाली कहते हैं। वास्तव में इस दिन भगवान कृष्ण ने नरकासुर का वध करके उसकी कैद से हजारों स्त्रियों को मुक्त कराया था, इसलिए इस दिन भगवान कृष्ण की नरकासुर पर जीत की स्मृति का जश्न मनाया जाता है। इस दिन लोग स्नान करते हैं, नये नये कपड़े पहनते हैं, अपने शरीर में उबटन लगाते हैं ताकि वो ज्यादा रूपवान और सुंदर दिखें। चूंकि नरकासुर जैसे अत्याचारी और ताकतवर दैत्य को भगवान कृष्ण ने हराया था, इसलिए इसे बुराई पर अच्छाई की जीत का दिन भी माना जाता है। इस दिन भगवान कृष्ण की पूजा की जाती है।

**दिवाली:** तीसरा दिन दिवाली या बड़ी दिवाली का दिन होता है। यह इस पर्व का मुख्य दिन है। इसी दिन भगवान राम चैदह वर्षों का वनवास काट करके अयोध्या लौटे थे। इस दिन धन और ऐश्वर्य की देवी लक्ष्मी की पूजा ज्ञान और आध्यात्म के देवता विघ्नविनाशक गणेश के साथ की जाती है। बड़ी दिवाली या मुख्य दिवाली वास्तव में कार्तिक महीने की अमावस्या का दिन होता है। इस दिन की रात को महानिशा या सबसे अंधेरी रात भी कहते हैं। इस घोर अंधेरी रात में दीये जलाकर अंधकार से प्रकाश की ओर गमन करने का संकेत भी इस मुख्य पर्व में छिपा होता है। चूंकि भगवान राम के आगमन की खुशी के साथ साथ इसे देवी लक्ष्मी के मृत्युलोक आकर विचरण की रात भी माना जाता है, इसलिए लोग इस दिन उनके स्वागत के लिए दीये जलाते हैं ताकि वह लोगों के घरों में आएं और उन्हें तमाम परेशानियों से मुक्त करके धन व ऐश्वर्य की सौगात दें। इसलिए इस दिन घर के मुख्यद्वार के बाहर रंगोली सजायी जाती है ताकि देवी लक्ष्मी आकर्षित होकर उस घर में प्रवेश करें।

**गोवर्धन पूजा:** पंच पर्वों की परंपरा में दीपावली पर्व का चैथा दिन गोवर्धन पूजा का दिन होता है। इंद्र के प्रकोप से ब्रजवासियों की रक्षा करने के लिए भगवान कृष्ण ने गोवर्धन पर्वत को अपनी छोटी अंगुली से उठा लिया था। इसीलिए दिवाली के अगले दिन भगवान कृष्ण का आभार व्यक्त करने के लिए गोवर्धन पूजा का पर्व मनाया जाता है। यह वास्तव में भारत में गाय के महत्व का भी प्रतीक है। क्योंकि इस दिन गाय के गोबर के ढेर को गोवर्धन के रूप में पूजा की जाती है। इस दिन भगवान कृष्ण के सम्मान हेतु अन्नकूट का पर्व मनाया जाता है, जिसमें विभिन्न तरह के 56 शाकाहारी व्यंजन तैयार किए जाते हैं और उनका भोग लगाया जाता है। वास्तव में जब सात दिनों तक भगवान कृष्ण ने ब्रजवासियों को इंद्र की हाहाकारी बारिश से बचाने के लिए अपनी अंगुली पर गोवर्धन पर्वत उठाकर रखा था, तो जब उन्होंने पर्वत को जमीन पर रखा तो ब्रजवासियों ने उनके सम्मान में ये स्वादिष्ट व्यंजन बनाये थे।

**भाई दूज:**

दिवाली के पर्व का पांचवां दिन भाई और बहन के रिश्तों को समर्पित है। इस दिन बहनें अपने भाईयों की लंबी उम्र और समृद्धि की कामना करती है और उन्हें रक्षा बांधती हैं। जबकि भाई अपनी बहनों को खुश करने के लिए तरह तरह के उपहार देते हैं। इस पर्व के मनाये जाने के पीछे यमराज और उनकी बहन यमुना की कहानी है।

## आप की बात

### आर्थिक चुनौतियों पर हो चर्चा

देश में बेरोजगारी और आर्थिक असमानता बहुत ही जटिल मुद्दा है लेकिन इस पर गंभीर विमर्श नहीं होता है। चुनावी मौके पर पार्टियां गैर जरूरी मुद्दों को राजनीतिक विमर्श में शामिल कर एक तरह से बहुत नुकसान करती हैं।

चुनाव देश एवं प्रदेश के भविष्य को बदलने, संवालने वाला होता है और इस अहम मौके पर वास्तविक मुद्दों पर बहस होनी चाहिए ताकि जनता अपना फैसला करते समय भावनाओं में बहने के बजाय यथार्थ के धरातल पर खड़े होकर फैसले ले, लेकिन दुर्भाग्य से पार्टियां हमेशा ऐसे-ऐसे मुद्दो को उछाल देती हैं जिससे समाज को गंभीर सरोकार नहीं होता। आज रोजगार सबसे बड़ा चुनावी मुद्दा है और प्रदेश की जरूरत भी है। युवाओं को भी शिक्षा पूरी करने के बाद नौकरी की तरफ भागने के बजाय रोजगार देने वाला बनना चाहिए और इसके लिए उद्यमिता बहुत जरूरी है। तीन वर्ष पूर्व कोरोना महामारी ने इतनी आर्थिक तबाही मचायी कि हर तरफ बेरोजगारी और रोजगार का संकट दिखने लगा था। वैसे महामारी ने पूरी दुनिया में रोजगार का बड़ा संकट खड़ा कर दिया था। करोड़ों लोगों की नौकरियां चली गयीं थीं। जब कोरोना खत्म हुआ तो आर्थिक रिकवरी जिस के. सेप में हुई उसमें बहुत से लोग अपनी पुरानी हैसियत नहीं प्राप्त कर सके और बहुत से ऐसे निकले जो रातोंरात समृद्ध बन गये। ऐसे में कोरोना के बाद जिस तरह असमतल रोजगार वृद्धि हुई उस पर गंभीरता से विमर्श करने के साथ जो लोग पीछे छूट गये हैं उनकी मदद करने की जरूरत है। यह बात पूरी तरह से स्पष्ट है कि सरकार सबको रोजगार नहीं दे सकती है और बड़ी कंपनियों में जिस तरह आधुनिक तकनीकी मानव श्रम का स्थान ग्रहण कर रही है उसमें सबको नौकरी मिलना मुश्किल है। ऐसे में युवाओं को रोजगार के लिए उद्यमिता अपनानी होगी ताकि वे रोजगार प्रदाता बनकर देश में बेरोजगारी की समस्या के समाधान में वाहक बन सकें। देश में युवाओं को प्रशिक्षण देकर उद्यमिता को बढ़ावा देने के लिए कौशल विकास मिशन चल रहा है लेकिन अधिकांश युवक कौशल प्रशिक्षण के बाद भी स्वरोजगार अपनाने के बजाय नौकरियों की तलाश में लगे रहते हैं। इससे बेरोजगारी की समस्या के समधान में कोई खास मदद नहीं मिलती है। प्रदेश में लाखों युवक रोजगार की तलाश में है और जब सरकारी नौकरियों में आवेदन मांगे जाते हैं तो चपरासी पद के कुछ पदों के लिए लाखों आवेदन आते हैं। लेकिन देखा जाये तो ज्यादातर को रोजगार नहीं मिलता है, लेकिन इसके बावजूद भी युवक उद्यमिता के बजाय पहली प्राथमिकता सरकारी नौकरी को देते हैं। हाल के वर्षों में जिस तरह सरकारी नौकरियों में छुट्टियां बढ़ी हैं और आकर्षक वेतन हुआ है उसके कारण युवक सुरक्षित और आरामदेह नौकरी को ज्यादा तरजीह देते हैं बनिस्पत रोजगार करने के। इसलिए सरकारी नौकरियों में जिम्मेदारी करने के साथ ही और अधिक उत्पादक बनाने की जरूरत है।

**कृष्ण मोहन शुक्ला, गोण्डा.**

### शिक्षा में सुधार की पहल

उत्तर प्रदेश सरकार ने बताया है कि सरकारी स्कूलों में 40 लाख नामांकन बढ़ा है। यह अच्छी बात है। सरकारी शिक्षा पर व्यापक खर्च होता है। ऐसे में अगर छात्रों की संख्या बढ़ती है तो यह माना जा सकता है खर्च सही दिशा में हो रहा है। अब धीरे-धीरे शिक्षा में सुधार के प्रयास हो रहे हैं। बीते वर्षों में प्रदेश के मुख्यमंत्री ने कई प्राथमिक पाठशालाओं का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान मुख्यमंत्री ने कक्षा तीन के विद्यार्थी से कुछ पढ़ने के लिए कहा, तो विद्यार्थी रटा-रटाया अध्याय पढ़ने लगा। सीएम ने जब दूसरा अध्याय पढ़ने के लिए कहा तो विद्यार्थी हिचकिचाने लगा। इस पर सीएम ने शिक्षक से कड़ी नाराजगी भी जतायी थी और शिक्षा को सुधारने की सख्त नसीहत भी दे रखी थी। मुख्यमंत्री को निरीक्षण के दौरान जो अनुभव हुआ वह प्राथमिक शिक्षा की हकीकत थी, से गंभीरता से समझने की जरूरत है।

**गिरीश चन्द्र त्रिपाठी, लखनऊ.**

संक्षेप

## 38 लोगों को मत्स्य पालन का पट्टा आवंटित

**कादीपुर, सुलतानपुर।** तहसीलदार घनश्याम भारती की अध्यक्षता में आयोजित मत्स्य पालन शिविर में 38 लोगों को मत्स्य पालन का पट्टा आवंटित किया गया। तहसील सभागार में आयोजित शिविर में करौदी कला ब्लॉक के 18 एवं अखंड नगर ब्लॉक के 20 पात्रों को दस वर्ष के लिए मत्स्य पालन के लिए तालाबों का आवंटन किया गया। अखंड नगर ब्लॉक के कुंदा भैरोपुर गांव में एयर एक लाख 56 हजार एवं मसुरन गांव में एक लाख 6 हजार की बोली लगाई गई।

## अराजतत्वों ने युवक को पीटा

**कादीपुर, सुलतानपुर (वीओएल)।** पुरानी रंजिश को लेकर विपक्षियों ने एक युवक की पिटाई कर उसकी बाइक को क्षतिग्रस्त कर दिया। कोतवाली क्षेत्र के कल्याणपुर गांव के सुनील कुमार सिंह सोमवार को सुबह अपने घर पर स्लैब लगवा रहे थे। आरोप है कि तभी विपक्षी गढ़ उनके दरवाजे पर पहुंच कर गाली गलौज देने लगे । मना करने पर लाठी डंडों से मारा पीटा, जिससे उसे काफी चोट आई। विपक्षियों ने उनकी बाइक एवं अन्य घरेलू सामानों को क्षतिग्रस्त कर दिया। मंगलवार को पीड़ित की दी गई तहरीर पर पुलिस ने गांव के शिवम मिश्र एवं दोस्तपुर थाने के सांभरपुर गांव के संदीप तिवारी उर्फ राजन, सुनील तिवारी एवं शरद के विरुद्ध नामजद केस दर्जकर लिया है।

## मनायी गयी सरदार पटेल की जयंती

**जयसिंहपुर, सुलतानपुर।** लौह पुरुष सरदार बल्लभ भाई पटेल की जयंती राष्ट्रीय एकता दिवस के रूप में मनाई गई। मंगलवार को जयसिंहपुर तहसील सभागार में एसडीएम संतोष कुमार ओझा ने अधिकारियों-कर्मचारियों को राष्ट्रीय एकता दिवस की शपथ दिलाई। चित्र पर माल्यार्पण के साथ पुष्पांजलि अर्पित की गई। इस मौके पर क्षेत्राधिकारी जयसिंहपुर रमेश कुमार, कानूनगो विनोद तिवारी, सत्यदेव सिंह, नायब तहसीलदार गरिमा वर्मा आदि लोग मौजूद रहे।

## डकैती में वांछित गिरफ्तार

**सुलतानपुर (वीओएल)।** बीते 28 अगस्त को भरत ज्वैलर्स की दुकान में डकैती के आरोपी व एक लाख के इनामियां वांछित अपराधी अंकित यादव को एसटीएफ ने प्रयागराज के छिवकी रेलवे स्टेशन से गिरफ्तार कर लिया। एसटीएफ ने सुलतानपुर पुलिस को उसे सौंपा। आरोपी की निशानदेही पर कोतवाल नारदमुनि ने अभियुक्त के पास से डकैती की गयी चांदी को बरामद किया। प्रतापगढ़ जिले के आसपुर देवसरा थाना क्षेत्र के हरी का पूरा निवासी अंकित यादव की तलाश में एसटीएफ व जिले की पुलिस बीते तीन महीने से लगी थी। जिसे गिरफ्तार कर लिया गया है। डकैती के मामले में अभी भी दो अभियुक्त फरार है। जिसकी पुलिस सरगर्मी से तलाश कर रही है।

## मतदाता सूची का हुआ पुनरीक्षण

**कादीपुर, सुलतानपुर।** संत तुलसीदास पीजी कॉलेज बरवारीपुर में 191 विधानसभा कादीपुर निर्वाचन क्षेत्र के लिए मतदाता पंजीकरण कार्यक्रम की शुरूआत की गयी। इस मौके पर नायब तहसीलदार दोस्तपुर ने बताया कि कादीपुर विधानसभा क्षेत्र के निर्वाचक नियमावलियों का विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम आगामी 28 नवम्बर तक चलाया जाएगा। जिसमें एक जनवरी 2025 के आयु के आधार पर पंजीकरण होगा।

# भूमि पूजन के साथ शुरू हुआ खड़ंजा निर्माण

### प्रधान कूरेभार की मेहनत लायी रंग, आजादी के 7 दशक बाद ग्रामीणों को मिलेगा रास्ता



**कूरेभार, सुलतानपुर (वीओएल)।** कूरेभार ग्राम पंचायत में बीते वर्षों में ग्राम प्रधान गीता देवी सुरेश कसौधन द्वारा लगातार विकास कार्यों के नए नए आयाम गढ़े जा रहे है। इसी कड़ी में आजादी से लेकर आज तक जिस संपर्क मार्ग को न कोई सांसद, विधायक और न ही कोई अन्य जनप्रतिनिधि बनवा पाया, उस संपर्क मार्ग हरिनाम का गांव से कड़क नाथ फार्म तक भूमि-पूजन के साथ खड़ंजा निर्माण कार्य शुरू करवाया। बताते चले कि बीते सात दशक से सड़क बनवाने की मांग कर रहे 90 वर्षीय बुजुर्ग ग्रामीण भोला नाथ दूबे के हाथों पांच ईंट रखवाकर प्रधान प्रतिनिधि सुरेश कसौधन ने शुरू करवाया सड़क निर्माण का कार्य। प्रधान के इस कार्य से ग्रामीणों में खुशी का माहौल है। ग्रामीणों का कहना है कि बीते सात दशक से इस मार्ग बनवाने की मांग की जा रही थी न जाने कितने जनप्रतिनिधि आये और चले गए, लेकिन किसी ने ध्यान नही दिया। आज प्रधान कूरेभार ने कई दशक से चली आ रही मांग को अमली जामा पहना दिया है। ग्रामीणों द्वारा प्रधान के इस विकास कार्य की भूरि भूरि प्रशंशा की जा रही है। इस मौके पर प्रधान प्रतिनिधि सुरेश कसौधन, भोला नाथ दूबे, अखिलेश सिंह, राम सजीवन वर्मा, शंकर नाथ दूबे, अजय कुमार बर्मा, अवध नाथ दूबे, अंकुश तिवारी, बुधिराम प्रजापति, सुनील वर्मा, रमेश चंद्र वर्मा, भैया राम प्रजापति, राम कृष्ण दूबे, वेद प्रकाश दूबे आदि मौजूद रहे।

## बच्चों ने रंगोली बनाकर मनायी दीपावली

**कूरेभार, सुलतानपुर।** शिक्षा क्षेत्र कूरेभार के कस्बे में संचालित मॉडल प्राथमिक स्कूल प्रथम में मंगलवार को विद्यालय के बच्चों द्वारा दीपोत्सव कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें दीपों की रोशनी से विद्यालय जगमग हो उठा। बच्चों के बीच प्रतियोगिता के माध्यम से इस आयोजन को संपन्न किया गया। इस दौरान नौनिहालों ने आकर्षक रंगोली, मूर्तियां और घरौंदे बनाए, जिसमें कक्षा 4 व 5 की ज्योति दूबे आकृति, संध्या, जानवी, राशिद, अंश सोनी, फैजान अहमद, मौलिक की टीम द्वारा बनाए गई रंगोली आकर्षण का केंद्र रही।

# हादसे में बाइक सवार की मौत

**जयसिंहपुर, सुलतानपुर (वीओएल)।** जयसिंहपुर कोतवाली क्षेत्र के लखनऊ-बलिया राजमार्ग पर बरौंसा स्थित एक कॉफी कैफे के पास सड़क हादसे में बाइक सवार एजेंट की घटनास्थल पर मौत हो गई। दुर्घटना में कार सवार व्यक्ति घायल हो गया। परिजन को सूचना देने के बाद पुलिस कार्रवाई में जुटी है। जयसिंहपुर कोतवाली क्षेत्र के पुरुषोत्तमपुर निवासी कपिलदेव मिश्र (58) एक ट्रैक्टर एजेंसी पर बतौर एजेंट के रूप में कार्य करते थे। वह मंगलवार बाइक से लखनऊ बलिया राजमार्ग के रास्ते बरौंसा की तरफ आ रहे थे। दोपहर डेढ़ बजे वह रामपुर बरौंसा के पास स्थित एक कॉफी कैफे के पास पहुँचे थे, तभी कादीपुर की तरफ जा रहे कार और ट्रक में से किसी एक वाहन ने टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जोरदार थी कि बाइक सवार की घटना स्थल पर मौत हो गई। वहीं कार सड़क किनारे पलट गई। हादसे में कार सवार सुल्तानपुर करौंदिया निवासी जितेंद्र तिवारी आंशिक रूप से घायल हो गए। सूचना पर पहुँचे बरौंसा चैकी इंचार्ज धर्मेंद्र मिश्रा व कांस्टेबल विकास यादव ने कपिलदेव मिश्र को सीएचसी जयसिंहपुर भेजवाया। जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। मृतक कपिलदेव अपने पीछे दो बेटे गिरजाशंकर व शिवशंकर और पत्नी जडावती देवी को छोड़ गए है। कोतवाली प्रभारी अनिरुद्ध सिंह ने बताया कि ट्रक और कार को कब्जे में लेकर थाने लाया गया है। बाइक सवार को कार या ट्रक ने टक्कर मारी ये जांच में पता चलेगा। वादी पक्ष के तहरीर के आधार पर कार्रवाई की जाएगी।

## बच्चों ने मनाया दीपावली महोत्सव

**सुलतानपुर।** करौंदिया स्थित कमला नेहरू इंस्टीट्यूट ऑफ चाइल्ड एजुकेशन में दीपावली महोत्सव धूमधाम से मनाया गया। कार्यक्रम की शुरूआत गणेश वंदना नृत्य से हुई, जिसे कक्षा चार की छात्राओं ने प्रस्तुत किया। कक्षा-1 के छात्रों ने गणेश और लक्ष्मी की झांकी सजाई, जिसमें नित्य शुक्ला ने लक्ष्मी और अभिनव मौर्य ने गणेश का अभिनय किया। कक्षा-3 की छात्राओं ने ष्हैप्पी दिवालीष्गीत पर नृत्य किया, जबकि कक्षा-4 की छात्राओं ने ष्राहों में फूल बिछाऊंगीष्गीत गाकर सभी का मन मोह लिया। कक्षा-5 और 6 की छात्राओं ने ह्यआई दिवाली देखो दिवालीह्व और ह्यये चमक ये दमकह्व जैसे गीतों पर शानदार नृत्य प्रस्तुत किया। कार्यक्रम का संचालन कक्षा-11 की छात्राओं आफरींन खान और शुभांजलि तिवारी ने किया। कक्षा-5 के छात्रों ने हनुमान चालीसा का भव्य गायन किया। प्री-प्राइमरी के बच्चों ने रंगोली बनाई और मिट्टी के दिए जलाकर गणेश-लक्ष्मी की पूजा की। प्रधानाचार्य ने पर्यावरण की सुरक्षा का संदेश देते हुए पटाखों के दुष्प्रभावों के बारे में बताया। इस मौके पर उपप्रधानाचार्य तन्वी गोयल, समन्वयक रेनू सिंह, वरिष्ठ शिक्षक सी.बी. सिंह, मीडिया प्रभारी जगराम भार्गव आदि मौजूद रहे।

# एकता दिवस के रूप में मनायी गयी सरदार वल्लभ भाई पटेल की जयंती



**अमेठी।** मंगलवार को लौह पुरुष सरदार वल्लभ भाई पटेल जी की जयंती को ह्राष्ट्रीय एकता दिवसह्व के रूप में मंगलवार को मनाया गया। इस अवसर पर क्षेत्राधिकारी कार्यालयों पर क्षेत्राधिकारी मुसाफिरखाना एवं क्षेत्राधिकारी गौरीगंज द्वारा व जनपद के थानों पर प्रभारी निरीक्षक ,थानाध्यक्ष द्वारा उपस्थित अधि0 ,कर्म0गण को राष्ट्र की एकता, अखण्डता और आंतरिक सुरक्षा को बनाये रखने की शपथ दिलायी गई ।

## हर्षोल्लास से मनी लौहपुरुष की जयंती

**अमेठी।** जिलाधिकारी निशा अनंत के निर्देशन में जनपद में लौहपुरुष सरदार वल्लभ भाई पटेल जी की जयन्ती राष्ट्रीय एकता दिवस के रूप में धूमधाम से मनाई गई। इस अवसर पर कलेक्ट्रेट सभागार में अपर जिलाधिकारी (वि0/रा0) अर्पित गुप्ता ने उपस्थित अधिकारियों कर्मचारियों तथा जनसामान्य को राष्ट्र के प्रति एकता एवं अखण्डता की शपथ दिलाते हुए कहा कि ह्लमैं सत्यनिष्ठा से शपथ लेता हूँ कि मैं राष्ट्र की एकता, अखण्डता और सुरक्षा को बनाए रखने के लिए स्वयं को समर्पित करूंगा और अपने देशवासियों के बीच यह संदेश फैलाने का भी भरसक प्रयत्न करूंगा। मैं यह शपथ अपने देश की एकता की भावना से ले रहा हूँ जिसे सरदार वल्लभभाई पटेल की दूरदर्शिता एवं कार्यों द्वारा संभव बनाया जा सका। मैं अपने देश की आन्तरिक सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए अपना योगदान करने का भी सत्यनिष्ठा से संकल्प करता हूँह्व। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी ने लौह पुरूष की जयंती पर सभी को हार्दिक शुभकामनाएं देते हुए कहा कि यद्यपि सरदार वल्लभभाई पटेल जी की जयंती 31 अक्टूबर को है लेकिन शासन द्वारा दिए गए निर्देशों के क्रम में आगामी 31 अक्टूबर 2024 को दीपावली का त्यौहार एवं अवकाश होने के कारण आज ही हम सब सरदार वल्लभभाई पटेल जी की जयंती मना रहे हैं। उन्होंने कहा कि सरदार बल्लभ भाई पटेल जी के सिद्धान्तों, आदर्शों एवं आचरण के व्यवहारिक पक्ष को निष्ठापूर्वक एवं सेवा-भाव के साथ आत्मसात करना ही उनके प्रति हम सबकी सच्ची श्रद्धांजलि होगी। इस अवसर पर उपजिलाधिकारी गौरीगंज दिग्विजय सिंह, अतिरिक्त मजिस्ट्रेट मोहम्मद असलम, डिप्टी आरएमओ राजेश्वर सिंह, तहसीलदार गौरीगंज सहित कलेक्ट्रेट के अन्य अधिकारी कर्मचारी मौजूद रहे।

## मनरेगा कर्मियों को तीन महीने से नहीं मिला मानदेय

**जयसिंहपुर, सुलतानपुर (वीओएल)।** मनरेगा से होने वाले विकास कार्यों की मुख्य कड़ी रोजगार सेवक कंप्यूटर ऑपरेटर लेखा सहायक और एपीओ को तीन महीने से मानदेय नहीं मिलने से इस बार दीपावली फीकी रहने के आसार दिख रहा है। अभी तक मानदेय मिलने की आस लगाए बैठे मनरेगा कर्मियों को निराशा ही हाथ आई है। जयसिंहपुर विकास खण्ड में 43 रोजगार सेवक कंप्यूटर ऑपरेटर, लेखा सहायक, अतिरिक्त कार्यक्रम अधिकारी कुल- 46 मनरेगा कर्मियों को अगस्त से लेकर अब तक एक भी माह का मानदेय नहीं मिला तो वही तकनीकी सहायक को मानदेय भुगतान होने से उनके चेहरे पर खुशी साफ तौर पर झलक रही है।

## सच्चा मित्र वही जो मित्र की व्यथा को समझे : सर्वेश प्रपन्नाचार्य

**गोसाईगंज, सुलतानपुर (वीओएल)।** क्षेत्र के मदनपुर में चल रही भागवत कथा का समापन सोमवार सुदामा चरित्र के वर्णन के साथ हुआ। कथा व्यास सर्वेश प्रपन्नाचार्य द्वारा सुदामा चरित्र के वर्णन की कथा सुन पंडाल में उपस्थित श्रोता भाव-विभोर हो गए। कथाव्यास ने सुदामा चरित्र का वर्णन करते हुए कहा कि मित्रता करो तो सुदामा कृष्ण की तरह सच्चा मित्र वही जो मित्र की व्यथा को समझने का प्रयास करे, बिना बताए मदद करें लेकिन आजकल स्वार्थ की मित्रता रह गई, स्वार्थ सिद्ध तक ही मित्रता रहती है स्वार्थ सिद्ध मित्रता खत्म, मित्रता में अमीरी गरीबी नहीं देखी जाती मित्र एक दूसरे का पूरक होता है। पत्नी के कहने पर द्वारिकापुरी अपने बाल सखा द्वारकाधीश श्रीकृष्ण के पास गए थे, मित्र सुदामा की हालत देख रोते हुए भगवान कृष्ण ने अपने बाल सखा सुदामा को राज सिंहासन पर बैठाया था आंसूओं से उनके पैर धुले थे। और सुदामा को उलाहना देते हुए कहा कि जब गरीबी में थे तो अपने मित्र के पास आ सकते थे, लेकिन सुदामा ने मित्रता को सर्वोपरि मानते हुए श्री कृष्ण से कुछ नहीं मांगा। सात दिन की कथा का सारांश बताते हुए आचार्य ने सभी से अमल करने का आग्रह किया, सभी से गो सेवा कार्य करने पर जोर दिया, अंत में मुख्य यजमान युधिष्ठिर पांडेय ने सपत्नीक व्यास पीठ की आरती उतारी, आयोजक रत्नेश पांडेय, संगम लाल पांडेय ने आए हुए सभी कथा प्रेमियों का आभार प्रकट किया।

# मेधावी छात्र-छात्राओं को किया सम्मानित



**सुलतानपुर (वीओएल)।** कमला नेहरू इंस्टीट्यूट ऑफ चाइल्ड एजुकेशन, लाल डिग्गी में सत्र 2023-24 की वार्षिक परीक्षा का सम्मान समारोह आयोजित किया गया। इस समारोह में कक्षा 10 और कक्षा 12 के छात्रों को सम्मानित किया गया, जिन्होंने 90 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त किए।

कक्षा 10 में, आकर्ष सिंह ने 95.80 प्रतिशत, सिद्धान्त श्रीवास्तव ने 95.40 प्रतिशत और तनजीब जुबैर ने 95 प्रतिशत अंक हासिल किए। कक्षा 12 में, वैभवी सिंह (95.20 प्रतिशत), अक्षत श्रीवास्तव (94.20 प्रतिशत) और हेमन्क कुमार (93.60 प्रतिशत) ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। समारोह का उद्घाटन प्रधानाचार्य मृदुल कुमार सिंह ने दीप जलाकर किया, जिसके बाद उन्होंने छात्रों को पुरस्कार देकर उनके माता-पिता के साथ सम्मानित किया। प्रबंधक विनोद सिंह ने सभी छात्रों को बधाई दी और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। इस अवसर पर उपप्रधानाचार्य शैलेश तिवारी, हेड मिस्ट्रेस मिस सरिता सिंह और अन्य शिक्षकों ने भी छात्रों को उत्साहवर्धन किया। साथ ही, जिला स्तरीय विज्ञान प्रोजेक्ट प्रतियोगिता में द्वितीय स्थान प्राप्त करने वाले मास्टर सिद्धान्त श्रीवास्तव और मास्टर शिवांक चतवेर्दी को भी सम्मानित किया गया। यह समारोह छात्रों की मेहनत और सफलता का जश्न मनाने का एक महत्वपूर्ण अवसर रहा। इस मौके पर नरेन्द्र नाथ गुप्ता, सहबा कलीम, संजय सिंह, अजय सिंह, संदीप सिंह, प्रवीन सिंह, पवन सिंह, दीपक सोनी, कृष्ण चन्द्र, श्याम, राधेकृष्ण तिवारी, कुवंर बहादुर, रुपेश सिंह, निशांत श्रीवास्तव, नीरज मिश्रा, भूपेन्द्र पाण्डेय आदि मौजूद रहे।

## निकाली राम दरबार की भव्य झांकी

**कादीपुर, सुलतानपुर।** दीपावली की पूर्व संध्या पर सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज झारखंड में छात्रों ने राम दरबार की झांकी और लवकुश की राम कथा का प्रभावशाली प्रस्तुतीकरण किया। प्रधानाचार्य अवधेश कुमार मिश्र ने कार्यक्रम की शुरूआत में झांकी की आरती उतारकर छात्रों की मेहनत की सराहना की। झांकी में राम की भूमिका अन्नया पांडे ने निभाई, जबकि सीता के रूप में अग्रिम सिंह, लक्ष्मण के रूप में अर्पित तिवारी, और भारत की भूमिका में शालिनी उपस्थित रहीं।

## दबंगों ने लाठी-डंडो व धारदार हथियार से किया हमला गंभीर रूप से घायल युवक ट्रामा सेंटर रेफर

**अमेठी ।** देर रात निमंत्रण से घर वापस जा रहे युवक पर पहले से घात लगाए बैठे दबंगों ने लाठी डंडों और धारदार हथियार से हमला कर दिया।दबंगो के हमले में युव गंभीर रूप से घायल हो गया जिसे सीएचसी में भर्ती कराया गया जहां से हालत गंभीर देख डॉक्टरों ने ट्रामा सेंटर रेफर कर दिया।फिलहाल परिजनों की तहरीर पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है दबंगो के हमले में एक अन्य युवक भी घायल हुआ है। मामला भाले सुल्तान शहीद स्मारक थाना क्षेत्र के कैमा गांव का है जहां गांव का रहने वाला विजय कुमार अपने एक अन्य साथी के साथ देर रात गांव में ही आयोजित एक कार्यक्रम में शामिल होकर अपने घर की तरफ जा रहा था।तभी पहले से घात लगाए बैठे गांव के ही रहने वाले दबंग चंद्रेश पुत्र छोटेलाल, जयकरन पुत्र अयोध्या प्रसाद, हौसला, राजकिशोर समेत अन्य लोगों ने उस पर लाठी डंडों और धारदार हथियार से हमला कर दिया। दबंगो के हमले में विजय गंभीर चोटे आई।आनन फानन में परिजन उसे लेकर जगदीशपुर सीएचसी पहुंचे जहां से प्राथमिक इलाज के बाद उसे लखनऊ रेफर कर दिया।साथ में मौजूद युवक भी घायल हुआ है जिसका इलाज जगदीशपुर में चल रहा है।पूरे मामले पर भाले सुल्तान शहीद स्मारक थाना प्रभारी प्रभारी तनुज पाल ने कहा कि घायल व्यक्ति के भाभी मनोज कुमारी की तहरीर पर संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज किया गया है।आरोपियों की गिरफ्तारी के प्रयास किया जा रहे हैं।

# सोल्लास मनायी गयी दीपावली



**अमेठी ।** संस्कार ग्लोबल स्कूल गौरीगंज में दीपोत्सव पर्व दीपावली उल्लासपूर्वक मनाया गया जिसमें विद्यार्थियों द्वारा रंग-बिरंगी मनमोहक पोशाक में श्रीराम, सीता, लक्ष्मण, हनुमान, सेना, साथियों तथा लक्ष्मी आदि का रुप धारण कर विभिन्न कार्यक्रम प्रस्तुत किये गये जिसे देख सभी मंत्रमुग्ध हो गये। उपस्थित लोगों ने करतल ध्वनि एवं जयघोष ने संपूर्ण वातारण को भक्तिमय बना दिया। कार्यक्रम का शुभारंभ प्रधानाचार्य देवांश भरतद्वाज उपाध्याय ने माँ सरस्वती की प्रतिमा के समक्ष दीप जलाकर एवं पुष्प गुच्छ अर्पित कर किया और सभी को पर्व की शुभकामना दी तथा आपस में मिलकर प्रेम पूर्वक पर्यावरण का ध्यान रखते हुए पर्व मनाने की प्रेरणा दी।

संस्था के निदेशक श्री संजय सिंह जी ने पर्व की शुभकामना दी और कहा यह पर्व एकता भाई-चारा एवं स्वच्छता का प्रतीक है हमें मन कर्म एवं वचन से पवित्र एवं एक रहकर पर्व मनाना चाहिए। संस्था की चेयरपर्सन डॉ0 अंजना सिंह सेंगर जी ने सभी को महोत्सव की शुभकामना दी और अपने संदेश में कहा कि हम सब को अपने भीतर की बुराई को बाहर कर एकता, भाई-चारा एवं सेवा की भावना को विकसित करते हुए समाज में सुख, शांति एवं समृध्दि में योगदान देते हुए अपने कर्तव्य पथ पर चलना चाहिए। कार्यक्रम का सफल संचालन कक्षा 10 की छात्रा अक्षिता और अपूर्वा ने किया। उक्त कार्यक्रम रेखा पटेल के नेतृत्व में ऋचा पुष्पाकर, नेहा मिश्रा एवं अन्य साथी शिक्षक , शिक्षकाओं के सहयोग से संपन्न हुआ। इस अवसर पर चित्रकेतु सिंह, मंजू सिंह, पूजा उपाध्याय, जीतलाल पटेल, संतलाल जायसवाल, अनिल मिश्रा, धर्मेन्द्र कुमार, देशराज, विमल सिंह, विमलेश पाण्डेय, अनुरुध्द, अमन सिंह, रघुराज सिंह, मोहित, रोहित , स्नेहलता मैम, सर्वेश मौर्या आदि शिक्षक, शिक्षिका, विद्यार्थीगण उपस्थित रहे।

# आरआरएसजीएस में रंगोली प्रतियोगिता आयोजित

**अमेठी।** राजर्षि रणंजय सिंह ग्लोबल स्कूल (आरआरएसजीएस) में मंगलवार को इंटर हाउस रंगोली कम्पटीशन का आयोजन हुआ।दीपावली महापर्व के उपलक्ष्य में मंगलवार को विद्यालय में इण्टर हाउस रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।



विद्यार्थियों ने विद्यालय परिसर में पत्तियों, फूलों, दीपकों और रंगों की सहायता से सुंदर-सुंदर रंगोलियों का निर्माण किया। विद्यार्थियों ने विद्यालय परिसर को रंगोलियों से खूब सुसज्जित कर दिया। इस प्रतियोगिता में ब्लू हाउस के विद्यार्थियों ने सबसे सुंदर रंगोली बनाकर बाजी मारी। विजेता प्रतिभागियों को मंगलवार को पुरस्कृत किया जाएगा।विद्यालय के प्रधानाचार्य ललित नारायण शर्मा ने कहा कि प्रतियोगिताओं के आयोजन से विद्यार्थियों की कार्यकुशलता में वृध्दि होती है। रंगोली प्रतियोगिता में प्रतिभाग करके विद्यार्थियों ने अपनी रचनात्मकता को अभिव्यक्त किया है। उन्होंने सभी लोगों को दीपावली की शुभकामनाएँ दी और भगवान श्रीराम के जीवनवृत्त का अनुकरण करने का संदेश दिया।

# प्रदेश स्तरीय समन्वय सब-जूनियर बालक वर्ग हैण्डबाल प्रतियोगिता आयोजित




**अमेठी।** जिला खेल कार्यालय के उपक्रीड़ाधिकारी मो0 मोसर्रफ खॉ ने बताया कि वर्ष 2024-25 में आयोजित होने वाली प्रदेश स्तरीय समन्वय सब-जूनियर बालक वर्ग हैण्डबाल प्रतियोगिता 06 नवम्बर 2024 से 09 नवम्बर 2024 तक जनपद के डॉ0 भीमराव अम्बेडकर स्टेडियम में आयोजित किया जायेगा। उन्होंने बताया कि उक्त प्रतियोगिता का उद्घाटन समारोह 06 नवम्बर 2024 को अपरान्ह 3 बजे जिलाधिकारी अमेठी, पुलिस अधीक्षक अमेठी, मुख्य विकास अधिकारी एवं अपर जिलाधिकारी (न्यायिक) अमेठी के कर-कमलों तथा पुरस्कार वितरण एवं समापन समारोह 09 नवम्बर 2024 को मध्यान्ह 12 बजे जिला पंचायत अध्यक्ष राजेश अग्रहरी एवं महासचिव उ0प्र0 हैण्डबाल संघ लखनऊ डॉ0 आनन्देश्वर पाण्डेय द्वारा किया जायेगा।इस सम्बन्ध में उन्होंने उक्त प्रतियोगिता के दर्शनदीर्घा में आने वाले जनपद के समस्त अतिथियों, खेल प्रेमियों, गणमान्य एवं खिलाड़ियों का स्वागत एवं अभिनन्दन है।

# निर्वाचक नामावलियों के विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम का शुरू

- **कलेक्टर परिसर से जनजागरूकता रैली को एडीएम ने हरी झंडी दिखाकर किया रवाना**
- **अर्हता तिथि 01 जनवरी 2025 को 18 वर्ष की आयु पूर्ण कर रहे सभी युवा मतदाता सूची में नाम जरूर दर्ज कराये**

**अमेठी।** अर्हता तिथि 1 जनवरी 2025 के दृष्टिगत मतदाता सूची के पुनरीक्षण को लेकर निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार 29 अक्टूबर से 28 नवम्बर 2024 तक चलने वाले विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण अभियान का आज जिला निर्वाचन अधिकारी निशा अनंत के निर्देशन में कलेक्ट्रेट परिसर से विभिन्न विद्यालयों के छात्र-छात्राओं द्वारा निकाली गई जन जागरूकता रैली को एडीएम (वि/रा) अर्पित गुप्ता ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। जन जागरूकता रैली कलेक्ट्रेट परिसर से प्रारंभ होकर इन्दिरा गांधी स्नातकोत्तर महाविद्यालय गौरीगंज में पर सम्पन्न हुई। वहीं इंदिरा गांधी पीजी कॉलेज गौरीगंज में गोष्ठी का आयोजन किया गया।

एडीएम गौरीगंज दिग्विजय सिंह ने सम्बोधित करते हुए कहा कि निष्पक्ष निर्वाचन के लिए मतदाता सूची का स्वच्छ एवं त्रुटिरहित होना नितान्त आवश्यक है, मतदाता सूची त्रुटिरहित होगी तो निर्वाचन के दौरान बूथों पर कोई समस्या नहीं आएगी। उन्होंने कहा कि मतदाता सूची को पारदर्शी बनाने के लिए निर्वाचन आयोग द्वारा आज दिनांक 29 अक्टूबर से विशेष मतदाता सूची पुनरीक्षण अभियान एवं जन जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। अभियान के दौरान सभी बीएलओ अपने-अपने क्षेत्र में उपस्थित रहकर मतदाता सूची पुनरीक्षण का कार्य करेंगे। उन्होंने बताया कि आयोग द्वारा 9, 10, 23 व 24 नवम्बर को विशेष अभियान की तिथियॉ निर्धारित की गयी हैं, इन तिथियों में बीएलओ अपने सम्बन्धित मतदेय स्थल पर मतदाता सूची एवं पर्याप्त फार्मो के साथ उपस्थित रहकर पुनरीक्षण का कार्य करेंगे। उन्होंने कहा कि आयोग के मंशानुरूप कोई भी मतदाता का नाम मतदाता सूची में सम्मिलित होने से ना छूटने पाए इस हेतु समस्त अर्ह मतदाताओं के नाम मतदाता सूची में अवश्य शामिल किया जाए एवं 1 जनवरी 2025 को 18 वर्ष की आयु पूर्ण कर रहे सभी मतदाताओं का नाम मतदाता सूची में शामिल किया जाए तथा 18-19 वर्ष की आयु के युवा मतदाताओं के फॉर्म अधिक से अधिक संख्या में भरवाएं जाएं। जनपद में कुल 1422587 मतदाताओं में 748892 पुरूष व 673612 महिला एवं 82 थर्ड जेंडर मतदाता हैं तथा प्रत्येक मतदेय स्थल पर जेंडर रेशियो बढ़ाने हेतु महिलाओं के अधिक से अधिक फार्म भरवाएं जाएं। मतदाताओं से फार्म पर उनके मो. नम्बर व आधार की सूचना अवश्य भरवाए एवं उन्हें ई-इपिक डाउनलोड करने की जानकारी भी दें। मतदाताओं को ऑनलाइन फॉर्म भरने की जानकारी दें एवं अधिक से अधिक ऑनलाइन फॉर्म भरवाएं। उपजिलाधिकारी गौरीगंज ने बताया कि फॉर्म-6 नये पंजीकरण हेतु तथा फॉर्म-8 मतदाताओं द्वारा निवास स्थान परिवर्तन,निर्वाचक नामावली में संशोधन ,मतदाता फोटो पहचान पत्र का प्रतिस्थापन तथा दिव्यांग मतदाताओं के चिन्हीकरण हेतु, फार्म-7 नाम कटवाने के लिए मृतक या स्थाई रूप से स्थानांतरित मतदाताओं का भरवाया जाए तथा इसका व्यापक प्रचार प्रसार भी सुनिश्चित करें। शिक्षण संस्थानों में विशेष कैंप लगाने और छात्र-छात्राओं को ऑनलाइन पोर्टल यथा https://voters.eci.gov.in एवं https://ceouttarpradesh.nic.inपर अथवा वोटर हेल्पलाइन ऐप डाउनलोड कर आदि के माध्यम से मतदाता के रूप में पंजीकरण की जानकारी साझा करें। इस दौरान जिला विद्यालय निरीक्षक डॉ राजेश द्विवेदी, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी संजय तिवारी, तहसीलदार गौरीगंज सहित अन्य सम्बन्धित अधिकारी, राजनैतिक पार्टियों के पदाधिकारी व निर्वाचन कार्यालय के कर्मचारी मौजूद रहे।

# विजयस्थ नाम से जाना जाता था बिजेथुआ धाम : रामभद्राचार्य






**कादीपुर, सुलतानपुर (वीओएल)।** बिजेथुआ महोत्सव में आयोजित हनुमानकथा के पांचवे और अंतिम दिन जगतगुरू रामभद्राचार्य ने बिजेथुआ धाम की महिमा व इतिहास का वर्णन किया। उन्होंने बताया कि यही पर हनुमानजी ने कालनेमि नमक राक्षस का बध किया था। यह स्थान कालांतर मे बिजयस्थ नाम से जाना जाता था, परन्तु यहां हनुमानजी स्वतः प्रकट हुए तो यह बिजेथुआ महाबीर हो गया। हनुमान जी को प्यास क्यों लगी ?, यही पर धन्य मालनी नाम कि मकड़ी रहती थी, उसी के उद्धार के लिए हनुमानजी को प्यास लगी। हनुमान जी ने यही मकरी कुंड मे जैसे ही प्रवेश किया त्यो ही मकड़ी (घड़ियाल) ने उनका चरण पकड़ लिया तो हनुमान जी ने उसका उद्दार कर दिया। हनुमानजी के जल माँगने पर कालिनेमी ने अपना कमंडल दे दिया। जिस पर हनुमानजी को उसके राक्षस होने का आभास हुआ। क्योंकि कोई भी परम्परागत साधु अपना कमंडल, दंड और ठाकुर जी किसी को नहीं देता। स्वामी श्रीरामभद्राचार्य ने कहा कि कालिनेमी को पहचान कर हनुमानजी ने कहा कि पहले दक्षिणा ले लीजिए फिर मंत्र लेता हूँ। वर्तमान में हनुमान चालीसा मे पाँच त्रुटि है, यह त्रुटि तुलसी दास ने नहीं की है, बल्कि बाद में हुई।

**काँधे मूज जनेऊ साजे... नहीं बल्कि, काँधे मूज जनेऊ छाजे..है।**

**अंतिम दिन भावुक हुए कार्यक्रम संयोजक व हजारों भक्त**

**कादीपुर।** जगतगुरू रामभद्राचार्य के कथा के अंतिम दिन जब तुलसी पीठाधीश्वर ने खचाखच भरे पंडाल में कहा कि आज कथा का अंतिम दिन है तो उपस्थित हजारों की भीड़ भावुक हो गयी। कार्यक्रम संयोजक हनुमान भक्त विवेक तिवारी ने कथा के समापन के अवसर पर जगतगुरू रामभद्राचार्य को अगले वर्ष आने का निवेदन किया तो उनकी आंखें नम हो गयी। उनकी भावुकता को देख सामने उपस्थित सभी भक्त व व्यवस्था में लगे लोग भी गमगीन हो गए। जगतगुरू ने सभी को आशीर्वाद दिया।

**बटोगे तो कटोग का किया समर्थन**

**कादीपुर।** जगतगुरू रामभद्राचार्य ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के चर्चित स्लोगन बटोगे तो कटोगे का समर्थन व्यासपीठ से किया। उन्होंने कहा कि सनातन धर्म व संतो ने हमेशा समाज को एकजुट रहने की बात कही है। योगी ने भी धर्म और राष्ट्र के लिए यह बात कही है।




# भारतीय महिला टीम ने न्यूजीलैंड को छह विकेट से हराया

## सीरीज पर 2-1 से जमाया कब्जा, मंधाना ने जड़ा शतक, न्यूजीलैंड महिला टीम ने भारत के खिलाफ 232 रन बनाये थे



अहमदाबाद। टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने उतरी न्यूजीलैंड की टीम ने ब्रूक हैलीडे की 86 रनों की पारी की बदौलत 49.5 ओवर में 232 रन बनाए। जवाब में भारत ने 44.2 ओवर में चार विकेट पर 236 रन बनाए और तीसरा वनडे जीत लिया।

भारतीय महिला टीम ने न्यूजीलैंड को तीसरे वनडे में छह विकेट से हराकर 2-1 से सीरीज पर कब्जा जमा लिया। निर्णायक मुकाबले में स्मृति मंधाना ने शतक लगाया। वहीं, टीम की कप्तान हरमनप्रीत कौर 70 रन बनाकर नाबाद रहीं। बता दें कि, अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में खेले गए इस मैच में टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने उतरी न्यूजीलैंड की टीम ने ब्रूक हैलीडे की 86 रनों की पारी की बदौलत 49.5 ओवर में 232 रन बनाए। जवाब में भारत ने 44.2 ओवर में चार विकेट पर 236 रन बनाए और तीसरा वनडे जीत लिया। इससे पहले टीम इंडिया ने पहला मुकाबला 59 रन से जीता था जबकि मेहमानों ने दूसरे वनडे में भारत को 76 रनों से मात दी थी।

इस मुकाबले में स्मृति मंधाना का तूफान आया। उन्होंने अपने वनडे करियर का आठवां शतक जड़ा। इस दौरान उन्हें यास्तिका भाटिया और हरमनप्रीत कौर का भरपूर साथ मिला। इस सीरीज के पहले मैच में उन्होंने पांच रन बनाए और दूसरे मुकाबले में खाता खोले बिना पवेलियन लौटी थीं। हालांकि, तीसरे वनडे में उन्होंने शानदार प्रदर्शन किया और अपनी पारी के दौरान 10 चौके लगाए।

वहीं ब्रूक हैलिडे की 86 रन की पारी ने न्यूजीलैंड को खराब शुरुआत से उबारते हुए मंगलवार को यहां भारत के खिलाफ तीसरे और निर्णायक एकदिवसीय मैच में 232 रन तक पहुंचा दिया था। तीन मैचों की श्रृंखला।-।की बराबरी पर है। हैलिडे ने 96 गेंद की पारी में नौ चौके और तीन छक्के जड़े। अनुभवी दीप्ति शर्मा ने तीन जबकि प्रिया मिश्रा ने दो विकेट लिये जिससे भारत ने न्यूजीलैंड को 49.5 ओवर में ऑल आउट कर दिया। भारतीय गेंदबाजों ने पारी की शुरुआत से ही सटीक लाइन-लेंथ से न्यूजीलैंड के बल्लेबाजों को परेशानी में रखा। जेमिमा रोड्रिग्स के शानदार थ्रो पर सूजी बेट्स के रन आउट होने से भारत को पहली सफलता मिली। साइमा ठाकोर ने आठवें ओवर में लौरिन डाउन को एक रन पर पवेलियन की राह दिखाई। कप्तान हरमनप्रीत ने 11वें ओवर में गेंद युवा लेग स्पिनर प्रिया मिश्रा को थमाई और इस गेंदबाज ने शानदार लय में चल रही न्यूजीलैंड की कप्तान सोफी डिवाइन (नौ रन) को आउट कर भारत को बड़ी सफलता दिलाई। एक छोर से सतर्कता से खेल रही सलामी बल्लेबाजी जॉर्जिया प्लिमर को प्रिया ने दीप्ति के हाथों कैच कराया। उन्होंने 67 गेंद में 39 रन बनाये। मैडी ग्रीन 15 गेंद में 19 रन बनाकर रन आउट हुई। जिससे न्यूजीलैंड ने 24 ओवर में 88 रन पर पांचवां विकेट गंवा दिया। हैलिडे को इसके बाद विकेटकीपर इजाबेल गेज (49 गेंद में 25 रन) के रूप में अच्छा जोड़ीदार मिला और दोनों ने छठे विकेट के लिए 64 रन जोड़कर मैच में टीम की वापसी कराई। हैलिडे ने थकान हावी होने के बावजूद कुछ बड़े शॉट लगाये। वह 46वें ओवर में दीप्ति की गेंद पर राधा यादव को कैच दे बैठी। आखिरी ओवरों में लिया ताहुहू ने 14 गेंद में नाबाद 24 रन बनाकर न्यूजीलैंड के स्कोर को 232 तक पहुंचाने में मदद की।

# रोड्री, बोनमाती ने सर्वश्रेष्ठ पुरुष और महिला खिलाड़ियों का बलोन डी ओर पुरस्कार जीता



पेरिस। स्पेन के मिडफील्डर रोड्री और एताना बोनमाती ने दुनिया के सर्वश्रेष्ठ फुटबॉल खिलाड़ी का पुरुष और महिला बलोन डी ओर पुरस्कार जीता। रोड्री ने सोमवार को पहली बार इस प्रतिष्ठित पुरस्कार को अपने नाम किया। इस 28 साल के खिलाड़ी ने मैनचेस्टर सिटी को प्रीमियर लीग चैम्पियन बनाने के साथ स्पेन की यूरोपीय चैम्पियनशिप जीत में मुख्य भूमिका निभाई थी। रोड्री ने आठ बार के विजेता अर्जेंटीना के लियोनेल मेस्सी का स्थान लिया।

इस पुरस्कार के पूर्व विजेता जॉर्ज वीह ने जब रोड्री के नाम की घोषणा की तक इस खिलाड़ी ने अपने चेहरे पर हाथ रख लिया। चोट के कारण बैसाखी के सहारे इस कार्यक्रम में पहुंचे रोड्री ने कहा, मेरे लिए यह अविश्वसनीय रात है। मैं हमेशा खेल के हर विभाग में सुधार करने की कोशिश करता हूं। बोनमाती को बार्सीलोना को स्पेनिश लीग, स्पेनिश कप और चैंपियंस लीग जीतने में मदद करने के लिए इस पुरस्कार के लिए चुना गया। इस 26 साल की खिलाड़ी लगातार दूसरी बार इस खिताब को जीता। उन्होंने अपनी टीम के साथी नॉर्वे की कैरोलिन ग्राहम हैनसेन और स्पेन की सलमा पारलुएलो को पछाडा। बार्सिलोना के तीनों खिलाड़ी शीर्ष तीन स्थान पर रहे। ऑस्कर विजेता नताली पोर्टमैन से पुरस्कार प्राप्त करने वाले बोनमाती ने कहा, यहां दोबारा आना खुशी की बात है। मेरे साथियों और क्लबों को धन्यवाद जो मुझे हर साल एक बेहतर फुटबॉल खिलाड़ी बनाते हैं। रोड्री ने इस पुरस्कार के लिए विनिसियस जूनियर, जूड बेलिंगहैम और दानी कार्वाजल को पीछे छोड़ा। पिछले 16 साल में यह पहला मौका था जब इस खिताब के लिए अर्जेंटीना के दिग्गज लियोनेल मेस्सी और पुर्तगाल के क्रिस्टियानो रोनाल्डो इसके दावेदारों की सूची में नहीं थे। इस दोनों ने इस दौरान 13 बार इस खिताब को साझा किया जिससें मेस्सी ने आठ और रोनाल्डो के नाम पांच खिताब रहे हैं।

## संक्षेप

### सिटसिपास ने पेरिस मास्टर्स के पहले दौर में जीत दर्ज की

पेरिस। स्टेफानोस सिटसिपास ने रॉबर्टो कारबालेस बाएना को 4.6, 6.3, 6.3 से हराकर पेरिस मास्टर्स टेनिस के पहले दौर में जीत दर्ज की और सत्र के आखिरी एटीपी फाइनल्स में प्रवेश की दौड़ में बने हुए हैं। अमेरिका के टॉमी पॉल को फ्रांस के एड्रियन मानारिनो ने 3.6, 5.7 से मात दी। वहीं स्थानीय सितारे हुजो हुम्बर्ट ने ब्रेंडन नकाशिमा को 6.3, 4.6, 6.4 से हराया। नीदरलैंड के टालों ग्रीकस्पूर ने लूसियानो डारडेरी को 6.3, 6.4 से हराया और अब उनका सामना तीसरी वरीयता प्राप्त अलेक्जेंटर ज्वेरेव से होगा।

### न्यूजीलैंड दौरे से बाहर रहेंगे स्मिथ

लंदन। इंग्लैंड के विकेटकीपर जैमी स्मिथ अपने पहले बच्चे के जन्म के लिये पितृत्व अवकाश के कारण नवंबर दिसंबर में न्यूजीलैंड दौरे पर नहीं जा सकेंगे। जोर्डन कॉक्स विकेटकीपिंग का जिम्मा संभालेंगे। बल्लेबाज हरफनमौला जैकब बेथेल को पहली बार टेस्ट टीम में शामिल किया गया है जिन्होंने आस्ट्रेलिया के खिलाफ टी20 और वनडे मैचों में पदार्पण किया था। पहला टेस्ट क्राइस्टचर्च में 28 नवंबर से शुरू होगा। इंग्लैंड टीम : बेन स्टोक्स (कप्तान), रेहान अहमद, गुस एटकिंसन, शोएब बशीर, जैकब बेथेल, हैरी ब्रूक, ब्राइडन कार्स, जोर्डन कॉक्स, जाक कॉली, बेन डकेट, जैक लीच, ओली पोप, मैथ्यू पोट्स, जो रूट, ओली स्टोन, क्रिस वोक्स।

### करियर की सर्वश्रेष्ठ दूसरी रैंकिंग पर दीप्ति शर्मा

दुबई। भारतीय आफ स्पिनर दीप्ति शर्मा को हाल ही में अपने शानदार फॉर्म का फल मिला जब आईसीसी महिला वनडे गेंदबाजों की रैंकिंग में वह कैरियर की सर्वश्रेष्ठ दूसरी रैंकिंग पर पहुंच गई। यूएई में आईसीसी महिला टी20 विश्व कप में दीप्ति ने शानदार प्रदर्शन किया। उन्होंने न्यूजीलैंड के खिलाफ 3.42 की इकॉनामी रेट से दो मैचों में तीन विकेट लिये। इंग्लैंड की सोफी एक्सेलेटन वनडे गेंदबाजों की रैंकिंग में शीर्ष पर है। न्यूजीलैंड की ली ताहुहू (तीन पायदान चढकर 12वें स्थान पर), एमेलिया केर (एक पायदान चढकर 13वें) और सोफी डेवाइन (नौ पायदान चढकर 30वें) को भी रैंकिंग में फायदा हुआ है। वनडे बल्लेबाजों की रैंकिंग में डेवाइन (तीन पायदान चढकर आठवें) और केर (एक पायदान चढ़कर 11वें) को भी फायदा हुआ है। भारत की जेमिमा रौड्रिग्स तीन पायदान चढ़कर 30वें स्थान पर पहुंच गई जबकि दीप्ति एक पायदान चढ़कर तीसरे और न्यूजीलैंड की डेवाइन दो पायदान चढ़कर सातवें स्थान पर हैं।

# महाराष्ट्र ने मेघालय को दस विकेट से हराया



औरंगाबाद। महाराष्ट्र ने रणजी ट्रॉफी ग्रुप ए मैच के आखिरी दिन मंगलवार को मेघालय को दस विकेट से हराकर बोनस अंक ले लिया।

जीत के लिये 101 रन का लक्ष्य मुर्तजा ट्रंकवाला और सिद्धेश वीर ने आसानी से हासिल कर लिया। मुर्तजा ने 73 गेंद में नाबाद 78 रन बनाये जबकि सिद्धेश 24 रन बनाकर नाबाद रहे। महाराष्ट्र ने 21.। ओवर में लक्ष्य हासिल कर लिया। इससे पहले मेघालय की टीम दूसरी पारी में 185 रन पर आउट हो गई थी। मेघालय ने पहली पारी में 276 रन बनाये थे जबकि महाराष्ट्र ने 361 रन जवाब में बनाये। इससे पहले सुबह मेघालय ने आठ विकेट पर 157 रन से आगे खेलते हुए बाकी दो बल्लेबाजों के विकेट 28 रन के भीतर गंवा दिये। महाराष्ट्र के बायें हाथ के तेज गेंदबाज मुकेश कुमार ने चार विकेट लिये। अगरतला में मुंबई और त्रिपुरा के बीच मुकाबला ड्रॉ रहा। गत चैम्पियन मुंबई को पहली पारी की बढत के आधार पर तीन अंक मिले। तीसरे दिन सोमवार को दो विकेट सात रन पर गंवाने वाली मुंबई टीम ने दूसरी पारी छह विकेट पर 123 रन पर घोषित करके त्रिपुरा को 272 रन का लक्ष्य दिया। भारतीय बल्लेबाज अजिंक्य रहाणे 90 गेंद में 48 रन बनाकर नाबाद रहे। त्रिपुरा ने आखिरी दिन बिना किसी नुकसान के 48 रन बना लिये थे।

# ऑस्ट्रेलिया के विकेटकीपर बल्लेबाज मैथ्यू वेड ने खेल को कहा अलविदा



मेलबर्न। टी20 विश्व कप 2021 विजेता मैथ्यू वेड ने मंगलवार को अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट को अलविदा कह दिया और अब वह आस्ट्रेलिया के सीमित ओवरों के ढांचे में कोचिंग की भूमिका निभायेंगे।

विकेटकीपर बल्लेबाज वेड पाकिस्तान के खिलाफ आगामी टी20 श्रृंखला में आंद्रे बोरोवेच के कोचिंग स्टाफ में होंगे। वेड ने अपने 13 वर्ष के कैरियर में 36 टेस्ट, 97 वनडे और 92 टी20 मैच खेले हैं। वह आखिरी बार इस साल टी20 विश्व कप खेले थे। वह तस्मानिया के लिये घरेलू क्रिकेट और होबर्ट हरिकेंस के लिये बिग बैश लीग में खेलते रहेंगे। वेड ने क्रिकेट आस्ट्रेलिया द्वारा जारी बयान में कहा, पिछले टी20 विश्व कप में ही मुझे पता था कि मेरा अंतरराष्ट्रीय कैरियर अब खत्म हो रहा है। मैं पिछले छह महीने से जॉर्ज बेली और एंड्रयू मैकडोनाल्ड के संपर्क में हूं। पिछले कुछ साल से मैं कोचिंग के बारे में सोच रहा था। इस मौके के लिये मैं शुक्रगुजार हूं।

उन्होंने कहा कि अब अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से विदा लेते समय मैं आस्ट्रेलियाई टीम में अपने साथियों, स्टाफ और कोचों को धन्यवाद देना चाहता हूं। मैने इस सफर का पूरा मजा लिया है। अपने आसपास इतने अच्छे लोगों के बिना मैं यहां तक नहीं पहुंच पाता। क्रिकेट आस्ट्रेलिया के सीईओ निक हॉकली ने कहा, मैथ्यू को शानदार कैरियर के लिये बधाई। मुझे खुशी है कि अब वह अगली पीढी के क्रिकेटरों को तैयार करने में मदद करेंगे।

# बोपन्ना-एब्डेन ने एटीपी फाइनल्स में जगह बनायी

नयी दिल्ली। भारत के स्टार रोहन बोपन्ना और ऑस्ट्रेलिया के उनके जोड़ीदार मैथ्यू एब्डेन ने सत्रांत होने वाले प्रतिष्ठित एटीपी टेनिस फाइनल्स में जगह बना ली है। नथानील लेमोन्स और जैकसन विथ्रो की जोड़ी के रोलेक्स पेरिस मास्टर्स से बाहर होने के साथ बोपन्ना और एब्डेन ने टूर्नामेंट में जगह बना ली। तूरीन में होने टूर्नामेंट में बोपन्ना और एब्डेन के अलावा वेस्ली कूलहोफ और निकोला निकोला मैकटिक, केविन क्राविट्ज और टिम पुएट्ज, हैरी हेलियोवारा और हेनरी पेटेन, मार्सेलो अरेवालो और मेट पाविच, मार्सेल ग्रेनोलर्स और होरासियो जेबालोस, साइमन बोलेली और आंद्रिया वावासोरी और मैक्स पुर्सेल और जोर्डन थॉम्पसन की पुरुष युगल जोड़ियां हिस्सा लेंगी। एटीपी फाइनल्स का आयोजन इनाल्पी एरेना में 10 से 17 नवंबर तक होगा जिसमें दुनिया की सिर्फ शीर्ष आठ जोड़ियां हिस्सा लेंगी। बोपन्ना और एब्डेन ने सत्र की शानदार शुरुआत करते हुए ऑस्ट्रेलिया ओपन का खिताब जीता था। भारतीय खिलाड़ी इस दौरान 43 साल 331 दिन की उम्र में दुनिया का नंबर एक बनने वाला सबसे उम्रदराज खिलाड़ी बना। बोपन्ना और एब्डेन ने इसके बाद मियामी ओपन का भी खिताब जीता। भारत और ऑस्ट्रेलिया की जोड़ी ने इसके अलावा एडीलेड में फाइनल और रोलां गैरो में सेमीफाइनल में भी जगह बनाई। बोपन्ना और एब्डेन ने लगातार दूसरे साल एटीपी फाइनल्स के लिए क्वालीफाई किया है। ये दोनों 2023 में तूरीन में सेमीफाइनल में पहुंचे थे जहां उन्हें ग्रेनोलर्स और जेबालोस के खिलाफ हार का सामना करना पड़ा था। बोपन्ना की नजरें अपने पहले एटीपी फाइनल्स खिताब पर टिकी हैं। वह इससे पहले 2012 में महेश भूपति और 2015 में फ्लोरिन मर्जिया के साथ मिलकर फाइनल में जगह बना चुके हैं। उन्होंने सबसे पहले 2011 में ऐसा उल हक कुरैशी के साथ मिलकर इस टूर्नामेंट में जगह बनाई थी।

# कंधे की चोट का मजाक उड़ाने के लिए कोहली ने इंस्टाग्राम पर ब्लॉक किया था : मैक्सवेल



मेलबर्न। ऑस्ट्रेलियाई ऑलराउंडर ग्लेन मैक्सवेल ने खुलासा किया है कि विराट कोहली ने उन्हें इंस्टाग्राम पर ब्लॉक कर दिया था क्योंकि 2017 बोर्डर-गावस्कर ट्रॉफी के दौरान कंधे की चोट के बाद उन्होंने भारत के दिग्गज बल्लेबाज का मजाक उड़ाया था। कोहली और मैक्सवेल तब तक अच्छे दोस्त नहीं थे जब तक कि ऑस्ट्रेलियाई खिलाड़ी 2021 में आईपीएल फ्रेंचाइजी रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरू (आरसीबी) से नहीं जुड़ गया। बेंगलुरू की टीम ने उन्हें 14.25 करोड़ रुपये में खरीदा था।

मैक्सवेल ने कहा कि उन्होंने इंस्टाग्राम पर कोहली को फॉलो करने की कोशिश की लेकिन उन्हें पता चला कि उन्हें पूर्व भारतीय कप्तान ने ब्लॉक कर दिया है। मैक्सवेल ने लिस्टएनआर स्पोर्ट पर विलो टॉक पॉडकास्ट के दौरान कहा कि जब मुझे पता चला कि मैं आरसीबी में जा रहा हूं तो विराट मुझे मैसेज करने वाले और टीम में मेरा स्वागत करने वाले पहले व्यक्ति थे। जब मैं आईपीएल से पहले के ट्रेनिंग शिविर के लिए आया तो हमने बातचीत की और साथ में काफी समय ट्रेनिंग में बिताया। उन्होंने कहा कि तो मैं उसे फॉलो करने के लिए उसके सोशल मीडिया पर जाता हूं। इससे पहले मैंने इसके बारे में सोचा भी नहीं था। मेरे दिमाग में कभी यह बात नहीं आई। मैं देखा, मैं उसे नहीं ढूंढ सकता। मैक्सवेल ने कहा कि मुझे यकीन है कि वह कहीं ना कहीं सोशल मीडिया पर है इसलिए मैंने इसके बारे में कुछ नहीं सोचा। ऐसा नहीं है कि शायद वह इंस्टाग्राम के बारे में नहीं जानता था। उन्होंने कहा कि मुझे बिल्कुल समझ में नहीं आया कि वह क्यों नहीं मिल रहा और फिर, किसी ने कहा उसने तुम्हें ब्लॉक कर दिया होगा। यही एकमात्र तरीका है जिससे तुम उसे नहीं ढूंढ़ पाओगे। मैंने सोचा, निश्चित रूप से नहीं। भारत में 2017 टेस्ट श्रृंखला के दौरान कोहली को रांची मैच में क्षेत्ररक्षण के दौरान कंधे में चोट लगी थी। बाद में टेस्ट के दौरान मैक्सवेल ने कोहली की नकल करते हुए अपना दाहिना कंधा पकड़ लिया।

# हर्षित राणा तीसरे टेस्ट से पहले मुंबई में भारतीय टीम से जुड़ेंगे



नयी दिल्ली। रणजी ट्रॉफी के मौजूदा सत्र में दिल्ली की पहली जीत में अहम भूमिका निभाने वाले युवा तेज गेंदबाज हर्षित राणा मुंबई में न्यूजीलैंड के खिलाफ तीसरे टेस्ट से पहले भारतीय टीम में शामिल होंगे।

राणा को पुणे में खेले गये दूसरे टेस्ट से पहले असम के खिलाफ दिल्ली के मैच के लिए रिलीज कर दिया गया था। भारतीय टीम को इस मैच में 113 रन की शिकस्त मिली थी। टीम इसके साथ ही तीन मैचों की श्रृंखला में न्यूजीलैंड से 0-2 से पिछड़ गयी। यह 12 वर्षों में घरेलू मैदान पर टीम की टेस्ट श्रृंखला में पहली हार है। राणा वानखेड़े स्टेडियम में मैच शुरू होने से दो दिन पहले बुधवार को मुंबई में भारतीय टीम में शामिल होंगे। यह स्पष्ट नहीं है कि ड्रेसिंग रूम में उनकी मौजूदगी रिजर्व के तौर पर होगी या टीम के सदस्य के तौर पर। इस 22 साल के गेंदबाज को ऑस्ट्रेलिया में 22 नवंबर से पर्थ में शुरू होने वाले पांच टेस्ट मैचों के लिए मुख्य टीम में चुना गया है। बीसीसीआई के एक सूत्र ने कहा कि हर्षित कल (बुधवार) टीम में शामिल होंगे। भारतीय टीम प्रबंधन ऑस्ट्रेलिया दौरे से पहले तेज गेंदबाजों के कार्यभार पर सावधानीपूर्वक नजर रख रहा है, ऐसे में संभावना है कि इस विभाग के अनुभवी जसप्रीत बुमराह को तीसरे टेस्ट से आराम दिया जाये। अगर ऐसा हुआ तो राणा के पदार्पण की संभावना बढ़ जाएगी। राणा ने असम के खिलाफ पहली पारी में पांच विकेट लिए थे और इसके बाद दूसरी पारी में दो विकेट लिए। दिल्ली ने यह मुकाबला 10 विकेट से जीता था। दिल्ली के मुख्य कोच सरनदीप सिंह ने कहा कि राणा टेस्ट क्रिकेट के लिए तैयार हैं। बीसीसीआई के पूर्व चयनकर्ता सरनदीप ने कहा कि वह टेस्ट क्रिकेट खेलने के लिए तैयार हैं। वह एक सकारात्मक रवैये वाला खिलाड़ी हैं। उसे मैच की परिस्थितियों की अच्छी समझ है और वह शीर्ष स्तर पर चुनौतियों से निपटने के लिए तैयार है। उन्होंने कहा कि उसने दिल्ली के लिए जी जान से गेंदबाजी की और वह हमेशा विकेट की तलाश में रहता है। उसके पास बल्लेबाजी करने की भी क्षमता है। उसमें लंबे स्पैल डालने की क्षमता है। मुझे उम्मीद है कि वह ऑस्ट्रेलिया में वास्तव में अच्छा प्रदर्शन करेगा। राणा ने असम के खिलाफ पहली पारी में 19.3 ओवर में पांच जबकि दूसरी पारी में 11 ओवर में दो विकेट झटके। उन्होंने पहली पारी बल्ले से भी 59 रन का योगदान दिया था। राणा ने पिछले महीने दलीप ट्रॉफी में खेले गए दो मैचों में भी प्रभावित किया था।

# फाइनल तक नहीं पहुंचने का दुख : जूनियर हॉकी टीम कप्तान

बेंगलुरू। भारतीय जूनियर पुरूष हॉकी टीम के कप्तान आमिर अली ने स्वीकार किया कि सुल्तान जोहोर कप के फाइनल के लिये क्वालीफाई नहीं कर पाने से वह दुखी हैं लेकिन कहा कि खाली हाथ लौटने से कांस्य पदक काफी अच्छा है। भारत ने तीसरे और चौथे स्थान के मुकाबले में न्यूजीलैंड को शूटआउट में हराकर मलेशिया के जोहोर बाहरू में हुए जूनियर टूर्नामेंट में कांस्य पदक जीता। अली ने कहा कि गोल औसत के आधार पर फाइनल से बाहर रहने का हमें दुख है लेकिन एक टीम के रूप में हमने तय किया कि पीछे मुड़कर देखने का कोई फायदा नहीं है। हमने कांस्य पदक के मुकाबले पर फोकस करने का फैसला किया और खुद से वादा किया कि हम खाली हाथ नहीं लौट सकते। भारत पूरे टूर्नामेंट में अंकों के आधार पर शीर्ष पर रहा लेकिन आस्ट्रेलिया से 0.4 से हार के बाद गोल औसत में ब्रिटेन से एक गोल से पिछड़कर फाइनल में जगह नहीं बना सका। जूनियर टीम के कोच के तौर पर महान गोलकीपर पी आर श्रीजेश का यह पहला टूर्नामेंट था। अली ने कहाकि हमें श्री भाई (श्रीजेश) से बेहतर मेंटोर नहीं मिल सकता था। वह लगातार हमसे कहते रहे कि मैचों का मजा लो और हमने दबाव लिये बिना खेला। हमने गोल गंवाने के बाद वापसी की और वे मैच जीते भी। अब भारतीय जूनियर टीम की नजरें जूनियर एशिया कप खिताब जीतने पर लगी है जो अगले साल होने वाले एफआईएच जूनियर विश्व कप का क्वालीफाइंग टूर्नामेंट है। जूनियर एशिया कप 26 नवंबर से ओमान में खेला जायेगा।

# ग्रुप डीः दिल्ली ने असम को 10 विकेट से हराया

नयी दिल्ली। गेंदबाजों के उम्दा प्रदर्शन से दिल्ली ने मंगलवार को यहां रणजी ट्रॉफी ग्रुप डी मैच के चौथे और अंतिम दिन असम को 10 विकेट से हराकर सत्र की पहली जीत दर्ज की। पहली पारी में 124 रन से पिछड़ने वाली असम की टीम अंतिम दिन तीन विकेट पर 44 रन से आगे खेलने उतरी और दूसरी पारी में 42 ओवर में 182 रन पर आउट हो गई। अरूण जेटली स्टेडियम में दूसरी पारी में तेज गेंदबाजों ने असम के आठ विकेट चटकाए। सिद्धांत शर्मा ने 24 जबकि मनी ग्रेवाल ने 50 रन देकर तीन-तीन विकेट चटकाए। हर्षित राणा ने भी 61 रन देकर दो विकेट हासिल किए। दिन की शुरुआत में ही असम ने आठ गेंद में सिर्फ एक रन जोड़कर शिवशंकर रॉय (04), भार्गव दत्ता (00) और कप्तान देनिश दास (01) के विकेट गंवा दिए। दास सोमवार को रिटायर्ड हर्ट हो गए थे लेकिन मंगलवार को दोबारा बल्लेबाजी करने उतरे। सातवें नंबर पर बल्लेबाजी करने उतरे सुमित घादीगांवकर (96 गेंद में नाबाद 76 रन) ने एक छोर संभाले रखा लेकिन उन्हें साथी बल्लेबाजों से अपेक्षित सहयोग नहीं मिला। असम ने मंगलवार को 138 रन जोड़कर सात विकेट गंवाए। दिल्ली को 59 रन का लक्ष्य मिला। सलामी बल्लेबाजों सनत सांगवान (नाबाद 34) और गगन वत्स (नाबाद 25) ने 16.1 ओवर में बिना विकेट खोए 62 रन बनाकर दिल्ली को 10 विकेट की जीत दिला दी जिससे टीम को सात अंक मिले। दिल्ली की टीम ग्रुप डी में 11 अंक के साथ तीसरे स्थान पर है।

# शिक्षा, स्वास्थ्य और रोजगार पर सरकार संवेदनशील

## प्रधानमंत्री ने छत्तीसगढ़ के बिलासपुर में सुपर स्पेशियलिटी अस्पताल का उद्घाटन किया

बिलासपुर/रायपुर। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने डिजिटल माध्यम से मंगलवार को छत्तीसगढ़ के बिलासपुर जिले में सुपर स्पेशियलिटी अस्पताल (सिम्स) का उद्घाटन किया और रायपुर में केंद्रीय योग एवं प्राकृतिक चिकित्सा अनुसंधान संस्थान (सीआरआइवाईएन) की आधारशिला रखी।

छत्तीसगढ़ आयुर्विज्ञान संस्थान (सिम्स) बिलासपुर की यह नवनिर्मित सुपर स्पेशियलिटी इकाई 200 करोड़ रुपये की लागत से बनाई गई है तथा इसमें 240 बिस्तरों की सुविधा है। इस अवसर पर मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने कहा कि उनकी सरकार शिक्षा, स्वास्थ्य और रोजगार समेत विकास के सभी आयामों पर पूरी संवेदनशीलता के साथ काम कर रही है। उन्होंने कहा कि उनकी सरकार मोदी की गारंटी (चुनावी वादे) के तहत सभी वादों को पूरा करने के लिए प्रतिबद्ध है। साय ने कहा कि बिलासपुर स्थित मल्टी सुपर स्पेशियलिटी अस्पताल अत्याधुनिक सुविधाओं से लैस है और इससे न केवल बिलासपुर के आसपास के ग्रामीणों को बेहतर इलाज की सुविधा मिलेगी, बल्कि उत्तरी छत्तीसगढ़ के सरगुजा संभाग के मरीज भी इससे लाभान्वित होंगे। अधिकारियों



ने बताया कि 11 मंजिला यह अस्पताल बिलासपुर का सबसे ऊंचा भवन है जिसमें सीटी स्कैन, एमआरआई, डिजिटल एक्स-रे जैसी सुविधाएं उपलब्ध हैं।

उन्होंने कहा 240 बिस्तर वाले इस अस्पताल में गहन चिकित्सा इकाई (आईसीयू) के 70 बिस्तर रहेंगे। इस अस्पताल में आठ मॉड्यूलर ऑपरेशन थिएटर का भी निर्माण किया गया है। फिलहाल इस अस्पताल में न्यूरोलॉजी, न्यूरो सर्जरी, सांस संबंधी रोग और जनरल मेडिसिन सहित चार बाह्य रोगी विभाग प्रारंभ किया जा रहे हैं। ब्लड बैंक और पैथोलॉजी प्रयोगशाला की भी सुविधा मिलेंगी। प्रधानमंत्री मोदी ने इस दौरान राष्ट्रीय आयुर्वेद दिवस पर रायपुर में बनने वाले केंद्रीय योग एवं प्राकृतिक चिकित्सा अनुसंधान संस्थान का शिलान्यास भी किया।

## आयुर्वेद उत्कृष्टता केंद्र का उद्घाटन

बेंगलुरु। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने मंगलवार को यहां भारतीय विज्ञान संस्थान में आयुष मंत्रालय द्वारा प्रायोजित मधुमेह और चयापचय विकारों के लिए आयुर्वेद उत्कृष्टता केंद्र की डिजिटल रूप से शुरुआत की। यह उद्घाटन 29 अक्टूबर को नौवें राष्ट्रीय आयुर्वेद दिवस के अवसर पर किया गया, जिसकी थीम वैश्विक स्वास्थ्य के लिए आयुर्वेद के नवाचार है। आईआईएससी में सीओई का नेतृत्व डॉ. नवकांत भट और डॉ. सोना राजकुमारी कर रहे हैं। सहयोगी संस्थानों से इस सीओई के अतिरिक्त अन्वेषकों में केंद्रीय आयुर्वेद अनुसंधान संस्थान की प्रमुख डॉ. सुलोचना भट, समत्वमः मानव कल्याण के लिए विज्ञान और अनुसंधान न्यास के निदेशक डॉ. एस. श्रीकांत शामिल हैं। अपने लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिए, आयुर्वेद का उत्कृष्टता केंद्र आयुर्वेद, मधुमेह और चिकित्सा अनुसंधान में विशेषज्ञता वाले भारत के अग्रणी संस्थानों के साथ सहयोग करेगा।

# राष्ट्रपति मुर्मू से मिले बाघ अभ्यारण्यों के निकट रहने वाले कलाकार



नयी दिल्ली। देश के कई बाघ अभयारण्यों के निकट रहने वाले कलाकारों के एक समूह ने मंगलवार को यहां राष्ट्रपति भवन में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू से मुलाकात की।

एक आधिकारिक बयान में कहा गया कि राष्ट्रपति ने राष्ट्रपति भवन में अपने प्रवास के दौरान इन कलाकारों द्वारा बनाई गई एक कला प्रदर्शनी का भी अवलोकन किया। मुर्मू ने कला की सराहना की और कहा कि मानव और प्रकृति के बीच शाश्वत संबंध उनकी कला में परिलक्षित होता है। राष्ट्रपति भवन द्वारा जारी बयान के अनुसार, मुर्मू ने जनता से इन कलाकारों की कला की सराहना करने और कलाकृतियां खरीद कर उन्हें प्रोत्साहित करने का आग्रह किया। बयान में कहा गया कि ये कलाकार छत्तीसगढ़, मध्य प्रदेश, महाराष्ट्र, ओडिशा, मिजोरम, तेलंगाना, उत्तराखंड और झारखंड से आए थे। बयान में कहा गया, ये कलाकार सृजन 2024 पहल के तहत 21 अक्टूबर से अब तक राष्ट्रपति भवन में रह रहे हैं। अपने प्रवास के दौरान कलाकारों ने प्राकृतिक रंगों से आदिवासी समकालीन, सौरा, गोंड, वारली और सोहराई आदि कला रूपों को दर्शाते हुए सुंदर कलाकृतियां बनाईं।

### संक्षेप

## आयुष्मान भारत अव्यावहारिक है

नयी दिल्ली। आम आदमी पार्टी (आप) ने मंगलवार को कहा कि पात्रता शर्तों के कारण आयुष्मान भारत योजना का लाभ राष्ट्रीय राजधानी के एक भी नागरिक को नहीं मिलेगा। आप के राज्यसभा सदस्य संजय सिंह की यह टिप्पणी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के उस बयान के चंद घंटे बाद आई है, जिसमें उन्होंने दिल्ली और पश्चिम बंगाल की सरकारों पर राजनीतिक हितों के चलते स्वास्थ्य बीमा योजना लागू करने में विफल रहने का आरोप लगाया है। मोदी ने मंगलवार को कहा कि वह इन दोनों राज्यों में बुजुर्गों के लिए मुफ्त स्वास्थ्य सेवा की स्थिति से निराश हैं। प्रधानमंत्री ने इसे वरिष्ठ नागरिकों की सेवा करने का एक खोया हुआ अवसर करार दिया था। राष्ट्रीय राजधानी स्थित अखिल भारतीय आयुर्वेद संस्थान में एक जनसभा को संबोधित करते हुए मोदी ने कहा कि मैं दिल्ली और पश्चिम बंगाल में 70 वर्ष से अधिक आयु के सभी बुजुर्गों से माफी मांगता हूं।

## ब्राजील का चीन की बीआरआई में शामिल होने से इनकार

बीजिंग। चीन की बेल्ट एंड रोड इनीशिएटिव (बीआरआई) योजना को झटका देते हुए ब्राजील ने बीजिंग की अरबों डॉलर की इस पहल में शामिल नहीं होने का निर्णय लिया है। इस प्रकार वह ब्रिक्स समूह में भारत के बाद दूसरा देश बन गया है, जिसने इस विशाल परियोजना का समर्थन नहीं किया है। ब्राजील के राष्ट्रपति लुला डा सिल्वा के विशेष सलाहकार सेल्सो एमोरिम ने सोमवार को कहा कि ब्राजील बीआरआई में शामिल नहीं होगा, बल्कि चीनी निवेशकों के साथ साझेदारी के वैकल्पिक तरीके खोजेगा। ब्राज़ील चीन के साथ संबंधों को एक नए स्तर पर ले जाना चाहता है, बिना किसी परिग्रहण अनुबंध पर हस्ताक्षर किए।

# सरदार पटेल को भारत रत्न से लंबे समय तक वंचित रखा गया

नयी दिल्ली। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने मंगलवार को कहा कि सरदार वल्लभ भाई पटेल के देश के प्रति महान योगदान को मिटाने और कम करके दिखाने के प्रयास किए गए तथा उन्हें लंबे समय तक भारत रत्न से वंचित रखा गया।

शाह ने पटेल की जयंती से पहले रन फॉर यूनिटी दौड़ को हरी झंडी दिखाते हुए कहा कि यह देश के प्रथम गृह मंत्री की दूरदर्शिता तथा सूझबूझ के कारण ही संभव हो सका कि 550 से अधिक रियासतों का भारत संघ में विलय हुआ और देश एकजुट हुआ। उन्होंने कहा कि सरदार पटेल के प्रयासों से ही लक्षद्वीप, जूनागढ़, हैदराबाद और अन्य सभी रियासतों का भारत में विलय हुआ। शाह ने यहां मेजर ध्यानचंद राष्ट्रीय स्टेडियम में उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि लेकिन देश के लिए सरदार पटेल के महान योगदान को मिटाने और कम करके दिखाने के प्रयास किए गए। उन्हें



भारत रत्न से भी लंबे समय तक वंचित रखा गया। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने केवड़िया में पटेल की सबसे ऊंची प्रतिमा स्थापित की और उन्हें उचित सम्मान दिया तथा उनकी स्मृति को जीवित रखा है। मोदी ने 2018 में गुजरात के केवड़िया में पटेल की 182 मीटर ऊंची प्रतिमा - स्टैच्यू ऑफ यूनिटी - का उद्घाटन किया था। उन्होंने 2013 में उस समय इस परियोजना की आधारशिला रखी थी जब वह गुजरात के मुख्यमंत्री थे। शाह ने कहा कि सरदार पटेल के दृष्टिकोण, विचारों और हर क्षेत्र में संदेश को प्रधानमंत्री मोदी ने मूर्त रूप दिया है। सरदार पटेल को 1950 में उनके निधन के 41 वर्ष बाद 1991 में देश के सर्वोच्च नागरिक सम्मान- भारत रत्न से सम्मानित किया गया था। शाह ने कहा कि देश के लोग अब एकजुट हैं और उन्होंने 2047 तक भारत को पूर्ण विकसित राष्ट्र बनाने के प्रधानमंत्री के सपने को पूरा करने के लिए खुद को समर्पित कर दिया है। प्रधानमंत्री ने सभी देशवासियों के सामने 2047 तक पूर्ण विकसित भारत बनाने का संकल्प रखा है।

# उत्तरी गाजा में इजराइली हमले में कम से कम 60 व्यक्तियों की मौत

दीर अल-बला (गाजा पट्टी)। उत्तरी गाजा पट्टी में विस्थापित फलस्तीनियों के आश्रय वाली पांच मंजिला एक इमारत पर मंगलवार सुबह इजराइली हमले में कम से कम 60 लोगों की मौत हो गई। मरने वालों में ज्यादातर महिलाएं और बच्चे हैं। यह जानकारी गाजा के स्वास्थ्य मंत्रालय ने दी।

एक अलग घटनाक्रम में, लेबनान के आतंकवादी समूह हिजबुल्ला ने कहा कि उसने पिछले महीने इजराइली हवाई हमले में हसन नसरल्ला के मारे जाने के बाद शेख नईम कासिम को अपना नया शीर्ष नेता चुना है। इजराइल को सहायता समूहों से भी कड़ी आलोचना का सामना करना पड़ा, क्योंकि उसकी संसद ने एक ऐसा विधेयक पारित किया है, जो फलस्तीनी शरणार्थियों के लिए



संयुक्त राष्ट्र एजेंसी की फलस्तीनी क्षेत्रों में काम करने की क्षमता को व्यापक रूप से प्रतिबंधित कर सकता है। संयुक्त राष्ट्र राहत एवं कार्य एजेंसी (यूएनआरडब्ल्यूए) के नाम से जानी जाने वाली यह एजेंसी गाजा में सबसे बड़ी सहायता प्रदाता है। हिजबुल्ला ने एक बयान में कहा कि उसकी निर्णय लेने वाली शूरा परिषद ने तीन दशकों से उपनेता कासिम को नया महासचिव चुना है। हिजबुल्ला ने जीत हासिल होने तक नसरल्ला की नीतियों को जारी रखने का संकल्प लिया। कासिम (71) लेबनान पर इजराइल के 1982 के आक्रमण के बाद स्थापित समूह का संस्थापक सदस्य है। 27 सितंबर को नसरल्ला के मारे जाने के बाद से कासित संगठन के कार्यवाहक के रूप में काम कर रहा था। उसने टेलीविज़न पर कई भाषण दिए हैं, जिसमें उसने संकल्प जताया कि झटकों के बावजूद हिजबुल्ला लड़ता रहेगा। सात अक्टूबर, 2023 को गाजा से हमास के अचानक हमले के बाद हिजबुल्ला ने इजराइल पर रॉकेट दागना शुरू कर दिया।




# वायनाड में पुनर्वास कार्यों की उपेक्षा

वायनाड (केरल)। कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाद्रा ने मंगलवार को भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार पर आरोप लगाया कि वह केरल के वायनाड में भूस्खलन प्रभावित क्षेत्रों के लिए धनराशि उपलब्ध नहीं कराकर पुनर्वास कार्यों की उपेक्षा कर रही है।

प्रियंका गांधी वायनाड लोकसभा सीट से उपचुनाव में कांग्रेस की उम्मीदवार हैं। उन्होंने 13 नवंबर को होने वाले मतदान से पहले अपना प्रचार अभियान तेज कर दिया है। उन्होंने कहा कि केंद्र की नरेन्द्र मोदी सरकार का रुख लोगों और राष्ट्र का सम्मान नहीं करने



के उनके भाव को दर्शाता है और यह बात उसके पिछले 10 वर्ष के शासन के दौरान बनाई गई नीतियों से भी स्पष्ट है। कांग्रेस नेता ने यहां ईंगापुझा में एक नुक्कड़ सभा में कहा कि मोदी सरकार की नीतियां हमेशा प्रधानमंत्री के पांच-छह कारोबारी मित्रों के सहयोग के लिए बनाई जाती हैं और जनता को इनसे लाभ नहीं होता। उन्होंने वायनाड में हुए भूस्खलन का जिक्र करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री जिले में आए, प्रभावित स्थानों का दौरा किया, लोगों से मिले और उन्हें हर तरह की मदद का वादा किया, लेकिन केंद्र सरकार ने इसके महीनों बाद भी प्रभावित लोगों के पुनर्वास के लिए कोई धनराशि उपलब्ध नहीं कराई। प्रियंका गांधी ने दावा किया कि केंद्र सरकार ने किसानों के प्रति कोई अपनापन नहीं दिखाया, देश भर में आदिवासी समुदायों के सामने आने वाली चुनौतियों का समाधान करने के लिए कोई कदम नहीं उठाया।

## देश में एकाधिकार बचाओ सिंडिकेट सक्रियः राहुल गांधी

नयी दिल्ली। लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सेबी) से जुड़े मामले का हवाला देते हुए मंगलवार को दावा किया कि देश में एकाधिकार बचाओ सिंडिकेट सक्रिय है जिसके मूल में अदाणी समूह, प्रमुख नियामक संस्थाएं तथा भारतीय जनता पार्टी के बीच की खतरनाक सांठगांठ है। कांग्रेस ने एक बार फिर सेबी प्रमुख माधवी बुच पर हितों के टकराव का आरोप लगाया है। बुच ने अपनी संपत्ति इंडियाबुल्स समूह से जुड़े एक व्यक्ति से संबंधित कंपनी को किराये पर दे दी।







# चीन में जनसांख्यिकी संकट से निपटने को अधिक प्रजनन की सरकार ने की घोषणा

बीजिंग। चीन ने बच्चे पैदा होने पर सब्सिडी देने और अभिभावकों की कर देनदारी में कटौती सहित कई नीतियों को घोषणा की है ताकि दंपतियों को अधिक बच्चे पैदा करने के लिए प्रोत्साहित किया जा सके और जनसांख्यिकी संकट को और गहराने से रोका जा सके।

स्टेट काउंसिल या केंद्रीय मंत्रिमंडल द्वारा सोमवार को जारी निर्देश में प्रसव सहायता सेवाओं को बढ़ाने, बाल देखभाल प्रणालियों का विस्तार करने, शिक्षा, आवास और रोजगार में सहायता को मजबूत करने तथा प्रसव के अनुकूल सामाजिक माहौल बनाने के लिए 13 लक्षित उपायों की रूपरेखा तैयार की गई है। जन्म दर में गिरावट के कारण पिछले वर्ष चीन विश्व का सबसे अधिक जनसंख्या वाला देश के मामले में भारत से पिछड़ गया। सरकारी मीडिया की रिपोर्ट के मुताबिक नवीनतम पहल में प्रसव पर सब्सिडी देने की व्यवस्था में सुधार और प्रसव से संबंधित व्यक्तिगत आयकर राहत भी शामिल है। प्रमुख प्रावधानों में मातृत्व बीमा योजना का लाभ लचीले रोजगार वाले व्यक्तियों और ग्रामीण प्रवासी श्रमिकों को भी प्रदान करना शामिल है,



जो पहले से ही बुनियादी चिकित्सा बीमा योजना का हिस्सा हैं। सरकारी सीजीटीएन की खबर के मुताबिक उपयुक्त प्रसव पीड़ा निवारण और सहायक प्रजनन तकनीक सेवाओं को बीमा प्रतिपूर्ति के लिए पात्र चिकित्सा सेवाओं की सूची में जोड़ा जाएगा। हांगकांग से प्रकाशित साउथ चाइना मॉर्निंग पोस्ट की खबर के मुताबिक नए उपायों पर जनता ने ठंडी प्रतिक्रिया दी है। माइक्रोब्लॉगिंग मंच वेइबो पर एक उपयोगकर्ता ने टिप्पणी की कि ये उपाय ऐसे हैं जैसे कि आप फरारी खरीद रहे हैं, और सरकार आपको 100 युआन का कूपन दे रही है।

Viraj
आर.एन.आई.नं.-यू.पी.-हिन/2006/18901 विराज प्रकाशन प्रा.लि. हेतु मुद्रक एवं प्रकाशक आर.के. अग्रवाल द्वारा एक्सप्रेस हाऊस, 1/5, विशाल खण्ड, गोमती नगर, लखनऊ से मुद्रित एवं प्रकाशित। **कार्यकारी सम्पादक : मनोज कुमार बाजपेयी**
(पी.आर.बी.एक्ट के तहत समाचारों के चयन हेतु उत्तरदायी) समस्त विवाद लखनऊ न्यायालय के अधीन। फोन कार्यालय : 0522-4059441, 4059442, 4059443 : ई-मेल : voiceoflucknow@gmail.com